

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर, शुक्रवार 22 दिसंबर 2023 ■ मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष-10 ■ वर्ष- 39 ■ अंक-263 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 23 दिसंबर 2023 ■ मूल्य 1.00 रु.



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## संक्षेप

### कोरोना के नए वेरिएंट ने छत्तीसगढ़ में भी बढ़ाई चिंता

**रायपुर,22दिसंबर।** कोरोना के नए वेरिएंट ने छत्तीसगढ़ में भी चिंता बढ़ा दी है. मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज सभी जिलों के कलेक्टर, नगरीय निकाय अधिकारी व मुख्य चिकित्सा अधिकारियों की बैठक लेंगे. मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में शाम 4 बजे वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए होने वाली बैठक में कोरोना वायरस के संबंध में समीक्षा बैठक की जाएगी. इसके अलावा कोरोना से निपटने की तैयारियों की भी समीक्षा होगी. केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने पहले ही कोरोना के नए वैरियंट को लेकर गाइडलाइन जारी कर दी है. बता दें कि छत्तीसगढ़ में कोरोना वायरस के नए वेरिएंट जेएन.1 की एंट्री हो चुकी है. बिलासपुर जिले में एक 49 साल का शख्स कोरोना पॉजिटिव पाया गया है. जिसके बाद स्वास्थ्य विभाग ने राज्य में अलर्ट जारी कर दिया है. बिलासपुर के सीएमएचओ राजेश शुक्ला ने बताया कि अब तक 136 लोगों का परीक्षण किया गया है. जिसमें से एक रिपोर्ट पॉजिटिव आई है. मरीज को बीते कुछ समय से खांसी और सर्दी थी. यह जांचने के लिए नमूना एम्स रायपुर भेजा जाएगा कि वेरिएंट नया है या पुराना. मरीज के विदेश यात्रा से वापस लौटने की बात कही जा रही है. बता दें कि देश में पांच सप्ताह से कोरोना संक्रमित मरीजों में जेएन.1 पाया जा रहा है.

### घर बैठना पसंद लेकिन आप के साथ गठबंधन नहीं करेंगे: कांग्रेस

**चंडीगढ़,22 दिसंबर।** लुधियाना के जगराओं की दाना मंडी में राज्य में बिगड़ती कानून व्यवस्था के लिए आप सरकार के खिलाफ विरोध रैली के दौरान पंजाब कांग्रेस के वरिष्ठ नेतृत्व ने घोषणा की कि अगले लोकसभा चुनावों के लिए इंडिया ब्लॉक के तहत आप के साथ कोई भी गठबंधन उन्हें अस्वीकार्य है। हजारों कांग्रेस कार्यकर्ताओं की मौजूदगी वाली रैली में यह घोषणा करने वाले नेताओं में विधायक परगट सिंह, पीपीसीसी के कार्यकारी अध्यक्ष और पूर्व मंत्री भारत भूषण आशु और विपक्ष के नेता प्रताप सिंह बाजवा शामिल थे।

# बृजमोहन,नेताम,केदार,चौधरी,लक्ष्मी,टंकराम,दयालदास बघेल, लखनलाल,श्याम बिहारी जायसवाल बने मंत्री

**विष्णु देव साय कैबिनेट ने लिया आकार**

रायपुर। विष्णुदेव साय मंत्रिमंडल में इस बार नए और पुराने चेहरों के साथ समाज के हर वर्ग को प्रतिनिधित्व दिया गया है. मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उप मुख्यमंत्री द्वय अरुण साव और विजय शर्मा के बाद मंत्रिमंडल में जिन नौ मंत्रियों को शामिल किया गया है. उनमें पूर्व सरपंच से लेकर शिक्षक और आईएएस तक शामिल हैं. इन नौ मंत्रियों में पांच नए चेहरे हैं, वहीं चार पूर्व मंत्रियों को जगह मिली है. आज राजभवन के दरबार हाल में राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने नौ विधायकों को मंत्री पद की शपथ दिलाई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल विधानसभा अध्यक्ष रमन सिंह मौजूद थे।



**राज्यपाल ने दिलाई शपथ**



### आठवीं बार विधायक ,पांचवीं बार मंत्री

रायपुर दक्षिण से विधायक बृजमोहन अग्रवाल आठवी बार के विधायक हैं. वह अविभाजित मध्यप्रदेश में पटवा सरकार में मंत्री रहे, इसके बाद रमन सरकार के तीनों कार्यकाल में मंत्री रहे हैं. इस चुनाव में उन्होंने कांग्रेस प्रत्याशी महंत रामसुंदर दास को रिकार्ड 67,919 मतों के अंतर से हराया. बृजमोहन अग्रवाल अविभाजित मध्य प्रदेश में भी भाजपा सरकार में मंत्री का पद संभाल चुके हैं.



### रामविचार नेताम को फिर मिला मंत्री पद

छठवीं बार विधायक निर्वाचित हुए भाजपा के कद्दावर नेता रामविचार नेताम को विष्णुदेव साय मंत्रिमंडल में स्थान दिया गया है. रामविचार नेताम राज्यसभा के सदस्य और भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष भी रह चुके है. बलरामपुर के ग्राम सनावल निवासी रामविचार नेताम को पार्टी ने रामानुजगंज विधानसभा सीट पर चुनाव मैदान में उतारा था.



### लंबे राजनीतिक अनुभव के धनी

कद्दावार आदिवासी नेता और पूर्व सांसद स्व. बलीराम कश्यप के बेटे केदार कश्यप का जन्म पांच नवंबर 1974 को हुआ था. बस्तर के भानपुरी स्थित ग्राम फरसागुड़ा के रहने वाले केदार कश्यप भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष भी रहे. बस्तर ब्लॉक में जनपद सदस्य रह चुके केदार कश्यप 2003 में पहली बार विधायक निर्वाचित हुए. 2008 में दूसरी एवं 2013 में तीसरी बार विधायक निर्वाचित हुए.



### पूर्व मंत्री दयाल दास को फिर मौका

विष्णुदेव साय मंत्रिमंडल का हिस्सा बने अनुसूचित जाति से जुड़े दयालदास बघेल ने अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत सरपंच के पद से की. दयालदास बघेल वर्ष 2003 में वे नवागढ़ विधानसभा क्षेत्र से पहली बार विधायक निर्वाचित हुए. इसके बाद वर्ष 2008 एवं 2013 में भी विधायक चुने गए. वर्ष 2008 में अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष भी रहे.



### महापौर रह चुके हैं

कोरबा विधानसभा क्षेत्र से दूसरी बार विधायक बने लखनलाल देवांगन पहली बार मंत्री बने हैं. कोरबा के कोहडिया में रहने वाले लखनलाल ने अपनी राजनीतिक सफर की शुरुआत पार्षद पद से की थी. वर्ष 2005 में पहली बार कोरबा नगर निगम के महापौर के रूप में चुने गए थे.



### दूसरी बार निर्वाचित हुए हैं

विष्णुदेव साय मंत्रिमंडल का हिस्सा बने श्याम बिहारी जायसवाल सरगुजा संभाग के मनेन्द्रगढ़ विधानसभा से दूसरी बार विधायक निर्वाचित हुए हैं.

अविभाजित कोरिया जिले में भाजपा के बड़े चेहरे श्याम बिहारी जायसवाल पूर्व में जनपद पंचायत खड़गवां के अध्यक्ष भी रह चुके है.



### विधायक बनते ही मिला मंत्री पद

सरगुजा संभाग और सूरजपुर जिले के भटगांव विधानसभा क्षेत्र से लक्ष्मी राजवाड़े पहली बार विधायक निर्वाचित हुई है, और अब वह मंत्री बनी हैं. सूरजपुर जिले के भैयाथान विकासखंड अंतर्गत ग्राम वीरपुर की लक्ष्मी राजवाड़े पहली बार जनपद सदस्य के पद पर निर्वाचित हुई थीं.



### शिक्षक से अब मंत्री

विष्णुदेव साय मंत्रिमंडल का हिस्सा बने बलौदाबाजार से भाजपा विधायक टंकराम दर्मा ने एलएलबी किया है. टंकराम पिछले 30 वर्षों से सामाजिक व राजनीतिक क्षेत्र में सक्रिय हैं. विधायक बनने से पहले वे बलौदा बाजार जिला ग्रामीण भाजपा अध्यक्ष थे.



### आईएएस के बाद मंत्री बने

चुनाव प्रचार के दौरान गृह मंत्री अमित शाह ने पूर्व आईएएस ओपी चौधरी को बड़ा आदमी बनाने का वादा किया था. विष्णुदेव साय मंत्रिमंडल में स्थान मिलने के साथ शाह का वादा पूरा हो गया है. 2005 बैच के अधिकारी ओपी चौधरी केवल 22 साल में आइएएस बने।

## सुप्रीम कोर्ट ने इस वर्ष निपटाए 52191 मामले

### जम्मू कश्मीर और समलैंगिक विवाह से जुड़े मामले शामिल

**नयी दिल्ली,22 दिसंबर।** उच्चतम न्यायालय ने 2023 में52,191 मामलों का निपटारा किया है, जिनमें पूर्ववर्ती राज्य जम्मू कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 के प्रावधान खत्म करने के केंद्र के फैसले को मंजूरी देने वाली ऐतिहासिक व्यवस्था तथा समलैंगिक विवाहों को कानूनी मान्यता देने से इनकार करना शामिल है। शीर्ष अदालत द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, निपटाए गए मामलों की संख्या पूरे वर्ष के दौरान इसकी रजिस्ट्री में दायर किए गए 49,191 मामलों से 3,000 अधिक रही। न्यायालय की एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है, ''एक और उपलब्धि में, भारत के उच्चतम न्यायालय ने एक जनवरी, 2023 से 15 दिसंबर, 2023 तक 52,191 मामलों का निपटारा किया। इनमें 45,642 विविध मामले और लगभग 6,549 नियमित मामले शामिल हैं।'' विज्ञप्ति में कहा गया है ''वर्ष 2023 में कुल 49,191 मामले पंजीकृत हुए और 52,191 का निपटारा किया गया। इससे पता चलता है कि इस वर्ष उच्चतम न्यायालय ने 2023 के दौरान दर्ज मामलों की तुलना में अधिक मामलों का निपटान किया।

वर्ष 2017 में आईसीएमआईएस (इंटीग्रेटेड केस मैनेजमेंट इंफॉर्मेशन सिस्टम) लागू होने के बाद से, 2023 में सर्वाधिक मामलों का निपटारा किया गया है। विज्ञप्ति में कहा गया है कि भारत के प्रधान न्यायाधीश न्यायमूर्ति डी वाई चंद्रचूड़ ने मामलों को दाखिल करने और सूचीबद्ध करने के लिए आवश्यक समय-सीमा को दुरुस्त किया है। विज्ञप्ति में कहा गया है ''उनके कार्यकाल में, मामलों को सूचीबद्ध करने की प्रक्रिया में उल्लेखनीय बदलाव आया। मामले के सत्यापन के बाद सूचीबद्ध होने तथा दाखिल करने तक का समय 10 दिन से घटाकर सात से पांच दिन कर दिया गया है।'' इसमें कहा गया है ''इसके अतिरिक्त, उच्चतम न्यायालय ने मामलों की अधिक संख्या को देखते हुए विभिन्न कदम उठाए जिससे कानूनी विवादों के समाधान में तेजी आई। मामलों की विशिष्ट श्रेणियों को देखते हुए निपटारे के लिए विशेष पीठों का गठन किया गया, जिससे अधिक विशिष्ट और कुशल न्याय प्रक्रिया को बढ़ावा मिला।

## एलपीजी सिलेंडर के दाम में कटौती

**नई दिल्ली,22 दिसंबर।** एलपीजी सिलेंडर के ग्राहकों को आज सुबह एक अच्छी खबर मिली है. सरकारी तेल विपणन कंपनियों ने कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर के दाम में कटौती की है. इसके बाद 19 किलो वाले कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर के ग्राहकों को अब हर सिलेंडर पर करीब 40-40 रुपये का फायदा होने वाला है. वहीं घरेलू एलपीजी सिलेंडर के मामले में दाम में कोई बदलाव नहीं किया गया है. अपडेट के अनुसार, सरकारी तेल विपणन कंपनियों यानी ओएमसी ने 19 किलो वाले एलपीजी सिलेंडर के दाम में 39.50 रुपये प्रति सिलेंडर की दर से कटौती की है. तेल विपणन कंपनियों ने बताया है कि कमर्शियल सिलेंडर की नई कीमतें आज यानी 22 दिसंबर से प्रभावी हो गई हैं.

## उदंती सीतानदी अभयारण्य में कब्जाधारियों को नोटिस

**गरियाबंद,22 दिसंबर।** उदंती सीतानदी अभयारण में अतिक्रमणकारियों पर एक और बड़ी बेदखली की कार्रवाई की तैयारी हो गई है. उपनिदेशक वरुण जैन ने बताया कि अभयारण्य के बफर जोन में आने वाले तौरेंगा रेंज के टांगरान जंगल में 29 अतिक्रमणकारियों को बेदखली करने की कार्रवाई 3 जनवरी को किया जाना है. इसमें 25 ओडिशा नवरंगपुर जिले के रहवासी हैं. इनके खिलाफ जून में ही नोटिस जारी किया गया था. आरोपी कार्रवाई को अवैध बताते हुए न्यायालय के शरण तक भी गए. न्यायालय के निर्देश के बाद विभाग के आला अफसरों ने सुनवाई किया. 4 महीने की सुनवाई के बाद अभ्यारण्य प्रशासन ने कार्रवाई को जायज बताया गया. 13 दिसंबर को विभाग के उप सचिव द्वारा कार्रवाई को यथावत रखने के निर्देश दिए गए हैं.अभ्यारण प्रशासन की कार्रवाई को आरोपियों ने चुनौती



देने अपने कब्जा को वैध बताया था. अपने दावा में 2005 से पहले काबिज और फर्जी तरीके से पाए गए वन अधिकार पट्टे का हवाला दिया था. सुनवाई के दौरान विभाग ने इसरो द्वारा जारी उस सेटलाइट इमेजरी को पेश किया जिसमें काबिज वाले स्थानों पर 2008 से लेकर 2011 तक जंगल नजर आ रहे थे.विभाग ने 2015 के बाद किए गए उस कार्रवाई का भी हवाला दिया जिसमें ताजा अतिक्रमण का सबूत मिटाने आरोपियों ने 265 पेड़ और 105 ठूठ को जलाने का प्रयास किया था. जून महीने में वन अमला इचरादि में काबिज लोगों को बेदखल करने पहुंचा तो वहां के लोगों को टांगरान के अतिक्रमणकारियों ने भड़काकर वन अमले पर हमला करवाया था. इस हमले में कुछ कर्मी घायल हुए थे. सरकारी गाड़ी में भी टूट फूट हुई थी. आरोपियों का मकसद टांगरान पर होने वाली कार्रवाई को रोकना था. लेकिन उपनिदेशक वरुण जैन के ठोस इरादे के आगे इचरादी में विभाग पर भय बनाने की कोशिश नाकाम साबित हुई थी. कई राजनीतिक दबाव के बावजूद वरुण जैन बेदखली अभियान को जारी रखे हुए हैं. जनवरी में धमतरी के घोरा गांव को खाली कराने के बाद इंदागांव और तौरेंग रेंज में कार्रवाई जारी है. मई और जून महीने में सोरनामाल, गोहरामाल और इचरादी में 250 से ज्यादा अतिक्रमणकारियों को अभ्यारण्य के 600 हेक्टेयर जमीन से बेदखल किया.

## प्रेस और पत्र-पत्रिका पंजीकरण विधेयक लोकसभा में पारित

**दिल्ली,22 दिसंबर।** एक ऐतिहासिक निर्णय के तहत लोकसभा ने आज प्रेस और पुस्तक पंजीकरण अधिनियम, 1867 के औपनिवेशिक युग के कानून को निरस्त करते हुए प्रेस एवं पत्र-पत्रिका पंजीकरण विधेयक, 2023 पारित कर दिया। यह विधेयक पहले ही मानसून सत्र में राज्यसभा में पारित हो चुका है। 'प्रेस एवं पत्र-पत्रिका पंजीकरण विधेयक, 2023' के नए कानून में प्रत्यक्ष रूप से बिना किसी बाधा के ऑनलाइन प्रणाली के जरिए पत्र-पत्रिकाओं के शीर्षक आवंटन और पंजीकरण की प्रक्रिया को सरल एवं समकालिक बना दिया गया है। इससे प्रेस रजिस्ट्रार जनरल को इस प्रक्रिया को काफी तेज करने में मदद मिलेगी, जिससे यह सुनिश्चित होगा कि प्रकाशकों, विशेषकर छोटे और मध्यम प्रकाशकों को अपना प्रकाशन शुरू करने में किसी कठिनाई का सामना नहीं करना पड़ेगा। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि प्रकाशकों को अब जिला मजिस्ट्रेटों या स्थानीय अधिकारियों के पास संबंधित घोषणा को प्रस्तुत करने और इस तरह की घोषणाओं को प्रमाणित कराने की आवश्यकता नहीं होगी। इसके अलावा, प्रिंटिंग प्रेसों को भी इस तरह की कोई घोषणा प्रस्तुत करने की आवश्यकता नहीं होगी; इसके बजाय केवल एक सूचना ही पर्याप्त होगी। वर्तमान में इस पूरी प्रक्रिया में 8 चरण शामिल थे और इसमें काफी समय लगता था।

लोकसभा में विधेयक पेश करते हुए सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा, यह विधेयक, गुलामी की मानसिकता को खत्म करने एवं नए भारत के लिए नए कानून लाने की दिशा में मोदी सरकार के एक और कदम को प्रतिबिंबित करता है। मंत्री महोदय ने आगे कहा कि नए कानूनों के माध्यम से अपराध को समाप्त करना तथा व्यवसाय करने में आसानी व जीवन यापन में आसानी में सुधार करना सरकार की प्राथमिकता रही है और तदनुसार, औपनिवेशिक युग के कानून को काफी हद तक अपराधमुक्त करने के प्रयास किए गए हैं। कुछ उल्लंघनों के लिए पहले की तरह अपराध सिद्ध करने के बजाय वित्तीय दंड का प्रस्ताव किया गया है। इसके अलावा, भारतीय प्रेस परिषद के अध्यक्ष की अध्यक्षता में एक विश्वसनीय अपीलीय व्यवस्था का प्रावधान किया गया है। व्यवसाय करने में आसानी के पहलू पर जोर देते हुए, श्री ठाकुर ने कहा कि स्वामित्व पंजीकरण प्रक्रिया, जिसमें कभी-कभी 2-3 साल लग जाते थे, अब 60 दिनों में पूरी की जाएगी। 1867 का कानून ब्रिटिश राज की विरासत थी, जिसका उद्देश्य प्रेस एवं समाचार पत्रों और पुस्तकों के मुद्रकों और प्रकाशकों पर पूर्ण नियंत्रण रखना था, साथ ही विभिन्न उल्लंघनों के लिए कारावास सहित भारी जुर्माना और दंड भी देना था। यह महसूस किया गया कि आज के स्वतंत्र प्रेस युग और मीडिया की स्वतंत्रता को बनाए रखने की सरकार की प्रतिबद्धता में, यह पुराना कानून वर्तमान मीडिया के परिदृश्य से पूरी तरह से मेल नहीं खाता है।

## जब संसद में घुसे लड़के, बीजेपी सांसदों की हवा निकल गई थी : राहुल गांधी

**नई दिल्ली,22 दिसंबर।** संसद का शीत सत्र के खत्म हो गया है लेकिन सांसदों के निलंबन पर घमासान जारी है. इस बीच आज विपक्षी INDIA गठबंधन आज देशभर में प्रदर्शन कर रहा है. मुख्य प्रदर्शन राजधानी दिल्ली के जंतर-मंतर पर किया गया जहां तमाम विपक्षी दलों के नेता एकत्र हुए और जमकर सरकार पर हमला बोला. इस दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने केंद्र सरकार पर तीखा हमला किया और कहा कि आज देश में बोलने की आजादी खत्म हो रही है और युवा बेरोजगार होते जा रहे हैं. राहुल गांधी ने संसद में हुई सुरक्षा चूक का मुद्दा उठाते हुए कहा, सवाल सिक्योरिटी ब्रीच का तो है लेकिन सवाल ये भी है कि उन युवाओं ने ये प्रोटेस्ट क्यों किया उसका कारण है बेरोजगारी, देश में भयंकर बेरोजगारी है और युवा आज रोजगार नहीं पा सकता है. मैंने किसी से कहा कि एक काम करो, एक छोटा सा सर्वे करो, किसी भी शहर में चले जाओ और पता करो कि हिंदुस्तान के जो युवा हैं



वो मोबाइल पर दिन में कितना घंटा बिताते हैं. वो भी छोटे शहर में पता कराया, मैं हैरान रह गया कि साढ़े सात घंटे युवा एक दिन में फेसबुक, इंस्टाग्राम, ट्विटर, मेल पर यानि सेलफोन पर रहता है. यानि मोदी सरकार में हिंदुस्तान का युवा साढ़े सात घंटे फोन पर रहता है, क्योंकि मोदी जी ने उसे रोजगार नहीं दिया. जो सिक्योरिटी ब्रीच हुआ संसद में वो इसी वजह से हुआ क्योंकि युवाओं को रोजगार नहीं मिला और वह कूदकर संसद में आ गए. सांसदों के निलंबन का जिक्र करते हुए राहुल गांधी ने कहा, कुछ दिन पहले संसद भवन में दो-तीन युवा कूदकर अंदर आ गए. उन्हें कूदते हुए हम सबने देखा. वे अंदर आए, उन्होंने थोड़ा धुआं फैलाया, भाजपा के सभी सांसद भाग गए... जो अपने आप को देश भक्त कहते हैं उनकी हवा निकल गई थी.. वे अंदर कैसे आए संसद के अंदर वे गैस का सिलेंडर ले आए... उन्होंने ये विरोध क्यों किया उसका कारण क्या था बेरोज़गारी !... इस देश का युवा आज रोजगार नहीं पा सकता है. अमित शाह से सवाल से पूछा कि आप गृह मंत्री हैं ये दो युवा संसद में कैसे आ गए तो उन्होंने जवाब नहीं दिया बल्कि 150 सांसदों को बाहर कर दिया.राहुल ने आगे कहा, हर सांसद लाखों वोट लेकर आता है. आपने केवल 150 लोगों का अपमान हीं किया बल्कि हिंदुस्तान की 60 फीसदी जनता का मुंह बंद किया. आप सोचते हैं कि आप जनता को डरा देंगे. आप अग्निवीर योजना लाए और युवाओं से आपने देशभक्ति की फीलिंग छीनी.

## एक नजर

### दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार



**भिलाई 22 दिसंबर।** वैशाली नगर थाना क्षेत्र की एक किशोरी को अगवा कर उससे दुष्कर्म करने वाले आरोपित को पुलिस ने बिहार के समस्तीपुर जिला से गिरफ्तार किया है। पीड़िता को भगाकर आरोपित अपनी नानी के घर ले गया था और वहां पर उससे दुष्कर्म किया आरोपित का लोकेशन मिलने के बाद पुलिस की टीम बिहार गई थी और वहां से पीड़िता को बरामद किया गया था लेकिन आरोपित फरार हो गया था उसके बारे में फिर से जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने आरोपित को अब गिरफ्तार किया है वैशाली नगर टीआई ममता अली शर्मा ने बताया कि 31 मार्च 2022 को वैशाली नगर थाना क्षेत्र में रहने वाले शिकायतकर्ता ने अपनी बेटी के लापता होने की शिकायत की थी नाबालिग होने के कारण पुलिस ने अपहरण की आशंका की धारा के तहत प्राथमिकी की और मामले की जांच शुरू की पुलिस को पता चला कि मोहम्मद सलीम नाम का आरोपित किशोरी को अगवा कर ले गया है पुलिस को जानकारी मिली कि आरोपित ने पीड़िता को अपनी नानी के घर ग्राम उजियारपुर जिला समस्तीपुर बिहार में रखा है। इस पर पुलिस की टीम 11 मई 2022 को बिहार गई और पीड़िता को वहां से बरामद किया था लेकिन आरोपित मोहम्मद सलीम फरार हो गया था पीड़िता के बयान के आधार पर आरोपित के खिलाफ दुष्कर्म और पाक्सो एक्ट की धारा अलग से जोड़ी गई थी करीब डेढ़ साल बाद पुलिस को जानकारी मिली कि आरोपित फिर से बिहार गया हुआ है। इस पर पुलिस की टीम बिहार गई और आरोपित को गिरफ्तार किया आरोपित के खिलाफ अपहरण दुष्कर्म और पाक्सो एक्ट की धाराओं के तहत कार्रवाई कर उसे जेल भेजा गया है

### स्वच्छता के प्रति जागरूक करने मिशन क्लीन टॉयलेट कैंपेन

**भिलाई, 22 दिसंबर।** नगर पालिक निगम भिलाई की स्वच्छता टीम द्वारा निकाय क्षेत्र के सार्वजनिक और सामुदायिक शौचालयों की विशेष सफाई की जा रही है, साथ नागरिकों को शौचालय में स्वच्छता बनाए रखने जागरूक भी किया जा रहा है। आवास एवं शहरी विकास मंत्रालय भारत सरकार एवं राज्य शहरी विकास अभिकरण छत्तीसगढ़ द्वारा राज्य के समस्त नगरीय निकायों में स्वच्छ भारत मिशन के तहत विश्व शौचालय सप्ताह मनाया जा रहा है। निगम भिलाई में 25 दिसम्बर तक चलने वाले क्लीन टॉयलेट कैंपेन में समाज के सभी वर्ग को स्वच्छता कैंपेन से जोड़ा जाना है इसी के तहत गुरूवार को स्कूल के विद्यार्थियों को सार्वजनिक शौचालयों की व्यवस्था,सफाई, हैण्डवॉश एवं फीडबैक की जानकारी दी गई। सभी सार्वजनिक और सामुदायिक शौचालयों पहले से और बेहतर बनाने के लिए कार्य किये जा रहे है। सार्वजनिक शौचालयों में बिजली, पानी व सफाई जैसी मूलभूत सुविधाओं को बढ़ाने पर कार्ययोजना भी तैयार किया जा रहा है। निगम आयुक्त रोहित व्यास के निर्देश पर निगम क्षेत्र के नागरिकों को क्लीन टायॅलेट कैंपेन अभियान में जुड़कर क्षेत्र में स्थित सार्वजनिक शौचालय की सफाई एवं रखरखाव में सहयोग हेतु अपील की जा रही है। अभियान के दौरान स्व सहायता समूह एवं स्कूली बच्चों को शौचालय का भ्रमण भी करवाया गया। निगम के स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों ने स्कूली बच्चों को घर या सार्वजनिक शौचालय के उपयोग कर साफ-सफाई और रखरखाव हेतु जागरूक भी किये।

### एसपीएसबी अंतर इस्पात संयंत्र शतरंज प्रतियोगिता प्रारंभ



**भिलाई, 22 दिसंबर।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा तीन दिवसीय एसपीएसबी अंतर इस्पात संयंत्र शतरंज प्रतियोगिता का उद्घाटन 21 दिसम्बर को भिलाई निवास के सभागार में, कार्यपालक निदेशक पवन कुमार के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। उक्त अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में सेल निगमित कार्यालय, नई दिल्ली से चीफ ऑफ कॉर्पोरेट अफेयर्स चिन्मय समाजद्दार, वाईस प्रेसिडेंट (एसपीएसबी) एवं मुख्य महाप्रबंधक संदीप माथुर, अध्यक्ष ओए और बीएसपी शतरंज क्लब नरेन्द्र कुमार बंछोर, महाप्रबंधक एस के सोनी, महाप्रबंधक एस शेखर, महाप्रबंधक (जनसंपर्क) प्रशांत तिवारी, उप-महाप्रबंधक सौमिक डे, उप महाप्रबंधक एस आर जाखड़, जनरल सेक्रेटरी ओए परविंदर सिंह सहित सहायक प्रबंधक अभिजीत भौमिक, सहायक महाप्रबंधक अलंकार भिवगडे, अंर्तराष्ट्रीय फिडे निर्णायक अनिश अंसारी,मिथलेश बाजपेयी एवं बीएसपी के एससीसीए विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण एवं कार्मिकगण उपस्थित थे।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा का वैशालीनगर विधानसभा से आगाज

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 22 दिसंबर।** विधायक वैशाली नगर रिकेश सेन ने केंद्र सरकार की जन उपयोगी योजनाओं को वैशाली नगर क्षेत्र में घर-घर पहुंचाने के लिए विशेष अभियान का आगाज कर दिया है। सेन ने बताया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा की वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्र में कल से शुरूआत होने जा रही है जिसमें केंद्र सरकार की सभी जनोपयोगी योजनाओं के शिविर लगाए जायेंगे। इस शिविर में शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास और श्रम विभाग का स्टाल भी होगा जिसमें विभाग संबंधी सभी जानकारियां देते हुए योजनाओं का लाभ लेने पात्र हितग्राहियों के आवेदन लेकर उनका निराकरण किया जाएगा। विधायक रिकेश सेन ने बताया कि




विकसित भारत संकल्प यात्रा के डिजिटल वाहन का 13 दिवसीय पड़ाव के तहत भिलाई निगम क्षेत्र के 26 स्थलों पर शिविर कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है, जिसमें केन्द्र सरकार के जनोन्मुखी योजनाओं से लोगों को लाभान्वित किये जाने स्थल पर फार्म ही भरवाया जाना है तथा लाभ प्राप्त किये हितग्राहियों को मेरी कहानी मेरी जुबानी लघु फिल्म का प्रदर्शन भी किया जाएगा। वैशाली नगर विधानसभा में 22 दिसम्बर शुक्रवार को प्रातः 9 बजे वार्ड-1 खम्हरिया से प्रारंभ होने वाले विकसित भारत संकल्प यात्रा में प्रति दिवस दो पाली में अलग-अलग वार्ड में कार्यक्रम आयोजित कर निगम के सम्पूर्ण 70 वार्ड में यह यात्रा 3 जनवरी 2024 को संपन्न होगी। सेन ने बताया कि शिविर स्थल पर प्रधानमंत्री आवास, स्व-निधि, विश्वकर्मा, उज्जवला योजना, आयुष्मान कार्ड, गुमास्ता, विवाह, जन्म प्रमाण पत्र, आधार अपडेशन सहित अन्य विभाग के स्टाल लगाये जायेंगे।

# कांग्रेस के क्राउड फंडिंग में दान के लिए विधायक देवेंद्र ने लोगों से की अपील

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 22 दिसम्बर।** कांग्रेस पार्टी द्वारा भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के 138 वें वर्षगांठ पर क्राउड फंडिंग की मुहिम की शुरुआत की है। इससे जुड़ते हुए भिलाई विधायक देवेंद्र यादव ने 13800/- की धनराशि डोनेट फॉर नेशन की मुहिम अंतर्गत जमा की है। विधायक देवेंद्र यादव ने कहा कि देश की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक पार्टी जोकि आजादी से लेकर आज तक भारत के लोकतंत्र को मजबूत करने और देश की संप्रभुता अखंडता को बनाए रखने काम करते आई है। यह पहल 1920-21 में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के ऐतिहासिक तिलक स्वराज फंड से प्रेरित है और इसका उद्देश्य समान संसाधन वितरण और अवसरों से समृद्ध भारत बनाने में हमारी पार्टी को सशक्त बनाना है। एक अच्छी पहल कांग्रेस द्वारा की गई है जिसमें देश भर से आम जन मानस हिस्सा ले रहे हैं। कांग्रेस मेरी मातृ संगठन है जिसने



मुझे पहचान दी है मैनें भी अपना कर्तव्य का निर्वहन करते हुए कुछ धनराशि अपनी तरफ से डोनेट फॉर नेशन मुहिम में जमा की है। इस मुहिम को आगे बढ़ाते हुए भिलाई नगर विधानसभा अंतर्गत सभी आम जन मानस के बीच कांग्रेसी जन पहुंचकर अपनी स्वेच्छा अनुरूप दान करने प्रोत्साहित करेंगे और क्राउड फंडिंग में अपनी सहभागिता दर्ज करेंगे। कांग्रेस पार्टी के 138 वर्ष पूरे होने पर कांग्रेस पार्टी देशवासियों से 138 रुपये के गुणक (जैसे, 138 रुपये, 1,380 रुपये, 13,800 रुपये, या अधिक) दान करने के लिए अनुरोध करती है, ताकि कांग्रेस पार्टी एक बेहतर भारत के लिए काम कर सके। कांग्रेस ने इस ऑनलाइन क्राउडफंडिंग के लिए दो चैनल बनाए हैं। इनमें एक समर्पित ऑनलाइन पोर्टल और आधिकारिक भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस वेबसाइट शामिल हैं। कांग्रेस के स्थापना दिवस 28 दिसंबर तक यह ऑनलाइन होगा, जिसके बाद इसे जमीनी अभियान की तरह शुरू किया जाएगा।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी का पुतला जलाया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा 22 दिसंबर।** लोकसभा एवं राज्यसभा में असंसदीय व्यवहार करने पर विपक्ष के सांसदों को निलंबित किया गया था । निलंबन के दौरान लोकसभा भवन परिसर में प्रोटेस्ट कर रहे विपक्षी सांसदों में मौजूद टीएमसी के सांसद कल्याण बैनर्जी ने अशोभनीय व्यवहार प्रदर्शित करते हुए उप राष्ट्रपति एवं सभापति जगदीप धनकड़ का मिमिक्री कर उनका मजाक बना रहे थे । इस दरम्यान काँग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष रह चुके राहुल गाँधी भी उनका वीडियो बनाते हुए इस अशोभनीय व्यवहार का लुफ्त उठा रहे थे । न्यूज चैनलों में फुटेज जारी होने के बाद देश भर में विपक्षी सांसदों की निंदा हो रही है । इसी तारतम्य में भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के नेतृत्व में कवर्धा स्थानीय सिग्नल चौक में राहुल गाँधी का पुतला दहन किया गया । इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष अशोक साहू ने कहा मोदी जी के प्रधानमंत्री बनने के बाद मुद्दा विहीन हो चुकी विपक्ष अब स्तर हीन कृत्य करने लगे है । यह लोकतांत्रिक मूल्यों के हनन के साथ



उपराष्ट्रपति जैसे संविधानिक पदों का भी अपमान है । इस तरह प्रदर्शन कर विपक्ष और उनके सरगना राहुल गाँधी देश को अपमानित करने का कार्य कर रहे है इस कृत्य का जितना भी निंदा किया जाए कम है । ऐसे अशोभनीय प्रदर्शन पर विपक्ष के सांसदों का सदस्यता आजीवन समाप्त कर दिया जाना । इस अवसर पर जिला भाजपा महामंत्री संतोष पटेल उपाध्यक्ष जसविंदर बग्गा ,किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष भुवनेश्वर चंद्रकार, मंडल अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी,पन्ना लाल चंद्रवंशी,निर्मल द्विवेदी ,राजा टाटिया,श्रीकान्त उपाध्याय,जसवंत छाबड़ा,सचिन गुप्ता,रामविलास चंद्रवंशी, दुर्गेश अवस्थी, सौरभ सिंह, अजय ठाकुर,सचिन अग्रवाल, हर्ष खुराना,यश भट्ट सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे ।

## समाचार संक्षेप

### अयोध्या से लाए अक्षत कलश की शोभा यात्रा निकाली



**भिलाई 22 दिसंबर।**आज दोपहर मे जामुल नगर वार्ड 2 वार्ड 3 एवं 4 समस्त राम भक्तों के साथ अयोध्या से लाए अक्षत कलश को लाने रावण भाटा हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना करने के बाद शोभा यात्रा सहित दुर्गा मंदिर एवं शिव मंदिर पुरैना तलाब पूजा-अर्चना कर रखा गया जिसमें पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष रेखराम बंछोर प्रशांत गुप्ता ओमप्रकाश साहू गोवर्धन साहू कमोद पांडेय गायत्री निषाद मधु पांडेय हेमलता साहू कलीराम साहू राम अवतार देवांगन एवं समस्या नगर वासी शामिल हुए।

### अवैध शराब बेचते दो युवक गिरफ्तार





**भिलाई 22 दिसंबर।** अवैध शराब बेचते हुए दो युवकों को सुपेला पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 61 पौवा देशी शराब एवं वाहन बरामद किया है भिलाईनगर सीएसपी विश्वदीप त्रिपाठी ने बताया कि बीती रात मुखबीर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति डेरा बस्ती मंच के पास फरीद नगर के पास शराब बिक्री कर रहा है। सूचना मिलते ही सुपेला पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और संदेही को घेराबंदी का पकड़ा गया संदेही से नाम पता पूछने पर अपना नाम देवेन्द्र नेताम डेरा बस्ती फरीद नगर का रहने वाला बताया उसके कब्जे से 31 पौवा देशी प्लेन मदिरा जब्त किया इसी तरह से मुखबीर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति गदा चौक के पास अपनी स्कूटी मेंअवैध रूप से शराब बिक्री कर रहा है सूचना मिलते ही सुपेला पुलिस मौके पर पहुंचकर मनकू उईके डेरा बस्ती फरीद नगर को पकड़ा उसके कब्जे से 30 पौवा देशी प्लेन मदिरा एवं स्कूटी जब्त कर दोनों को गिरफ्तार कर लिया है।

### वनभूमि का डायवर्सन एवं उसकी प्रक्रिया को प्राथमिकता में शीघ्र पूरा करने के निर्देश

**कवर्धा 22 दिसंबर।** जल संसाधन संभाग, कवर्धा अंतर्गत प्रस्तावित सिंचाई योजनाओं का सचिव, जल संसाधन विभाग, पर्यटन एवं संस्कृति, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग अन्बलगन पी., प्रमुख अभियंता आई.जे. उइके,



मुख्य अभियंता मुकेश कुमार संतोषी, अधीक्षण अभियंता, डी.के. भगोरिया कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन संभाग एन.के. चौहान द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण दल द्वारा बुधवार सबेरे 09 बजे से सुतियापाट नहर विस्तारीकरण कार्य के लिए सुतियापाट मध्यम जलाशय परियोजना पहुंचकर जल की उपलब्धता एवं उपयोग पर चर्चा किया गया। जिसमें रबी फसल के लिए कृषकों को प्रोत्साहित करने के लिए विशेष जोर दिया गया तथा नहर विस्तारीकरण स्थल का परीक्षण किया गया। तद्उपरांत प्रस्तावित जगमड़वा जलाशय योजना, बड़ौदाखुर्द जलाशय योजना स्थल का दौरा कर स्थल की समस्त जानकारी सचिव द्वारा ली गई। जिसमें मुख्य रूप से भू-अर्जन प्रकरण, वनभूमि का डायवर्सन एवं उसकी प्रक्रियाओं पर हो रहे विलम्ब पर कार्यो को प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध तरीके से निराकरण के लिए कार्य ऐजेसिंयों को निर्धारित मापदण्ड पर कार्य करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए एवं योजनाओं की सम्पूर्ण जानकारी अधीक्षण अभियंता एवं कार्यपालन अभियंता द्वारा दी गई। निरीक्षण दल द्वारा करियाआमा जलाशय योजना एवं बहेराखार मध्यम जलाशय परियोजना का निरीक्षण किया गया। जिसमें विशेष रूप से बहेराखार मध्यम परियोजना के अंतर्गत पर्यटन को बढ़ावा देने के लिये हर संभव संभावनाओं के आधार पर कार्य करने के लिए आदेशित किया गया। निरीक्षण के दौरान अनुविभागीय अधिकारी सुतियापाट परियोजना उपसंभाग क्र. 03 सहसपुर लोहारा, अनुविभागीय अधिकारी कर्रानाला बैराज उपसंभाग सहसपुर लोहारा, अनुविभागीय अधिकारी जल संसाधन उपसंभाग क्र. 02 कवर्धा एवं सर्व संबंधित अधिकारीगण उपस्थित थे।

# पूर्वी क्षेत्र अंतर विवि तैराकी स्पर्धा के लिए हेमचंद यादव विवि टीम चयनित



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई 22 दिसंबर।** भुवनेश्वर ,ओडिशा में आयोजित 3 दिवसीय पूर्वी क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालयीन तैराकी स्पर्धा में फ्लोटिंग विंग्स स्विमिंग एकेडमी के 9 तैराक हेमचंद यादव विश्वविद्यालय की टीम में चयनित होकर भुवनेश्वर रवाना हुए । कलिंगा यूनिवर्सिटी द्वारा 21 दिसंबर से 23 दिसंबर तक आयोजित तैराकी स्पर्धा में भाग लेने के लिए टीम में शामिल फ्लोटिंग विंग्स के तैराक दिलेश्वरी ओझा , धनु ओझा ,हिना ओझा , राजीव ओझा , भूमिका ओझा ,सुधा ओझा , दामनी ,हर्ष ,एवम ईश्वर ओझा शामिल हैं। इन सभी तैराकों को रवानगी के पहले विश्वविद्यालय द्वारा 5 दिवसीय प्रशिक्षण दिया वहीं फ्लोटिंग विंग्स स्विमिंग एकेडमी के कोच ( गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड होल्डर ) ओम कुमार ओझा प्रतिदिन सभी तैराकों को नियमित प्रशिक्षण देते हैं ,तैराकी के अनेक गुर एवम बारीकियों के साथ प्रशिक्षित करते हैं । ओम कुमार ओझा ने बताया कि सभी तैराक अपने तैराकी का श्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 30 विभिन्न इवेंट्स में भाग लेंगे । भुवनेश्वर रवानगी के पूर्व रमेश श्रीवास्तव के मुख्य आतिथ्य में संक्षिप्त शुभकामना समारोह आयोजित किया गया इस अवसर पर तुलसी साहू , मदन सेन ,मुकेश कुमार चौहान ,जितेंद्र निषाद ,ओमकुमार ओझा , डॉ विश्वनाथ पाणिग्राही , निशा ओझा , निखिल ,वीना ,ईशा सहित ग्रामवासियों एवम फ्लोटिंग विंग्स से जुड़े लोगों ने बधाई एवम शुभकामना देकर रवाना किया ।

### पीएम आवास योजना के तहत आवास मिलने से जिले में खुशी की लहर

**कवर्धा 22 दिसंबर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में आयोजित केबिनेट की पहली बैठक में राज्य के 18 लाख से अधिक जरूरतमंद गरीब परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया है, जिससे कबीरधाम जिले के हितग्राहियों में खुशी की लहर है।विकसित संकल्प भारत अभियान के तहत ग्राम पंचायत बंदौरा के ग्रामीण रम्मन ने बताया कि उनके परिवार में चार सदस्य है और वे वर्तमान में पुराने एवं कच्चे मकान में निवास करते हैं। परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने के कारण वे पक्का मकान नहीं बना पा रहें है। ऐसे में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने 18 लाख गरीब परीवारों को आवास देने का निर्णय लिया है, जिससे वे बहुत उत्साहित है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना से उन्हें पक्का मकान का सपना पूरा होगा। जिससे आर्थिक बोझ कम होगा और बरसात के दिनो में होने वाली दिक्कतों से भी छुटकारा भी मिलेगा। रम्मन ने इस निर्णय पर खुशी जताते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और जिला प्रशासन के प्रति अभार प्रकट किया है।



# शब्द साधक आचार्य सरयू कान्त झा हम सबके आदर्श:शर्मा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 22 दिसंबर।** आचार्य सरयू कान्त झा बड़े ही सहज और सरल व्यक्तित्व के धनी थे। साहित्य, संस्कृति, समाजसेवा और राष्ट्रप्रेम को वे समर्पित थे। इस छत्तीसगढ़ महतारी के सपूत ने राज्य स्थापना आन्दोलन में भी बड़ी भूमिका निभाई। ये उद्गार हैं वरिष्ठ शिक्षाविद् और साहित्यकार आचार्य बालचन्द्र सिंह कछवाह के। वे सरयू कान्त झा जन्मशताब्दी समारोह के मुख्य अतिथि की आसन्दी से साहित्य प्रेमियों को सम्बोधित कर रहे थे। आचार्य सरयू कान्त झा स्मृति संस्थान रायपुर द्वारा सरयू प्रवाह के द्वारा प्रथम व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया। इस्पात नगरी के साहित्य-संस्कृति मर्मज्ञ आचार्य डॉ महेशचन्द्र शर्मा ने इस समारोह की अध्यक्षता की। डॉ. शर्मा ने इस दौरान कहा कि आचार्य पं.सरयूकान्त वेद, रामायण और गीता के ज्ञाता एवं मेरे प्रेरणास्त्रोत थे। अपने से छोटों को सदा बढ़ावा देना उनका स्वभाव था। उनके व्यक्तित्व में एक रचनात्मक आकर्षण था। उनके कृतित्व में इसका प्रतिबिम्ब दिखाई देता था। संस्थान के सचिव और उनके सुपुत्र पं. शारदेन्दु झा ऐसे कार्यक्रमों द्वारा पितृऋण और गुरुऋण से मुक्त का अच्छा प्रयास कर रहे हैं। विशेष अतिथि एवं इतिहासविद, पुरातत्ववेत्ता और संस्कृति के ज्ञाता डॉ.रमेन्द्र नाथ मिश्र ने कहा कि सरयू कान्त झा के द्वारा विविध संस्थाओं में दिये व्याख्यानों की कैसेट्स संग्रहित कर उनपर पुस्तकें तैयार करना चाहिये। ताकि लोग उन्हें याद करते हुये प्रेरणा लें। साहित्य-संगीत मर्मज्ञ और बहुभाषाविद डॉ



चित्तरंजन कर ने कहा कि आचार्य झा छात्रों के लिये बहुत दयालु थे। दुर्ग जिला हिन्दी साहित्य समिति की अध्यक्ष सरला शर्मा ने आचार्य सरयू कान्त द्वारा शिक्षा के विस्तार के लिये किये प्रयासों की सराहना करते हुये अनुकरणीय बताया। कार्यक्रम का संचालन प्रसिद्ध कवि संजीव ठाकुर ने किया।

### प्रशान्त बने भारतीय कुश्ती संघ के एग्जीक्यूटिव मेंबर



**भिलाई, 22 दिसम्बर ।** दिल्ली में विगत दिनों भारतीय कुश्ती संघ का चुनाव संपन्न हुआ। जिसमें संजय सिंह को भारतीय कुश्ती संघ का अध्यक्ष चुना गया है। वहीं छत्तीसगढ़ प्रदेश कुश्ती संघ के महासचिव एवं भिलाई के युवा नेता राहुल बृजजीवन राय के अनुज प्रशान्त राय को भारतीय कुश्ती संघ का एग्जीक्यूटिव मेंबर चुना गया है। भारतीय कुश्ती संघ के चुनाव के पश्चात् दिल्ली में प्रशान्त राय को भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष एवं कद्दावर नेता बृजभूषण शरण सिंह ने उज्जवल भविष्य का आशीर्वाद देते हुए बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

# सीएम के आग्रह पर केंद्र ने उसना चावल लेने की अनुमति दी

■ सेन्ट्रल पूल में छत्तीसगढ़ से 15 लाख मेट्रिक टन उसना चावल लेगा एफसीआई



**रायपुर, 22 दिसंबर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के आग्रह को भारत सरकार ने तत्काल स्वीकार करते हुए छत्तीसगढ़ से सेन्ट्रल पूल में 15 लाख मेट्रिक टन उसना चावल लिए जाने की अनुमति प्रदान कर दी है। यह राज्य के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है। छत्तीसगढ़ से उसना चावल उपार्जित किए जाने की अनुमति काफी दिनों से लंबित थी। मुख्यमंत्री ने भारत सरकार से उसना चावल के उपार्जन की अनुमति मिलने पर कहा कि डबल इंजन की सरकार होने से राज्य को यह फायदा मिला है। उन्होंने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और केन्द्रीय खाद्य मंत्री श्री पीयूष गोयल का इसके लिए राज्य की ओर से आभार जताया है। यहां यह उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने राज्य में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन की स्थिति एवं कस्टम मिलिंग की ओर केन्द्रीय खाद्य मंत्री श्री पीयूष गोयल का ध्यान आकर्षित करते हुए 21 दिसंबर को पत्र लिखा था। मुख्यमंत्री ने अपने पत्र में सेन्ट्रल पूल में चावल उपार्जन का कोटा 61 लाख मेट्रिक टन से बढ़ाकर 74 लाख मेट्रिक टन करने के साथ ही राज्य से 59 लाख मेट्रिक टन अरवा तथा 15 लाख मेट्रिक टन उसना चावल लिए जाने का अनुरोध अपने पत्र में किया है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि छत्तीसगढ़ में खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में 20 दिसंबर की स्थिति में समर्थन मूल्य पर 8.68 लाख किसानों से 39.63 लाख मेट्रिक टन धान का उपार्जन किया जा चुका है एवं प्रतिदिन 3 लाख मेट्रिक टन से ज्यादा धान की आवक हो रही है। इस साल किसानों से समर्थन मूल्य पर लगभग 130 लाख मेट्रिक टन धान का उपार्जन अनुमानित है। जिसके कस्टम मिलिंग से 88 लाख मेट्रिक टन चावल निर्मित होगा। इसमें से केन्द्रीय पूल में लगभग 74 लाख मेट्रिक टन (भारतीय खाद्य निगम में 58 मेट्रिक लाख टन एवं नागरिक आपूर्ति निगम में 16 लाख टन) एवं स्टेट पूल में 14 लाख टन चावल का उपार्जन किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने पत्र में यह भी उल्लेख किया है कि छत्तीसगढ़ प्रदेश हेतु केन्द्रीय पूल में 61 लाख टन चावल उपार्जन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। प्रदेश में कुछ किस्म के धान के मिलिंग में ज्यादा ब्रोकन आने के कारण निर्धारित गुणवत्ता का अरवा चावल नहीं बनने से अरवा मिलिंग में कठिनाईयां आती है।

## प्रति एकड़ के मान से 21 क्विंटल धान खरीदी का आदेश जारी

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा राज्य के किसानों से किए गये वायदे के अनुसार राज्य शासन द्वारा किसानों से समर्थन मूल्य पर 21 क्विंटल धान प्रति एकड़ के मान से क्रय करने का आदेश जारी कर दिया गया है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा है कि छत्तीसगढ़ सरकार जनता से किए सभी वादे को पूरा करेगी। हम राज्य के किसानों से 3100 रूपए क्विंटल के मान से धान की खरीदी करेंगे। राज्य में इस साल 130 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी अनुमानित है। समर्थन मूल्य पर धान उर्पाजन के एवज में किसानों को लगभग 40 हजार करोड़ का भुगतान होगा। गौरतलब है कि राज्य में अब तक किसानों से समर्थन मूल्य पर मात्र 15 क्विंटल धान की खरीदी की जा रही थी, जिसे सरकार ने बढ़ाकर 21 क्विंटल कर दिया है। धान की खरीदी 3100 रूपए प्रति क्विंटल के मान से होने पर किसानों को प्रति एकड़ धान विक्रय पर लगभग 23,355 रूपए का अधिक लाभ मिलेगा। पिछली सरकार द्वारा किसानों से प्रति एकड़ 15 क्विंटल धान की खरीदी और चार किश्तों में इनपुट सब्सिडी के कुल भुगतान को मिलाकर अधिकतम 41,745 रूपए का भुगतान किया जा रहा था। राज्य में प्रधानमंत्री मोदी जी की गारंटी को लागू करके किसानों से 3100 रूपए प्रति क्विंटल के मान से 21 क्विंटल धान की खरीदी कर रहे हैं। इससे किसानों को प्रति एकड़ का धान बेचने पर कुल 65,100 रूपए का भुगतान होगा, जो उन्हें धान खरीदी के एवज में अब तक हो रहे भुगतान से 23,355 रूपए अधिक है।

## एक नजर

### अंवरी में जंयती मड़ई मेला 27 को



**अंवरी 22 दिसंबर।** ग्राम अंवरी में समस्त ग्रामवासीयों के सहयोग से प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 25 एवं 26 दिसंबर को पंथी नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया एवं 27 दिसम्बर को जंयती मड़ई मेला का आयोजन किया गया है । जिसमें रात्रि कालीन मनोरंजन के लिए सोन के मुंदरी लोक कला मंच का कार्यक्रम रखा गया है। यह जानकारी सूर्य गायकवाड़, वीरेंद्र गायकवाड़ ने दी।

### कांग्रेस का एक-दिवसीय धरना प्रदर्शन

**राजनांदगांव 22 दिसंबर।** केन्द्र की भाजपा सरकार द्वारा देश के लोकतंत्र पर अभूतपूर्व हमला करते हुए संसद के दोनों सदनों से विपक्ष के 142 सांसदों को निलंबित किया गया। इंडिया अलायंस की बैठक में लिए गए निर्णयानुसार 142 सांसदों के निलंबन और लोकतांत्रिक आधार पर गंभीर हमले का पुरजोर विरोध करते हुए शुक्रवार 22 दिसंबर को पूरे देश भर में एक दिवसीय विशाल विरोध-प्रदर्शन का आह्वान किया गया है। जिसको लेकर छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा व जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू के नेतृत्व में जयस्तंभ चौक पर शुक्रवार 22 दिसंबर को दोपहर 12 से अपरान्ह 03 बजे तक एक-दिवसीय धरना प्रदर्शन किया जाएगा। शहर जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री अमित चंद्रवंशी ने प्रदेश पदाधिकारिगण, विधायक, छाया विधायक, पूर्व विधायक, जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारिगण, ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पदाधिकारिगण, समस्त मोर्चा संगठन, प्रकोष्ठ, विभाग के जिला, ब्लाक पदाधिकारिगण, सोशल मीडिया के प्रशिक्षित सदस्यों,नगरीय निकाय, त्रि-स्तरीय पंचायत के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों, सहकारिता क्षेत्र के पदाधिकारियों, वरिष्ठ कांग्रेसजन, कार्यकर्तागण से उपस्थिति की अपील की है।

### एजुकेटेड अग्रवाल युवक-युवती परिचय सम्मेलन 6 एवं 7 जनवरी को

**रायपुर 22 दिसंबर।** छत्तीसगढ़ प्रांतीय युवा अग्रवाल मंच द्वारा समाज के एजुकेटेड युवक-युवतियों के लिए अखिल भारतीय स्तर पर 12वां परिचय सम्मेलन का आयोजन 06-07 जनवरी 2024 को श्री रामस्वरूप निरंजन लाल ट्रस्ट धर्मशाला व्ही.आई.पी. रोड, रायपुर में आयोजित किया जा रहा है । विवाह योग्य एजुकेटेड अग्रवाल युवक-युवती परिचय सम्मेलन के संयोजक कन्हैया अग्रवाल एवं हरिवल्लभ अग्रवाल उक्ताशय की जानकारी देते हुए बताया कि प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले इस परिचय सम्मेलन की देश के अग्रवाल समाज में प्रतिक्षा होती है । 2022 में आयोजित परिचय सम्मेलन में 90 लड़कियों एवं 150 लड़को ने हिस्सेदारी की थी । पंजीयन लगभग 900 बच्चों के हुए थे जिसमें 48 प्रतिशत बच्चे डाक्टर, इंजीनियर, एमबीए, एडव्होकेट, चार्टड एकाउंटेन्ट थे । अब तक प्राप्त जानकारी के अनुसार परिचय सम्मेलन एवं परिचय पत्रिका के माध्यम से लगभग 668 विवाह संपन्न हो चुके है । परिचय सम्मेलन कन्हैया अग्रवाल, हरिवल्लभ अग्रवाल, हरीश अग्रवाल, राजेष केडिया, दीपक बंसल एवं राधेश्याम अग्रवाल के संयोजकत्व में सम्पन्न होगा । परिचय सम्मेलन हेतु आज दिनांक तक 625 पंजीयन प्राप्त हो चुके है जिनमें डॉक्टर, इंजीनियर, चार्टड एकाउटेन्ट, एमबीए व्यवसायी आदि बच्चे शामिल है ।

### डीएसएफआईडी के टैलेंट हंट कॉम्पीटिशन में भाग लेने का सुनहरा मौका

**रायपुर 22 दिसंबर।** रायपुर के मध्य टैगोर नगर स्थित छ्ग्स्द्धस्न्रष्ठ इंस्टीट्यूट जहाँ फैशन डिजाइनिंग, इंटीरियर डिजाइनिंग एवम इवेंट मैनेजमेंट का कोर्स होता है, जिसमे चेयरमैन राजेश बरलोटा एवम डायरेक्टर शेखर जैन हैं। दिनांक 24 दिसंबर 2023 रविवार को स्थान डीएसआईएफडी केयर ऑफ एलाइट लर्निंग सेंटर टैगोर नगर रायपुर में टैलेंट हंट का आयोजन किया जा रहा है।जिसका समय शाम 5 बजे से 7 बजे तक का रखा गया है।इस इवेंट में सिंगिंग ,डांस एवम ओपन माइक का प्रोग्राम रखा गया है ।इस इवेंट में 5 साल से 35 साल के आयु सीमा के पुरुष एवम महिला दोनो भाग ले सकते हैं ।इस इवेंट में विजेता को आकर्षक उपहार और सभी पार्टिसिपेंट्स को डीएसआईएफडी के ओर से सर्टिफिकेट भी प्रदान किया जायेगा ।इस इवेंट को डीएसआईएफडी रायपुर के डायरेक्टर शेखर जैन जी के नेतृत्व में किया जा रहा है एवम इसके अलावा सपोर्टेड बाय में जैन कंप्यूटर्स ,एलाइट लर्निंग ,अरहम ट्रेवल्स, कृष्णा ड्राइक्लीनर्स और इवेंट मैनेजमेंट कंपनी टीम इवेंट एंड एडवरटाइजमेंट, एवम प्रिंट मीडिया पार्टनर तरुण छत्तीसगढ़ हैं।इस इवेंट की सबसे खास बात यह है की ये आयु सीमा 5 साल से 35 साल के बीच के पुरुष एवम महिला दोनो के लिए बिल्कुल फ्री ऑफ कॉस्ट रखा गया है।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में मोबाइल वैन का रूट चार्ट तय

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 22 दिसम्बर।** भारत सरकार की योजनाओं से नागरिकों को जागरूक करने एवं शासन की योजनाओं से हितग्राहियों को लाभान्वित करने के उद्देश्य से विकसित भारत संकल्प यात्रा की मोबाईल वैन जिले के विभिन्न ग्रामों में पहुंच रही है। विकसित भारत संकल्प यात्रा की मोबाईल वैन 22 दिसम्बर 2023 से 25 जनवरी 2024 तक डोंगरगढ़ विकासखंड एवं 22 दिसम्बर 2023 से 20 जनवरी 2024 तक छुरिया विकासखंड के विभिन्न ग्रामों में पहुंचेगी। मोबाईल वैन का स्वागत समिति द्वारा स्वागत किया जा रहा है। वैन के माध्यम से प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के संदेश का वाचन किया जा रहा है। विकसित भारत



के निर्माण के लिए सभी शपथ ले रहे हैं। चलचित्र के माध्यम से विकसित भारत के उद्देश्य की जानकारी दी जा रही है। केन्द्र सरकार की योजनाओं के लाभार्थी %मेरी कहानी मेरी जुबानी' पहल के तहत अपने अनुभव साझा कर रहे हैं। धरती कहे पुकार के कार्यक्रम के तहत जैविक खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है। कार्यक्रम में क्विज प्रतियोगिता एवं अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है और विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया जा रहा है। विभिन्न विभागों द्वारा स्टाल लगाकर जनसामान्य को योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। छुरिया विकासखंड अंतर्गत विकसित भारत संकल्प यात्रा की मोबाईल वैन 22 दिसम्बर को महाराजपुर व रामपुर, 23 दिसम्बर को शिकारीटोला व झिथराटोला, 24 दिसम्बर को कल्लूटोला व मगरधोखरा, 25 दिसम्बर को जरहामहका व पुर्रामटोला, 26 दिसम्बर को शिकारीमहका व बोईरडीह, 27 दिसम्बर को घोघरे व हालेकोसा विकसित भारत संकल्प यात्रा की मोबाईल वैन पहुंचेगी।

## सर्दी का सितम जारी, शीतलहर और कंपाने वाली ठंड चहुं चोर पड़ रही



**अंवरी 22 दिसंबर।** शीतलहर ने कहर बरपाना शुरू कर दिया है. यहां ठंड इतनी बढ़ गई है, कड़ाके की ठंड को देखते हुए लोगो की स्थिति गंभीर नजर आती है! ठंडी हवाओं के आने के कारण सुबह-सुबह के साथ ही रात में भी ठिठुरन बढ़ने लगी है। शीतलहर के हालात बन गए है। ठंडी हवाओं के आने के कारण ठिठुरन में बढ़ोतरी हो रही है। सुबह-सुबह तो कुछ क्षेत्रों में कोहरे का असर भी दिखाई पड़ती है।पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष ठंड काफी अच्छी है, ठंड बढ़ने से नगर भखारा भठेली मे अलाव तापते भी लोगों को देखा जा रहा है। इन दिनों ठंड बढ़ने से गर्म कपड़ों की खरीदारी भी बढ़ने लगी है। कारोबारियों का कहना है कि पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष जबरदस्त कारोबार की उम्मीद बनी हुई है। दरअसल, पिछले कुछ दिनों से लगातार ठंड बढ़ रही है, जिसकी वजह से कड़ाके की ठंड ने सबको अपने आगोश में ले लिया है।

# आगे पूर्ण,पीछे अपूर्ण ,मदहोशी में स्वास्थ्य विभाग





■ 20 बिस्तर का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र निर्माण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरिया 22 दिसंबर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र छुरिया में 20 बिस्तर का अस्पताल निर्माण कार्य जारी है जिसमे ठेकेदार द्वारा भारी अनिमितता देखी जा रही है। बताया जा रहा है कि निर्माण कार्य अभी पूरा भी नही हुआ और केवल सामने की दीवाल में रंग रोगन कर दिया गया है निर्माण यह कैसा निर्माण...??? कहीं ठेकेदार भ्रष्टाचार कर पैसा हजम करने की मंशा तो नही? लेकिन इतनी अनिमितता के बावजूद भी अबतक कोई जनप्रतिनिधि अस्पताल निर्माण में झांकने भी नही आया है। ये दुर्भाग्य है खुज्जी विधानसाभ क्षेत्र अंतर्गत छूरिया नगर पंचायत मे हो रहे निर्माण कार्य का जब मिडिया ने जगाया तब कही जागा स्वास्थ्य विभाग आनन-फानन में लिखाये हुए को अंततः मिटवाना पड़ा ऐसा क्यों? स्थानीयो के बीच निर्माण कार्य का चर्चा जोरो पर था छूरिया नगर पंचायत के स्थानी मिडिया ने जब देखा तो दंग रहे गया और जैसे ही इसकी जानकारी स्वास्थ्य विभाग को लगी तुरंत निर्माणाधीन दीवाल में लिखाये हुए को अंततः मिटाया। साथी ही सम्बन्धित ठेकेदार से सम्पर्क करने की कोशिश की लेकिन संपर्क नही हो पाया। निर्माण कार्य में लगे मिस्त्री और लेवर से इस सम्बंध में जानकारी लेना चाहा लेकिन किसी ने कुछ बोलने से इनकार कर दिया। वहीं ताज्जुब की बात यह है कि इंजीनियर साहब को इस बात की जानकारी ही नही होना समझ से परे? क्योंकि जब हमारे संवाददता लगातार दो दिनों तक बन रहे 20 बिस्तर सामु. स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे जहां ठेकेदार व इंजिनियर शैलेश नागेश्वर नदारद रहे तब इंजिनियर शैलेश नागेश्वर से फोन के माध्यम से जानना चाहा कि वे बन रहे नव निर्माण भवन में कब आते हैं तो उनका जवाब आया कि वे दो दिन के दो दिन आकर देखते हैं ऐसे में क्या इंजिनियर सहाब को यह नहीं दिखाई पड़ा कि बगैर बने सामुदायिक भवन का सामने का हिस्सा रंग रोगन कर बड़े बड़े अक्षरों में विभाग का नाम लिखा हुआ है। क्या इंजिनियर सहाब ने अपने उच्च अधिकारियों को इस बात से अवगत कराया? जो कि सोचनीय विषय है ऐसे में निर्माण कार्य को लेकर इंजीनियर व ठेकेदार कितने सम्वेदनशील है यह देखकर समझा जा सकता है कहीं सांठ-गांठ कर भवन निर्माण की राशि का भुगतान तो नही हुआ यह देखने वाली बात होगी? बहरहाल अब देखने वाली बात यह होगी कि ऐसे लापरवाही बरतने वालों पर स्वास्थ्य विभाग व उच्च अधिकारी क्या संज्ञान लेकर कार्यवाही करती है?

### सेन समाज की संभागीय बैठक 23 दिसंबर को

**रायपुर 22 दिसंबर।** छत्तीसगढ़ सर्वसेन समाज के रायपुर संभाग के तत्वाधान में मायाराम सुरजन भवन, रजबंधा मैदान,में बैठक आहूत की गई है, जिसमें प्रांतीय अध्यक्ष के प्रथम रायपुर आगमन पर उनका स्वागत एवं समाज के दानवीरो,कर्मवीरों का सम्मान तथा प्रदेश कार्यकारिणी का विस्तार के विषय में बैठक रखा गया है, उक्त कार्यक्रम में नवनिर्वाचित प्रांत अध्यक्ष श्री पुनीत राम सेन, महासचिव श्री रूद्र सेन ,सचिव श्री भुवन लाल कौशिक, उपाध्यक्ष श्री आशुतोष श्रीवास, कोषाध्यक्ष श्री किशन सेन ,पूर्व प्रांतीय कार्यकारिणी अध्यक्ष श्री गौरी शंकर श्रीवास के साथ रायपुर जिला अध्यक्ष डॉ मनोज ठाकुर, श्री धनसिंह सेन धमतरी जिला अध्यक्ष, श्री नरेंद्र सेन गरियाबंद जिला अध्यक्ष, के साथ बलोदा बाजार, महासमुंद, अभनपुर, आरंग, तिल्दा, धरसीवां, बागबाहरा ,सिरपुर,लवन, खल्लारी ,सरायपाली, बसना, झलप,पिथौरा , कोमाखान,राजिम ,पलारी, कसडोल ,तथा बिरगांव नगर पालिका के पदाधिकारी,व सदस्य गण एवं समस्त जोन के प्रभारी, सभी तहसील अध्यक्ष गण,उक्त बैठक में शामिल होंगे ।

## कुम्हारी में त्रि दिवसीय पंथी प्रतियोगिता का समापन



**अंवरी 22 दिसंबर।** ग्राम कुम्हारी मे त्रि दिवसीय पंथी प्रतियोगिता के समापन के मुख्य अतिथि परमेश्वरी साहू सभापति जनपद पंचायत कुरूद ने पंथी प्रतियोगिता का समापन किया गया तत्पश्चात अपने उद्बोधन में कहा कि सतनामी समाज के पूर्वजो ने औरंगजेब से भी लड़ाई लड़े थे , औरंगजेब हार गये तब इनके कुआ मे मांस डाल दिये । लोकसभा के पहली महिला सांसद मीनी माता थी जो सतनामी समाज की थी । जो गौरव की बात है । परम् पूज्य घासीदास बाबा का जन्म 18 दिसम्बर 1756 मे एकादशी व सोमवार के दिन गिरौदपुरी मे हुआ था । घासीदास बाबा मे अध्दभूत शक्ति थी जो मृत व्यक्ति को भी जिन्दा कर देते थे बिना आग और पानी के खाना बना देते थे । छुआछूत के भाव को हटाने के लिए काम किया , जिनका बहुत ही अच्छा संदेश है ÷ मनखे मनखे एक समान सत्य ही ईश्वर है सत्य ही मानव का आभूषण है। कार्यक्रम की अध्यक्षता मनोज टंडन सरपंच, सभापति परमेश्वरी महेंद्र साहू, आर आई, कोरिया, पंचगण परदेसी राम यादव, मनसंचालक ईश्वर ध्रुव, दीपक , पवन सोनवानी, गैदालाल, मनोज ,रामा टंडन, धर्मेंद्र मारकंडे, भारत लाल एवं बड़ी तादाद मे ग्रामीण जन उपस्थित थे ।

## सीजेरियन सेक्शन के दौरान एनेस्थीसिया का प्रयोग करें सावधानीपूर्वक

**रायपुर. 22 दिसंबर।** पंडित जवाहरलाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर स्थित पुराने सभागृह में निश्चेतना विभाग द्वारा इण्डियन कॉलेज ऑफ एनेस्थेसियोलॉजी के संयुक्त तत्वावधान में ऑब्स्टेट्रिक एनेस्थीसिया पर राज्य स्तरीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। पंडित जवाहरलाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय के निश्चेतना विभाग की विभागाध्यक्ष प्रोफेसर डॉ. प्रतिभा जैन शाह ने बताया कि इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य था- सामान्य तथा विभिन्न बीमारियों से ग्रसित गर्भवती महिलाओं की सुरक्षित शल्य क्रिया (सीजेरियन सेक्शन) करवा कर बच्चे को सुरक्षित गर्भ से बाहर निकालना। इस प्रक्रिया के दौरान एक निश्चेतना विशेषज्ञ को क्या-क्या विशेष सावधानियां बरतनी चाहिए? कौन-सी निश्चेतक दवाइयां कितनी मात्रा में देनी चाहिए?, इस संबंध में उपलब्ध नवीनतम दिशा-निर्देशों आदि पर सम्मेलन में चर्चा की गई। इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पंडित जवाहरलाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर की अधिष्ठाता डॉ. तृप्ति नागरिया, विशिष्ट अतिथि पूर्व विभागाध्यक्ष के ई एम हॉस्पिटल मुंबई एवं इण्डियन कॉलेज ऑफ एनेस्थेसियोलॉजी की वरिष्ठ सदस्य डॉ. मंजुला सरकार तथा इण्डियन सोसायटी ऑफ एनेस्थेसियोलॉजी के उपाध्यक्ष डॉ. महेश सिन्हा रहे। कॉन्फ्रेंस अध्यक्ष एवं चिकित्सा महाविद्यालय में निश्चेतना विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. प्रतिभा जैन शाह, कॉन्फ्रेंस की सचिव डॉ. प्रतीक्षा अग्रवाल एवं सिम्स बिलासपुर के अधिष्ठाता डॉ. के. के. सहारे समेत राज्य के सभी चिकित्सा महाविद्यालयों के निश्चेतना विभाग के विभागाध्यक्षों तथा अनेक गणमान्य अतिथियों ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई और अपने अनुभवों को साझा किया।



## परिपोषण पालन के संबंध में मार्गदर्शन प्रशिक्षण दिया गया

**राजनांदगांव 22 दिसम्बर।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा परियोजना स्तरीय सेक्टर पर्यवेक्षकों का परिपोषण पालन के संबंध में मार्गदर्शन प्रशिक्षण का आयोजन आंगनबाड़ी केन्द्र रेवाडीह में किया गया। प्रशिक्षण में सभी परियोजनाओं के पर्यवेक्षक उपस्थित थे। प्रशिक्षण में परिपोषक वातावरण का निर्माण, बाल सुलभ गतिविधि, मुक्त खेल एवं संगीतमय आंगनबाड़ी केन्द्र के निर्माण के संबंध में जानकारी दी गई। पर्यवेक्षकों ने पूर्व से तैयार आंगनबाड़ी केन्द्र (लैब सेंटर) का भ्रमण किया और प्रशिक्षण का अभ्यास भी किया। इस अवसर पर परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग श्रीमती गुरप्रीत कौर, जिला महिला बाल विकास अधिकारी श्री एनएस रावटे, एफसीएल संस्था से अमृता भोईर व श्री योगेश चन्द्राकर एवं मास्टर ट्रेनर के रूप में परियोजना अधिकारी सुश्री रीना ठाकुर, श्री पीआर खुटेल, श्रीमती कमलवती मरकाम एवं सुश्री सरोज आयन्गर उपस्थित थे।



## पममांदा मुस्लिम महाज ने जीत पर भाजपा को बहुत-बहुत बधाई दी

**रायपुर 22 दिसंबर।** भारतीय जनता पार्टी की छत्तीसगढ़ में सरकार बनने पर ऑल इंडिया पसमान्दा मुस्लिम महाज़ ने नई सरकार बनने पर छत्तीसगढ़ मुस्लिम पसमान्दा जनता की तरफ से भारतीय जनता पार्टी को बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनायें प्रेषित की एवं प्रदेश की खुशहाली और तरक्की के लिए छत्तीसगढ़ प्रदेश इकाई ने सरकार के हर स्तर पर सराहना की है। प्रदेश में कानून व्यवस्था एवं प्रदेश के विकास के लिए सभी समाज को साथ लेकर कार्य करेगी एवं प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के सरकार की योजनाओं का पूरा-पूरा लाभ सभी वर्गों को मिलेगा। महिलाओं एवं युवाओं को उनकी तमाम पिछली मांगों को पूरा करेगी। ऐसी हम भारतीय जनता पार्टी की छत्तीसगढ़ प्रदेश से उम्मीद रखते है। पसमान्दा मुस्लिमों ने सभी पांचों संभागों की 90 विधानसभा में अपने मताधिकार का उपयोग किया एवं प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की योजनाओं को देखते हुए और उनकी नीतियों को ध्यान में रखते हुए बढ़-चढ़कर छत्तीसगढ़ की तरक्की के लिए, खुशहाली के लिए पसमान्दा मुस्लिमों ने अपने मताधिकार का उपयोग किया एवं एक अच्छी सरकार को चुनने में सहभागिता निभाई। सभी भारतीय जनता पार्टी के गणमान्य कार्यकर्ताओं एवं छत्तीसगढ़ की जनता को बहुत-बहुत शुभकामनायें एवं बधाई प्रेषित करते है।



## श्रीखाटू श्याम मंदिर में 25 से श्रीमद् भागवत कथा

**रायपुर 22 दिसंबर।** श्रीखाटू श्याम मंदिर समता कॉलोनी में 25 दिसंबर, सोमवार से श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया गया है। 25 दिसंबर को चिंताहरण हनुमान मंदिर समता कॉलोनी से भव्य कलश यात्रा सुबह 11 बजे निकलेगी, इस दौरान 108 महिलाएं लाल साड़ी व पुरुष कुर्ता-पैजामा पहने हुए रहेंगे। वृंदावन धाम से आए कथावाचक डॉ. संजय कृष्ण सलिल भागवत महात्म्य पर कथा वाचन करेंगे। पत्रकारवार्ता में जानकारी देते हुए जयकिशन जाखोदिया, नरेश केडिया, विष्णु गोयल, विनय बजाज, संगीता सरावगी ने बताया कि पहले दिन शोभायात्रा के बाद वृंदावन धाम से आए कथावाचक डॉ. संजय कृष्ण सलिल भागवत महात्म्य से कथा प्रारंभ करेंगे। प्रति दिन दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक भागवत के विभिन्न प्रसंगों की कथा सुनाई जाएगी। कथा के दौरान 26 को शुकदेव जन्म, परीक्षित जन्म, कलिदमन, 27 को सती चरित्र, ध्रुव चरित्र व प्रहलाद चरित्र, 28 को गजेंद्र मोक्ष, समुद्र मंथन, राम व कृष्ण जन्म, 29 को बाललीला, गिरिराजधरण लीला, होली महोत्सव, 20 को रामलीला, कंस वध, रुक्मिणी विवाह के प्रसंग के बाद 31 को सुदामा चरित्र और कृष्ण-उद्धव संवाद से कथा को विराम देकर भागवत पूजन किया जाएगा।



# विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुंची ग्राम पंचायत चिचदो एवं माथलडबरी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 22 दिसम्बर।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत केंद्र सरकार के द्वारा क्रियान्वित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से जनसामान्य को लाभान्वित करने के लिए संकल्प यात्रा अंतर्गत मोबाईल वैन आज डोंगरगांव विकासखंड के ग्राम पंचायत चिचदो एवं माथलडबरी पहुंची। इस अवसर पर विकसित भारत संकल्प योजना के केन्द्रीय नोडल भारत शासन श्री सर्वेश्वर मांझी ने स्टाल का निरीक्षण किया और विभागीय गतिविधियों की जानकारी ली। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ श्री अमित कुमार उपस्थित थे। इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्री भरत वर्मा ने



विकसित भारत के निर्माण के लिए शपथ दिलाई। उन्होंने जनसामान्य को अधिक से अधिक केन्द्र शासन की योजनाओं का लाभ लेने के लिए कहा। कार्यक्रम के प्रारंभ में मोबाईल वैन का स्वागत समिति द्वारा स्वागत किया गया। इस अवसर पर सभी ने विकसित भारत के लिए संकल्प लिया एवं चलचित्र के माध्यम से विकसित भारत के उद्देश्य की सामान्य जानकारी दी गई। इस दौरान सभी ने विकसित भारत के निर्माण के लिए शपथ ली। संकल्प रथ में लगे एलईडी प्रोजेक्शन स्क्रीन के माध्यम से प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा भारत की जनता के नाम दिए गए संदेश एवं आव्हान का प्रदर्शन किया गया। केन्द्र सरकार द्वारा क्रियान्वित विभिन्न योजनाओं से लाभार्थियों के द्वारा मेरी कहानी मेरी जुबानी अंतर्गत अपने विचारों को व्यक्त किया गया। विभिन्न विभागों द्वारा केन्द्र सरकार की योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों को सामग्री का वितरण किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से जनसामान्य को स्वच्छ भारत मिशन तथा खेतों में जैविक खाद के प्रयोग का संदेश दिया गया। इस अवसर पर सदस्य जिला पंचायत श्रीमती जागृति चुन्नी यदु, श्री रविन्द्र वैष्णव, सदस्य जनपद पंचायत डॉ. वीरेंद्र साहू, सदस्य जनपद पंचायत श्री अजय वैष्णव, सरपंच ग्राम पंचायत चिचदो श्रीमती लीना चौनू साहू, सरपंच ग्राम पंचायत माथलडबरी श्री मयंक यदु, एसडीएम डोंगरगांव श्री एके पुसाम, तहसीलदार श्री पी.एल.नाग, सीईओ जनपद पंचायत श्री नवीन कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## संपादकीय

# देश तो अपमान मानता है

हमारे देश में उम्र में बड़े, पद में बड़े लोगों का सम्मान किया जाता है। यह भारतीय समाज की परंपरा है, हमारा सदियों पुराना संस्कार है। इसलिए इस देश में जब भी किसी बुजुर्ग का कोई अपमान करता है, किसी बड़े पद पर बैठ व्यक्ति का कोई अपमान करता है तो इसे गलत माना जाता है,बुरा माना जाता है, उसे उस व्यक्ति या पद का अपमान माना जाता है। देश के लोग इस बात को पसंद नहीं करते हैं कि कोई भी किसी बड़े व्यक्ति या पद का अपमान करे। अपमान करने वाले को सब बुरा भला कहते है, इसे बुरे संस्कार वाला मानते हैं। उसकी निंदा करते है, उसकी आलोचना करते हैं। यही देश के उपराष्ट्रपति के अपमान के मामले में किया जा रहा है तो यह गलत नहीं है। जगदीप धनखड़ ने नियमों का पालन नहीं करने पर संसद नहीं चलने देने, संसद की गरिमा को नष्ट करने का प्रयास करने पर राज्यसभा के बहुत सारे सांसदों को सस्पेंड कर दिया तो इसके जवाब में विपक्ष के टीमसी के सांसद कल्याम बैनर्जी ने संसद की सीढियों पर बहुत सारे सांसदों के सामने उपराष्ट्रपति व राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ की नकल उतारी और बैठ बाकी सासंद से उस नकल पर जोर जोर से हंस रहे थे। इस बात की जब देशव्यापी आलोचना हुई,निंदा हुई तो कल्याम बैनर्जी सहित तमाम सांसदों को मानना है कि उपराष्ट्रपति की नकल करना उनका अपमान करना नहीं है। नकल करना तो एक कला है। नकल करना कोई जुर्म नहीं है। संसद के बाहर नकल की गई है तो उस पर कोई कार्रवाई नहीं हो सकती। इस मामले में सबसे ज्यादा आलोचना राहुल गांधी की हो रही है कि जब कल्याण बेनर्जी उपराष्ट्रपति की नकल कर रहे थे और सारे सांसद हंस रहे थे तो राहुल गांधी सबका अपने मोबाइल पर वीडियों बना रहे थे। विपक्ष का बड़ा नेता होने के नाते उनकी जिम्मेदारी थी कि वह सांसदों को उपराष्ट्रपति का अपमान करने से रोकते। उन्होंने सासंदो का राष्ट्रपति का अपमान करने दिया। उन्होंने उपराष्ट्रपति का अपमान करने का वीडियों बनाया। बात वह मोहब्बत की करते हैं। देश व दुनिया के लोगों से मोहब्बत करने वाले ऐसा कैसे कर सकते हैं। किसी ने आपको संसद से नियमानुसार सस्पेंड किया है तो आप गुस्से में, नफरत में उसका अपमान कैसे कर सकते हो। मोहब्बत करने वाले गलती करते हैं तो मान भी लेते हैं कि हां हमसे गलती हो गई है। हमे माफ कर दिया जाए। संसद के गरिमा को बनाए रखने के लिए बनाए गए नियमों का पालन न कर सांसदों ने पहली गलती की, इसकी माफी नहीं मांगी। सस्पेंड होने के बाद उपराष्ट्रपति की नकल उतार कर उनका अपमान किया और इसकी भी माफी नही मांगी। विपक्षी सांसद तो मानकर चल रहे हैं कि उन्होने कोई गलती नहीं की है। वह बयान भी ऐसा दे रहे है जैसे गलती को राज्यसभा के सभापति की है। संसद में वह कुछ भी करते और कुछ भी कहते तो उन्हें न रोका जाता न टोका जाता। राज्यसभा के सभापति ने कुछ भी नियमों के खिलाफ नहीं किया है। संसद चलाने के लिए जो नियम आजादी के बाद बनाए गए थे, वही नियम आज भी है। उसी नियमों के आधार पर पहले भी सांसद सस्पेंड किए गए हैं। तब अगर सस्पेंड करना गलत नहीं था तो आज कैसे गलत हो सकता है। विपक्ष सच नहीं कहता है, वह कहता है कि विपक्ष के सांसदों को संसद से बाहर फेंक दिया गया है। यह सच नहीं है। सौ से ज्यादा सांसदों ने नियमों को तोड़ा है तो उन्हें संसद से सस्पेंड किया गया है। ऐसा भी नहीं है कि किसी सासंद ने अनजाने में कोई नियम तोड़ा है। सारे सांसदों ने जानबूझकर नियम तोडा है ताकि नियमानुसार उन्हें बड़ी संख्या में सस्पेंड किया जाए तो वह इसे लोकसभा चुनाव के पहले मुद्दा बना सके कि सरकार तानाशाही कर रही है। सब जानते हैं कि सांसदों को सस्पेंड किया गया है तो वह सरकार का काम नहीं है। वह तो लोकसभा व राज्यसभा के सभापति का काम है। वह भी अपनी मर्जी से कुछ नहीं कर सकते। जो नियम बने हुए है, उन नियमों के अनुसार ही कुछ कर सकते हैं। वही राज्यसभा के सभापति ने किया है। उनका अपमान एक बड़ा मुद्दा है। इस मामले में अच्छा तो यह होता कि विपक्ष के सारे दलों के नेता उपराष्ट्रपति से माफी मांग लेते। माफी न मांगने पर यह मुद्दा लोकसभा चुनाव में बड़ा मुद्दा बनेगा और विपक्ष को इसका नुकसान होगा।

# भाषाओं की विलुप्ति से होती है सांस्कृतिक क्षति

**विश्लेषण**
**प्रियंका सौरभ**



भाषाओं की विलुप्ति, भाषाओं का खत्म होना या यूं कहें कि किसी भाषा विशेष की हानि हमेशा न केवल किसी देश की विरासत के लिए बल्कि पूरे मानव इतिहास के लिए एक बहुत बड़ी सांस्कृतिक क्षति या नुकसान होती है। भारत में लंबे समय तक( लगभग 200 सालों तक) औपनिवेशिक शासन रहा है। यही कारण है कि यहां के कानून, यहाँ के पाठ्यक्रम, यहां के शासन-प्रशासन पर अंग्रेजी के प्रभाव से भारतीय भाषाओं की स्वीकृति अपेक्षाकृत कम हुई। आज वैश्वीकरण के कारण विश्व के कई देशों से व्यापार तथा अन्य गतिविधियों के फ्लस्वरूप भारतीय लगातार नई भाषाएं (जर्मन ,फ्रेंच )सीख रहे हैं जिससे स्थानीय भाषाओं के प्रति उनका रुझान कम हो रहा है।

हाल ही में एक शोध में यह बात सामने आई है कि दुनिया में आज आधी भाषाएं खतरे में हैं। कारण है कि आज हमारे बच्चे, हमारी युवा पीढ़ी अपनी मूल भाषा को नहीं सीखती। आधुनिकता के, पाश्चात्य संस्कृति के रंग में रंगकर हम अपने आपको अपनी संस्कृति, सभ्यता, भाषा से लगातार दूर करते चले जा रहे हैं। भाषाएं हमारी अभिव्यक्ति का बड़ा ही सशक्त माध्यम होतीं हैं और ये शब्द मात्र तक सीमित नहीं होती हैं। कोई व्यक्ति यदि भाषा के माध्यम से अपनी अभिव्यक्ति देता है तो वह अपनी पहचान, अपनी संस्कृति, अपने परिवेश, अपने ज्ञान, अपनी आत्मा,अपने इतिहास, अपनी परंपराओं के बारे में हमें रूबरू करवाता है। आज के युग में भाषाओं की विलुप्ति का कारण कहीं न कहीं ग्लोब्लाइजेशन भी है । ग्लोब्लाइजेशन यानी वैश्वीकरण के इस दौर में पूरी दुनिया में प्रत्येक व्यक्ति बेहतर से बेहतरीन होने तथा बेहतर से बेहतरीन पाने की कोशिश में लगा हुआ है और शायद यही कारण भी है कि वह बहुत सी अहम चीजों को भी आज लगातार विस्मृत करता चला जा रहा है। भाषा भी उन अहम चीज़ों में से एक है।आज विश्व की अनेक भाषाओं का तेजी से नष्ट होना बेहद चिंताजनक है। यदि यही स्थितियां बनी रहीं तो ÷कोस-कोस पर बदले पानी, चार कोस पर वाणी÷ की कहावत मात्र हमारी किताबों तक सिमट कर रह जायेगी।विशेषज्ञों का मानना ??है कि जब कोई भाषा मर जाती है, तो आसपास की ज्ञान प्रणाली भी मर जाती है और विलुप्त हो जाती है। वैसे,भाषाओं को बाहरी ताकतों जैसे सैन्य, आर्थिक, धार्मिक, सांस्कृतिक तथा शैक्षिक अधीनता, या आंतरिक ताकतों जैसे किसी समुदाय की अपनी भाषा के प्रति नकारात्मक दृष्टिकोण से भी कहीं न कहीं खतरा होता है। आज के समय में, अंग्रेजी और अन्य प्रमुख भाषाएं ज्ञान और रोजगार की भाषा के साथ-साथ इंटरनेट की प्राथमिक भाषा भी बन गई हैं। डिजिटल क्षेत्र की प्रमुख सामग्री अब अधिकतर अंग्रेजी भाषा में ही उपलब्ध है, और इसलिए, अन्य भाषाओं को हाशिए पर डाल दिया गया है।कोई भी भाषा हमारी दैनिक सत्यता, दैनिक चर्याओं को सारगर्भित अर्थ देती है। आज जनजातीय भाषाओं का संवर्द्धन व संरक्षण बहुत जरूरी है। भाषाओं का अस्तित्व व प्रसार तभी संभव है जब हम जनजातीय भाषाओं, हमारे आसपास की विभिन्न भाषाओं, देशज भाषाओं का संवर्धन, संरक्षण करेंगे। भाषाओं का संवर्द्धन, संरक्षण वास्तव में तभी संभव हो सकता है जब हम अधिक से अधिक अपनी भाषा में बातचीत करेंगे। अधिकाधिक साहित्य लिखेंगे। वास्तव में, भाषाओं को जिंदा रखने के लिए हमें एक दूसरे समुदाय की भाषाओं के शब्दों को लेकिन आपस में विचार- विमर्श करना चाहिए। शब्दों को, साहित्य को, शब्दों के अर्थ आदि को जानने समझने का प्रयास करना चाहिए। इससे शब्दकोश तैयार हो सकते हैं, हमारे शब्द भंडार मजबूत हो सकते हैं। आज बोलियों की लिपि तैयार करने की दिशा में भी प्रयास किए जाने चाहिए, बोली की लिपि होगी तभी वह भाषा बनेगी। जब किसी बोली की लिपि तैयार हो जाती है तो वह भाषा बन जाती है। वैसे, बोली का साहित्य नहीं है तो वह भाषा नहीं हो सकती, ऐसी बात भी नहीं है। कहीं न कहीं वह भी एक भाषा ही है। सबसे बड़ी बात यह है कि हम आपसी संप्रेषण,बातचीत को हर हाल में कायम रखें। बहरहाल, यहाँ जानकारी देना चाहूंगा कि आज दुनिया की 2,400 भाषाओं पर एक शोध से इस बात का खुलासा हुआ है कि आधी भाषाएं आज गंभीर खतरे में हैं। जानकारी देना चाहूंगा कि दुनियाभर में इस समय 7,000 से अधिक भाषाएं बोली जाती हैं। कुछ भाषाओं को बोलने वालों की तादाद लाखों- करोड़ों में हैं, जबकि कुछ भाषाएं आज सैकड़ों लोग ही बोलते हैं। भाषा अगर प्रचलन में नहीं होती है तो वह धीरे धीरे विलुप्त होने की कगार पर पहुंच जाती है और एक दिन ऐसा आता है कि वह समाप्त ही हो जाती है। शोधकर्ता बताते हैं कि भाषा विलुप्त होने से मानवों का अपने पूर्वजों व पारंपरिक ज्ञान से संबंध टूट जाता है। भाषाविद् भाषाई विविधता के आधार पर ही लोगों का इतिहास, विकास क्रम बताते हैं। भाषाएं खत्म होने का सबसे बड़ा कारण यह है कि बच्चों को इसे नहीं सिखाया जा रहा है। वास्तव में कोई भी भाषा यि      ान का भी लोप हो जाता है, जिसकी भरपाई कभी भी नहीं की जा सकती है। किसी भी भाषा का लुप्त होना या खत्म होना अपने आप में एक बड़ी भयंकर त्रासदी इसलिए है क्यों कि भाषा के साथ ही उस स्थान विशेष की संस्कृति, ज्ञान का भी नामोनिशान मिट जाता है। भाषा से ही किसी स्थान की संस्कृति जिंदा रहती है। उपनिवेशवाद और वैश्वीकरण( ग्लोबलाइजेशन) के कारण दुनिया की कई स्वदेशी भाषाओं को संकट का सामना करना पड़ रहा है। भाषाएं विलुप्त होने से स्वदेशी समुदायों के बारे में जानने का रास्ता भी बंद हो जाता है। यहाँ जानकारी देना चाहूंगा कि वर्ष 2022 से 2032 को संयुक्त राष्ट्र ने स्वदेशी भाषाओं का दशक घोषित किया है। वास्तव में, प्रत्येक भाषा का अपना इतिहास, परंपरा और सोचने का तरीका होता है। किसी भाषा का प्रयोग जनसंख्या के किसी भू-भाग द्वारा न करने पर वह लुप्त हो जाती है और आज भाषाओं का लगातार लुप्त होना एक बड़ी चिंता का विषय है। चिंता का विषय इसलिए क्यों कि भाषा मरती है तो उस भाषा का संपूर्ण गौरव, उस भाषा विशेष में संरक्षित संपूर्ण पारंपरिक ज्ञान, संस्कृति सब कुछ नष्ट या दफ्न हो जाता है। जानकारी देना चाहूंगा कि वर्ष 2010-20 के बीच ग्रेट अंडमानी परिवार की तीन भाषाएं- खोरा, बो और सारे दम तोड़ चुकी हैं। जेरू भाषा भी आज विलुप्ति की कगार पर है। ग्रेट अंडमानी भाषाओं की तरह ही भारत और दुनिया की हजारों भाषाओं पर विलुप्ति की तलवार लटक रही है। अगर हम युनेस्को द्वारा जारी ÷एटलस ऑफ वर्ल्ड लैंग्वेज इन डैंजर÷ को देखें तो पाएंगे कि 1950 से अब तक दुनियाभर में 230 भाषाएं विलुप्त हो गई हैं। यूनेस्को ने 2001 में पहली बार जब एटलस जारी किया था, तब 900 भाषाओं पर विलुप्ति का खतरा पाया था, लेकिन 2017 में अद्यतन किया गया एटलस बताता है कि ऐसी भाषाओं की संख्या 2,464 तक पहुंच गई। सबसे डरावनी बात यह है कि इनमें भारतीय भाषाओं की संख्या सबसे अधिक है। गृह मंत्रालय की एक रिपोर्ट के अनुसार 42 भाषाएं व बोलियां विलुप्ति के कगार पर हैं।भारत में 22 अधिसूचित तथा 100 गैर-अधिसूचित भाषाएं हैं जिन्हें एक लाख या इससे अधिक लोग बोलते हैं। यह बहुत ही गंभीर व संवेदनशील है कि आज इन बयालीस भाषाओं व बोलियों को बोलने वाले, प्रयोग में लाने वाले कुछेक लोग ही बचे हैं। जानकारी मिलती है कि संकटग्रस्त भाषाओं में 11 अंडमान और निकोबार द्वीप समूह की हैं। इनके क्रमशः ग्रेट अंडमानीज, जरावा, लामोंगजी, लुरो, मियोत, ओंगे, पु, सनेन्यो, सेंतिलीज, शोम्पेन और तकाहनयिलांग शामिल हैं। मणिपुर की सात संकटग्रस्त भाषाएं एमोल, अक्का, कोइरेन, लामगैंग, लैंगरोंग, पुरुम और तराओ इस सूची में शामिल की गई हैं। हिमाचल प्रदेश की चार भाषाएं- बघाती, हंदुरी, पंगवाली और सिरमौदी भी खतरे में हैं।ओडिशा की मंडा, परजी और पेंगो भाषाएं संकटग्रस्त भाषाओं की सूची में शामिल किया गया हैं।कर्नाटक की कोरागा और कुरुबा जबकि आंध्र प्रदेश की गडाबा और नैकी विलुप्त होने के कगार पर हैं। तमिलनाडु की कोटा और टोडा भाषाएं विलुप्तप्राय हो चुकी हैं। असम की नोरा और ताई रोंग भी खतरे में हैं। उत्तराखंड की बंगानी, झारखंड की बिरहोर, महाराष्ट्र की निहाली, मेघालय की रुगा और पश्चिम बंगाल की टोटो भी विलुप्त होने की कगार पर पहुंच रही हैं। यूनेस्को की सूची में अहोम, आंद्रो, रांगकास, सेंगमई और तोल्चा भारतीय भाषाएं ऐसी हैं जो मर चुकी हैं। यूनेस्को ने भारत की 197 भाषाएं चिन्हित की हैं जो विलुप्तप्राय हैं। दूसरे स्थान पर अमेरिका है जहां 191 भाषाएं खतरे में हैं। तीसरे स्थान पर मौजूद ब्राजील में कुल 190 भाषाओं का वजूद संकट में है। ये आंकड़े साफतौर पर इशारा करते हैं कि हाल के वर्षों में यह खतरा तेजी से बढ़ रहा है। कुछ अध्ययन अंदेशा जाहिर करते हैं कि अगर यही दर जारी रहती है तो भारत समेत दुनियाभर की 50 से 90 प्रतिशत भाषाएं इस शताब्दी के अंत तक विलुप्त हो जाएंगी। यूनेस्को भी मानता है कि सदी के अंत तक 50 प्रतिशत भाषाएं विलुप्त हो सकती हैं। कुछ भाषा विज्ञानी यहां तक कहते हैं कि साढ़े तीन महीने में एक भाषा दम तोड़ रही है। घुमंतू समुदाय और तटवर्ती क्षेत्रों में रहने वाले लोगों की भाषा सबसे अधिक खतरे में हैं।एथनोलॉग भाषाओं पर नजर रखने वाला एक संगठन है। इस संगठन के अनुसार, इस समय दुनियाभर बोली जाने वाली 7,139 भाषाओं में 42 प्रतिशत (3,018) भाषाएं संकटग्रस्त हैं। यानी ये भाषाएं विलुप्ति के विभिन्न चरणों में हैं। आज दुनियाभर में भाषाओं का बड़ा ही असमान वितरण है। एथनोलॉग के अनुसार, दुनिया की आधी आबादी महज 24 भाषाएं बोलती है। इनमें मुख्य रूप से चीनी मंदारिन, स्पेनिश, अंग्रेजी, हिंदी, पुर्तगाली, बंगाली, रूसी, जापानी, जावानी और जर्मनी शामिल हैं। इन भाषाओं को बोलने वालों की संख्या करोड़ों में हैं, वहीं दूसरी तरफ विश्व की आधी आबादी 7,000 भाषाएं बोलती है। एथनोलॉग के अनुसार दुनिया की आधी भाषाओं को 10 हजार से कम बोलने वाले लोग बचे हैं। दरअसल, कोई भी भाषा तब मरती है जब उसे बोलने वाली आबादी मर जाती है या किसी दूसरी भाषा को अपना लेती है। नतीजतन, उस आबादी की अगली पीढ़ियां अपनी मातृभाषा को भूल जाती है। सामाजिक और आर्थिक कारण भी इसकी एक बड़ी वजह है। व्यापार और पलायन, प्रभाव शाली वर्ग द्वारा किसी एक भाषा को तवज्जो देने से भी छोटी और स्थानीय भाषाएं उपेक्षित रह जाती हैं। व्यापार और मीडिया के वैश्विक होने, यातायात और संचार में तकनीकी सुधार से भी एक भाषा से दूसरी भाषा में स्थानांतरित होने का दबाव बढ़ा है। वैसे, लिपि का न होना भी भाषा के खत्म होने के बड़े कारक के तौर देखा जाता है। भाषा का उपयोग न करना भी एक बड़ा कारण है। जलवायु परिवर्तन भी भाषा को प्रभावित करने वाला एक महत्वपूर्ण और प्रबल कारक है। यहाँ यह भी जानकारी देना चाहूंगा कि भाषाओं की विलुप्ति का खतरा आज आमतौर उन भाषाओं पर सबसे अधिक है जो कि देसज लोगों द्वारा बोली हैं। आज खतरे में पड़ी भाषाओं के संरक्षण और अस्तित्व की रक्षा के लिए विभिन्न उपाय किए जाने बहुत ही आवश्यक हैं। तभी हम भाषाओं के अस्तित्व को बचा सकते हैं। भाषाओं के संरक्षण के लिए हमें भाषाओं के व्याकरण संबंधी विभिन्न जानकारियों को सहेज कर रखना होगा। भाषाओं के शब्दकोश तैयार करने होंगे। आज भाषाओं के मूल नियमों, उस भाषा विशेष की लोककथाओं, साहित्य, इन भाषाओं व बोलियों( डायलेक्टस) की विशेषताओं को लिखित में संरक्षित किए जाने की जरूरत है। वैसे कुछ समय पहले संयुक्त राष्ट्र ने दुनिया की विभिन्न देशज भाषाओं को बचाने के लिए 'अंतरराष्ट्रीय देशज भाषा दशक' की शुरूआत की है। संस्कृति, ज्ञान और परंपराओं को बचाने के लिए आज भाषाओं को संरक्षित किए जाने की आवश्यकता अत्यंत ही महत्ती है। आज भाषायी विविधता लगातार संकट में है,क्यों कि बहुत सी भाषाएं लुप्त होती चली जा रही हैं, बहुत सी बोलियां लिपि के अभाव में ही लुप्त हो गई, उनके बोलने, समझने, लिखने पढ़ने वाले नहीं रहे। वास्तव में, आज इस बात पर चिंतन मनन किए जाने की आवश्यकता है कि हम अपनी भाषाओं को संपूर्ण विश्व पटल तक या उच्च स्तर तक कैसे पहुंचाएं, हमें आज इस दिशा में काम करने की जरूरत है। भाषा के प्रति जो भावनाएं हमारे अंदर हैं उन्हें प्रगाढ़ बनाने के लिए हमें आज आपस में सभी के साथ, एक दूसरे के साथ सहयोगात्मक रवैया रखने की जरूरत है। सभी भाषाओं का अपना अलग महत्व है और कोई भी भाषा अच्छी-बुरी नहीं होती है, भाषा हमेशा भाषा ही होती है और सभी को अपनी अपनी भाषाओं से लगाव है और होना भी चाहिए, विशेषकर अपनी मातृभाषा से। एक व्यक्ति को अपने जीवन में अधिकाधिक भाषाओं को सीखने का प्रयास करना चाहिए और सभी भाषाओं का आदर सम्मान करना चाहिए। किसी भाषा को सीखना कभी भी बुरा नहीं कहा जा सकता है लेकिन अपनी भाषा को छोड़ना भी कभी सही नहीं कहा जा सकता है।

अपनी मातृभाषा को हमें अवश्य ही तवज्जो देनी चाहिए, क्यों

## आज का राशिफल

**मेष राशि-** आज का दिन आपके लिए स्पेशल रहेगा। दांपत्य रिश्ते में चल रही अनबन आज ख़त्म होगी, एक-दूसरे के साथ रिश्ते की नयी शुरुआत करेंगे। बच्चे आज बेहद खुश रहेंगे, उनकी डिमांड आज माता-पिता पूरी करेंगे। जो लोग प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे, अपने लक्ष्य पर ध्यान दें, जल्द ही सफलता के योग हैं। स्वास्थ्य के लिहाज से देखा जाये तो आज आप फिट रहेंगे। आज आपको कोई कंपनी बड़े प्रोजेक्ट के लिए हायर कर सकती है। आज आपको फ़ोन पर कोई अच्छी न्यूज़ मिलेगी.. इससे घर में खुशियां आएंगी।

**वृष राशि-** आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। आज नौकरी अथवा व्यवसाय में किसी भी प्रकार की लापरवाही न रखें दूसरों के भरोसे काम नहीं छोड़ें। किसी से लिए रुपए को जल्द से जल्द चुकता करेंगे। अपने वैवाहिक जीवन को आज खास बनाएंगे। मानसिक रूप से किसी बात को अधिक सोंच सकते हैं। आज आपका स्वास्थ्य उत्तम रहेगा, आज फैमिली के साथ रेस्टुरेंट में खाना खाने का प्लान बनाएंगे। अपने व्यवहार में लचीलापन बनाये रखें, लोग आपकी ओर ज्यादा आकर्षित होंगे।

**मिथुन राशि-** आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। आपके निजी जीवन की जिम्मेदारियां बढ़ेंगी, जिन्हें आप बखूबी पूरा करेंगे। आपका किसी बिजनेस मीटिंग में परफॉर्मेंस अच्छा रहेगा और आस पास के लोग आपसे प्रभावित होंगे जिससे आपको बहुत बड़ा फायदा भी होगा। आज किसी काम में उलझने से अच्छा है किसी बड़े की सहायता ले लें। पारिवारिक जीवन में सौहार्द बढ़ेगा। आज संतान पक्ष से आपको कोई बड़ी खुशखबरी मिल सकती है। राजनीति से जुड़े लोगों की आज किसी बड़े नेता से मुलाकात होगी।

**कर्क राशि-** आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। ऑफिस के रुके कार्यों को पूरा करने में व्यस्त रहेंगे। आज शांत मन से कोई भी निर्णय लेना बेहतर रहेगा। दांपत्य जीवन में मधुरता बढ़ेगी। आज बेटे की किसी परीक्षा का रिजल्ट उनके हक़ में आयेगा। शुगर की समस्या से परेशान लोग आज अपने खान.पान पर परहेज रखें। सोना चांदी के व्यापारियों को आज अच्छा लाभ होगा। छात्रों के लिये आज का दिन अच्छा रहने वाला है, करियर को बेहतर बनाने के लिए शिक्षकों से सलाह मिलेगी।

**सिंह राशि-** आज आपका दिन मिला-जुला रहने वाला है। दोस्तों के साथ मिलजुल कर रहे। जरुरत पड़ने पर आपको मदद लेनी पड़ सकती है। आज आपकी आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर बनेगी। काफी समय से सोंची कोई चीज आज खरीद सकते हैं। आप अपने खाली समय का सदुपयोग नई चीज़े सीखने में करें, जो आपकी उन्नति में योगदान देगा । छात्रों को आज अपनी पढ़ाई पर ध्यान देने की जरूरत है। जीवनसाथी के साथ आज आप शॉपिंग करने जायेंगे। आज आप बिजनेस की गति बढ़ाने के लिए नयी योजना बनाएंगे।

**कन्या राशि-**आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज अपने आर्थिक पक्ष को देखते हुए खर्च करेंगे। आज आपको कोर्ट कचहरी के मामलों से बचकर रहने की जरूरत है। आपको अपने कार्यस्थल पर प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ सकता है। आज आपको उम्मीद से कई गुना ज्यादा लाभ होगा। आपको कोई अच्छी नौकरी जल्द मिलेगी। आज आपकी समस्यायें ख़त्म होंगी। ऑयली फूड से जितना हो सके दूर रहे, आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। लवमेट के लिए दिन अच्छा है, कहीं घूमने जाएंगे।

**तुला राशि-** आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आपकी इनकम के हिसाब से खर्चे बढ़ेंगे। कार्यों में आ रही रुकावटें आज समाप्त होंगी। आज माता-पिता के स्वास्थ्य का ध्यान देने की जरुरत है। आज बच्चे अपने मन की बात माता से शेयर करेंगे, तो उनको अपनी परेशानी का हल मिल जायेगा। जिससे उनका मन काफी खुश होगा। पारिवारिक सुखों में वृद्धि होगी। काम के प्रति आपकी रूचि बढ़ेगी। जीवनसाथी से रिश्ते में आपसी तालमेल बनाये रखें। अगर आप कपड़े का व्यापार करते हैं तो रोज से आज अधिक मुनाफा होगा।

**वृश्चिक राशि-** आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। आज हैवी ट्रैफिक की वजह से आपको ऑफिस के लिए लेट हो सकता है। आय की तुलना में व्यय की मात्रा अधिक रहेगी। आज आपके विचारों में सकारात्मक बदलाव आयेगा। आज इलेक्ट्रॉनिक चीजों या मशीनरी पर खर्च आदि की संभावना अधिक रहेगी । आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। जिस भी कार्य को करने को सोचेंगे उसमे सफलता जरूर मिलेगी। पिता आपके जिम्मेदार व्यक्तित्व को देखकर गर्व महसूस करेंगे। इस राशि के लवमेट आज मनपसंद जगह घूमने जायेंगे। कार्य क्षेत्र में नयी योजना बनाएंगे। जिसके माध्यम से आपको अच्छी सफलता मिलेगी।

**धनु राशि-** आज आपका दिन खुशहाल रहने वाला है। बड़े भाई की सहायता से काम को जल्द और आसानी से पूरा कर लेंगे। आपके घर के वातावरण में सुख समृद्धि बढ़ेगी। प्रॉपर्टी की रजिस्ट्री से जुड़ा काम आज फाइनल हो जाएगा। आपकी अधिक इनकम से आर्थिक स्थिति मजबूत बनेगी। जो लोग आर्किटेक्ट,सजावट की वस्तुओं, डिजाइनिंग जैसे क्षेत्रों में जुड़े हुए हैं उनके लिए आज का दिन शानदार रहने वाला है। आज आपकी मुलाकात किसी ऐसे व्यक्ति से होगी जो आपके व्यापार में लाभ कराएगा।

**मकर राशि-** आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। पूरी ऊर्जा के साथ काम करेंगे। इस राशि के राजनीतिज्ञ सामाजिक कार्यों में रूचि लेंगे। कोई नई शुरुआत करने अथवा नौकरी में परिवर्तन के मामले में आप गंभीरता से विचार करेंगे। आज दोस्तों के साथ किसी रेस्टोरेंट जाने का प्लान बनेगा। स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याएं आज खत्म होंगी। वाहन आदि लेने के सुखों का योग है। संतान पक्ष की उन्नति से घर में उत्साह बढ़ेगा। दांपत्य रिश्ते में सौहार्द बढ़ेगा। जीवनसाथी आज आपके लिए खास करेंगे, जिससे रिश्ते में मिठास बढ़ेगी।

**कुंभ राशि-** आज आपका दिन मिली जुली प्रतिक्रिया से भरा रहेगा। आज किसी बात से आप बेहद खुश होंगे। सिंगर्स को किसी एल्बम की प्रसिद्धि के लिए सम्मानित किया जायेगा। अगर आप कोई प्रेजेंटेशन तैयार कर रहे हैं, तो ध्यान पूर्वक करें। इस राशि के लोगों को काम के साथ स्वास्थ्य का भी ख़याल रखना चाहिए। सिविल इंजीनीयर्स को आज बड़ा कॉन्ट्रैक्ट मिल सकता है। लवमेट के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है। व्यापारिक क्षेत्र में सफलता मिलेगी।

**मीन राशि-** आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। आज कुछ नया करने की सोचेंगे। अगर आप प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं तो मेहनत करते रहें। आपको सफलता जरुर मिलेगी। कारोबार में आज कुछ ऐसी बाते सामने आएंगी जो भविष्य में फायदेमंद रहेंगी। स्वास्थ्य के नजरिये से आज का दिन ऊर्जा से भरा रहेगा। बुजुर्गों का मन बहलाने के लिए उन्हें बाहर घुमाने ले जाएंगे। अगर आपके रिश्ते की बात कहीं चल रही है तो जल्द फिक्स होने की खुशखबरी मिलेगी।

**राजनीति** **किशन सनमुखदास भावनानी**

# सभी समुदायों के चुनावी प्रक्रिया में प्रतिनिधित्व से ही सही मायने में लोकतंत्र होता है मजबूत



वैश्विक स्तरपर दुनियां के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत के निर्वाचन आयोग ने राजनीतिक चर्चा में दिव्यांगों दिव्यांग समुदाय के प्रति समावेशी और सम्मान के भाव को प्रोत्साहित करने के लिए आजादी के बाद पहली बार राजनीतिक दलों और उनके प्रतिनिधियों के लिए दिशा निर्देशों का एक सेट दिनांक 21 दिसंबर 2023 को जारी किया है। यह कदम आयोग ने पहली बार उठाया है और कहा है कि राजनीतिक विमर्श/अभियान में दिव्यांगजनों को न्याय और सम्मान देना होगा, इसके साथ परामर्श भी जारी किए हैं कि हर राजनीतिक दल को अपने अनेक सेवाकार्यों निर्णय, नीतियों में दिव्यांगजनों को सहभागी बनाएं ताकि उनके जीवन में उत्साह सकारात्मक जीवन जीने का आभास नजर आए। आयोग ने एक विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि राजनीतिक दलों और उनके प्रतिनिधियों को किसी भी सार्वजनिक बयान, भाषण के दौरान, अपने लेखन, लेख आउटरेज सामग्री, टीवी डिबेट में या राजनीतिक अभियान में दिव्यांग जनों या दिव्यांगों पर गलत अपमानजनक, अपमानजनक संदर्भों का उपयोग नहीं करना चाहिए। हाल ही में, आयोग को राजनीतिक विमर्श में दिव्यांगजनों (पीडब्ल्यूडी) के बारे में अपमानजनक या आक्रामक भाषा के उपयोग के बारे में अवगत कराया गया है। किसी भी राजनीतिक दल के सदस्यों या उनके उम्मीदवारों द्वारा भाषण/प्रचार-अभियान में इस तरह की भाषा का उपयोग दिव्यांगजनों के अपमान के रूप में समझा जा सकता है। समर्थवादी या एबलिस्ट भाषा के सामान्य उदाहरण - गूंगा, पागल, सिरफिरा अंधा, काना, बहरा, लंगड़ा, लूला, अपाहिज आदि शब्द हैं। ऐसी अपमानजनक भाषा के उपयोग से बचना अत्यंत आवश्यक है। राजनीतिक विमर्श/अभियान में दिव्यांगजनों को आदर और सम्मान दिया जाना चाहिए।चूंकि सभी समुदायोंके चुनावी प्रक्रियामें प्रतिनिधित्व में ही सही महीना में लोकतंत्र की बुनियाद निहित है इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे राजनीतिक दल अपने सवांदों भाषणों में दिव्यांगजनों के साथ सम्मानजनक तरीके से पेश आए, ऐसा चुनाव आयोग का फरमान आया।

साथियों बात अगर हम दिनांक 21 दिसंबर 2023 को चुनाव आयोग द्वारा जारी राजनीतिक दलों के लिए दिशा निर्देशों की करें तो, दिशानिर्देशों की मुख्य विशेषताएं ये हैं (1) राजनीतिक दलों और उनके प्रतिनिधियों को किसी भी सार्वजनिक बयान/भाषण के दौरान, अपने लेखन/लेख/आउटरीच सामग्री या राजनीतिक अभियान में निःशक्तिता/दिव्यांगजनों पर गलत/अपमानजनक/निरादरयुक्त संदर्भों का उपयोग नहीं करना चाहिए। (2) राजनीतिक दलों और उनके प्रतिनिधियों को किसी भी सार्वजनिक भाषण के दौरान, अपने लेखन/लेखों याराजनीतिक अभियान में मानवीय अक्षमता के संदर्भ में निःशक्तंता/दिव्यांगजनों का या निःशक्तेता/दिव्यांगजनों को निरूपित करने वाले शब्दों का उपयोग नहीं करना चाहिए।(3)राजनीतिक दलों और उनके प्रतिनिधियों को निःशक्तपता/ दिव्यांगजनों से संबंधित ऐसी टिप्पणियों से सख्ती से बचना चाहिए जो आक्रामक हो सकती हैं या रूढ़िवादिता और पूर्वाग्रहों को कायम रख सकती हैं(4)ऐसी भाषा, शब्दावली, संदर्भ, उपहास, अपमानजनक संदर्भ के उपयोग या दिव्यांगजनों का अपमान जैसा कि बिंदु (द्ब), (द्बद्ब) और (द्बद्बद्ब) में उल्लिखित है, पर दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 की धारा 92 के प्रावधान लागू हो सकते हैं।(5)भाषणों, सोशल मीडिया पोस्ट, विज्ञापनों और प्रेस विज्ञप्तियों सहित सभी प्रचार अभियान सामग्रियों की राजनीतिक दल के भीतर आंतरिक समीक्षा अवश्य की जानी चाहिए ताकि लोगों/ दिव्यांगजनों के प्रति सक्षमवादी भाषा, चाहे वह आक्रामक या भेदभावपूर्ण, सक्षमवादी भाषा के दृष्टांतों की पहचान और दोष सुधार की जा सके।(6) सभी राजनीतिक दलों को यह सुनिश्चित करना चाहिए और अपनी वेबसाइट पर घोषित करें कि वे निःशक्त ता एवं जेंडर की दृष्टि से संवेदनशील भाषा और शिष्ट भाषा का उपयोग करेंगे और साथ ही अंतर्निहित मानवीय समानता, समता, गरिमा और स्वायत्तता का सम्मान करेंगे।(7) सभी राजनीतिक दल सीआरपीडी (दिव्यांगजनों के अधिकारों पर कन्वेंशन) में उल्लिखित अधिकार-आधारित शब्दावली का उपयोग करेंगे और किसी भी प्रकार की अन्य शब्दावली के उपयोग से बचेंगे।(8) सभी राजनीतिक दल अपने सार्वजनिक भाषणों/ अभियानों/ कार्यकलापों/कार्यक्रमों को सभी नागरिकों के लिए सुलभ बनाएंगे। (9) सभी राजनीतिक दल अपनी वेबसाइट और सोशल मीडिया विषय-वस्तु को डिजिटल रूप से अभिगम्य बनाएंगे, ताकि दिव्यांगजन सुगमतापूर्वक इंटरएक्शन कर सकें।(10) सभी राजनीतिक दल राजनीतिक प्रक्रिया के सभी स्तरों पर पार्टी कार्यकर्ताओं के लिए दिव्यांगता पर एक प्रशिक्षण मॉड्यूल प्रदान कर सकते हैं और सक्षम भाषा के उपयोग से संबंधित दिव्यांगजनों की शिकायतों को सुनने के लिए नोडल प्राधिकारी नियुक्त करेंगे। (11) राजनीतिक दल पार्टी और जनता के व्यवहार संबंधी अवरोध को दूर करने और समान अवसर प्रदान करने के लिए सदस्यों और पार्टी कार्यकर्ताओं जैसे स्तरों पर अधिक दिव्यांगजनों को शामिल करने का प्रयास कर सकते हैं। 40 प्रतिशत की बेंचमार्क दिव्यांगता वाले दिव्यांग मतदाता इस वैकल्पिक सुविधा का लाभ उठा सकते हैं। हाल के चुनावों में, इस सुविधा की लोकप्रियता काफी बढ़ी है और समुदाय में इसे सराहा गया है।दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 में दिव्यांगजनों के अधिकारों की रक्षा का प्रावधान किया गया है। उक्त अधिनियम की धारा 7 सभी प्रकार के दुर्व्यवहार, हिंसा और शोषण से सुरक्षा प्रदान करती है। इसके अलावा, उपर्युक्त अधिनियम की धारा 92 में ऐसे अपराधों के लिए दंड का प्रावधान किया गया है। दिव्यांगजन अपने वोट डाल सके, इसके लिए विगत वर्षों में, वोट डालने के लिए अनुकूल परिवेश तैयार करने के लिए दिशानिर्देशों और सुविधाओं का एक सुव्यवस्थित फ्रेमवर्क तैयार किया गया है।इन सुविधाओं में मतदान केंद्र का भूतल पर स्थित होना, ईवीएम की बैलेट यूनिट पर ब्रेल संकेतक का होना, उचित ढाल वाले रैंप का निर्माण करना, दिव्यांगजनों के लिए अलग कतारों की व्यवस्था करना (मतदान केंद्र में प्रवेश देने में उन्हें प्राथमिकता देना), व्हीलचेयर की व्यवस्था करना और मतदान की प्रक्रिया का वर्णन करने वाले संकेतकों की पर्याप्त संख्या में व्यवस्था आदि शामिल है। दिव्यांगजनों (पीडब्ल्यूडी) की समान भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए निर्वाचन आयोग के लिए सुगम और समावेशी चुनाव, वह स्थायी सिद्धांत रहा है जिसके साथ निर्वाचन आयोग कोई समझौता नहीं करता। आयोग विभिन्न कदमों के माध्यम से चुनाव में सुगमता औरसमावेशिता के सिद्धांत को बढ़ावा देने के प्रति अत्यंत सजगता के साथप्रयासरत है। दिव्यांग समुदाय के प्रति राजनीतिक विमर्श में समावेशिता और सम्मान को बढ़ावा देने के लिए आयोग ने राजनीतिक दलों और उनके प्रतिनिधियों के लिए पहली बार दिशानिर्देशों जारी किए हैं। आयोग ने राजनीतिक दलों और उनके उम्मीदवारों से इन दिशानिर्देशों का अक्षरशः पालन करने का आग्रह किया है क्योंकि वे चुनावी प्रक्रिया में महत्वपूर्ण हितधारक हैं। साथियों बात अगर हम निर्वाचन आयोग द्वारा 2023 में बुजुर्गों के लिए घर से वोटिंग सुविधा उपलब्ध कराने की करें तो, भारत निर्वाचन आयोग ने विधानसभा निर्वाचन 2023 में राज्य के 80 वर्ष एवं इससे अधिक आयु के वृद्धजन 40 प्रतिशत या इससे अधिक दिव्यांगता वाले दिव्यांगजनों और कोविड 19 संक्रमित या संदिग्ध मतदाता घर से ही मत डाले।भारत निर्वाचन आयोग का यह प्रयास है कि समाज का कोई भी वर्ग मतदान में अपनी भागीदारी से नहीं छूटे।उनके लिए मतदान करने को डाक मतपत्र की वैकल्पिक सुविधा प्रदान की गई है। अब इन वर्गो के ऐसे व्यक्ति जो मतदान दिवस को मतदान केंद्र में पहुंचकर वोट डालने में अपने को असमर्थ पाते हैं, वे फार्म 12 घ भरकर डाक मतपत्र के विकल्प का चयन कर सकते हैं।उल्लेखनीय है कि निर्वाचन आयोग यह सुनिश्चित करने पर विशेष जोर देता रहा है कि दिव्यांग मतदाताओं (पीडब्ल्यूडी) और वरिष्ठ नागरिकों को हर तरह की सुविधा देनी चाहिए, ताकि चुनावी प्रक्रिया में उनकी व्यापक भागीदारी सुनिश्चित हो सके। चुनावी प्रक्रिया के लिए विभिन्न राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों की तैयारियों की समीक्षा से संबंधित आयोग के एजेंडे में एक विषय इन श्रेणियों के मतदाताओं को आवश्यक सुविधा प्रदान करना है। इस मुद्दे के दो पहलू हैं जिनमें आवश्यक बुनियादी ढांचागत सुविधाओं का सृजन करना और इस प्रक्रिया में सुविधा के लिए आवश्यक कानूनी रूपरेखा तैयार करना शामिल हैं। अपेक्षाकृत अधिक दिव्यांगता तथा रेलवे, राज्य परिवहन एवं उड्डयन जैसी आवश्यक सेवाओं से जुड़े कर्मियों के मतदान केन्द्रों पर आने में असमर्थता को ध्यान में रखते हुए आयोग ने 22 अक्टूबर, 2019 को विधि एवं न्याय मंत्रालय से इस आशय की सिफारिश की थी। तदनुसार, केंद्र सरकार ने विभिन्न नियमों में संशोधन किए। अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि भारत के सभी राजनीतिक दल ध्यान दीजिएगा ! राजनीतिक दल अपने संवादों, भाषणों में विकलांगजनों के साथ सम्मानजनक तरीके से पेश आए - चुनाव आयोग का दिशानिर्देश।सभी समुदायों के चुनावी प्रक्रिया में प्रतिनिधित्व से ही सही माईना से लोकतंत्र की बुनियाद निहित है।निर्वाचन आयोग ने राजनीतिक दलों के नेताओं से भाषणों में दिव्यांगों पर अपमानजनक शब्दों का इस्तेमाल नहीं करने की चेतावनी सराहनीय।

एक नजर

## आईडी बरामद कर मौके पर किया निष्क्रिय



**सुकमा 22 दिसंबर।** थाना भैरमगढ़ क्षेत्रान्तर्गत बेलचर पगडण्डी रास्ते पर माओवादियों द्वारा लगाये गये 05 किग्रा का आईडी बरामद माओवादियों द्वारा सुरक्षा पार्टी को क्षति पहुचाने के उद्देश्य से पगडण्डी रास्ते पर 5 किग्रा का आईडी कुकर में प्लांट किया गया था आईडी प्रेशर स्वीच से लगाया गया था अभियान में निकले डीआरजी की पार्टी एवं बीडीएस बीजापुर की टीम द्वार आईडी बरामद कर मौके पर निष्क्रिय किया गया।

## सुशासन दिवस पर कृषकों को मिलेगी बोनस राशि की सौगात

**उत्तर बस्तर कांकेर, 25 दिसम्बर।** देश के पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न से सम्मानित श्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म दिवस 25 दिसंबर को राष्ट्रीय सुशासन दिवस के तौर पर मनाया जाएगा। प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार उक्त दिवस को धान उत्पादन प्रोत्साहन योजना के राशि वितरण कार्यक्रम के तहत खरीफ विपणन वर्ष 2014-15 एवं 2015-16 में धान बेचने वाले पंजीकृत किसानों को लम्बित बोनस राशि वितरण 300 रूपए प्रति क्विंटल के मान से किया जाएगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार इस योजना के तहत जिले की 35 समितियों में खरीफ विपणन वर्ष 2014-15 में 42 हजार 838 पंजीकृत किसानों के द्वारा 18 लाख 20 हजार 615 क्विंटल धान का विक्रय किया गया था, जिसके विरूद्ध 54 करोड़ 61 लाख 85 हजार रूपए की बोनस राशि वितरित की जाएगी। इसी प्रकार खरीफ विपणन वर्ष 2015-16 में 13 लाख 32 हजार 413 क्विंटल धान खरीदी हुई थी, जिसके लिए जिले के 33 हजार 757 किसानों को 39 करोड़ 97 लाख 24 हजार रूपये की बोनस राशि डीबीटी के माध्यम से प्रदाय की जाएगी। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार आगामी 25 दिसंबर को पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती राष्ट्रीय सुशासन दिवस के अवसर पर राज्य के किसानों को खरीफ विपणन वर्ष 2014-15 एवं वर्ष 2015-16 की बकाया धान की बोनस राशि 3716.3896 करोड़ रूपए का भुगतान किया जाएगा। मुख्यमंत्री श्री साय के निर्देश के परिपालन में वर्ष 2014-15 एवं 2015-16 में समर्थन मूल्य पर उपार्जित धान के एवज में प्रति क्विंटल के मान से 300 रूपए की दर से बोनस का भुगतान किया जाएगा। बोनस राशि के भुगतान का कार्यक्रम राज्य स्तर व विकासखंड स्तर पर 25 दिसंबर को किया जाएगा। मुख्यमंत्री श्री साय इस मौके पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से किसानों से संवाद भी करेंगे। विकासखंड स्तर पर आयोजित कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य लोगों द्वारा हितग्राही किसानों को धान उत्पादन प्रोत्साहन राशि का प्रमाण पत्र भी प्रदान किया जाएगा।

## कोविड की जांच एवं उपचार की सुविधा को पुनः सुदृढ़ करने निर्देश जारी

**उत्तर बस्तर कांकेर, 22 दिसम्बर।** भारत के केरल एवं अन्य राज्यों में कोरोना के नए वेरिएंट वायरस का फैलाव होने के कारण आगामी नव-वर्ष एवं त्योहारों को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला के निर्देशानुसार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अविनाश खरे के द्वारा कोविड-19 संक्रमण के रोकथाम एवं प्रबंधन हेतु भारत सरकार स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा जारी दिशा-निर्देश का जिले के समस्त शासकीय स्वास्थ्य केन्द्रों में पालन किए जाने हेतु निर्देश जारी किए गए हैं।

## एयरटेल बिजनेस ने इंटेलिस्मार्ट के साथ साझेदारी की

**रायपुर 22 दिसंबर।** भारती एयरटेल , भारत के अग्रणी दूरसंचार सेवा प्रदाताओं में से एक है, ने आज इंटेलिस्मार्ट इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड के साथ एक महत्वपूर्ण साझेदारी किए जाने की घोषणा की है। इंटेलिस्मार्ट एक अग्रणी स्मार्ट मीटरिंग एवं डिजिटल समाधान प्रदाता है और इस साझेदारी के तहत 20 मिलियन स्मार्ट मीटर्स को पावर-अप किया जाएगा। यह साझेदारी हाई एंड ऐप्लीकेशंस, जैसे कि क्लाउड और एनालिटिक्स के साथ एडवांस मीटरिंग इंफ्रास्ट्रक्चर और मीटर डेटा मैनेजमेंट सिस्?टम्?स में एयरटेल का प्रवेश भी दिखाती है।

# कर्तव्य में लापरवाही बरतने के कारण खाद्य निरीक्षक तत्काल प्रभाव से निलंबित

## प्रभारी तहसीलदार के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की अनुशंसा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**सुकमा,22 दिसम्बर।** कलेक्टर श्री हरिस.एस ने कर्तव्य में लापरवाही बरतने के फलस्वरूप खाद्य निरीक्षक श्री हरिशंकर साहू को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। इस परिप्रेक्ष्य में जारी आदेश में कहा गया है कि अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कोंटा का जांच प्रतिवेदन अनुसार आवेदक श्री राकेश जायसवाल ग्राम चिंतलनार के द्वारा तहसीलदार दोरनापाल एवं खाद्य निरीक्षक दोरनापाल के विरूद्ध शिकायत की जांच की गई। इसके साथ ही जिला स्तरीय जांच दल द्वारा किये गये निरीक्षण तथा 17 दिसम्बर 2023 को आवेदक का अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कोन्टा के समक्ष दर्ज कथन एवं आवेदक द्वारा साक्ष्य के तौर पर प्रस्तुत वीडीयो, ऑडियो सीडी आदि का अवलोकन एवं परीक्षण में खाद्य निरीक्षक श्री हरिशंकर साहू के कार्यप्रणाली संदिग्धता को प्रदर्शित करता है, जो छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम का स्पष्ट उल्लंघन एवं दण्डनीय है।

उक्त शिकायत प्रथम दृष्टया सही पाये जाने के कारण छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के तहत खाद्य निरीक्षक श्री हरिशंकर साहू को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाता है। निलंबन अवधि में उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता की पात्रता होगी और निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय तहसील कार्यालय सुकमा नियत किया गया है।

प्रभारी तहसीलदार दोरनापाल( सहायक अधीक्षक भू-अभिलेख)श्री अजय कुमार मेरावी द्वारा अपने पद का दुरूपयोग कर लाभार्जन के उददेश्य से एवं संदर्भित प्रारंभिक जांच प्रतिवेदन के पुष्टि होने के आधार पर सुकमा कलेक्टर श्री हरिस.एस द्वारा संभाग आयुक्त को संबंधित प्रभारी तहसीलदार के विरूद्ध अनुशासनात्मक/निलंबन की कार्यवाही किये जाने हेतु अनुशंसा पत्र भेजी गई है।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा से शासन की योजनाओं की मिल रही जानकारी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**सुकमा, 22 दिसंबर।** भारत सरकार की योजनाओं से नागरिकों को जागरूक करने एवं शासन की योजनाओं से लाभान्वित करने के उद्देश्य से विकसित भारत संकल्प यात्रा जिले के वनांचल ग्रामों में पहुंचकर लोगों को निरंतर जागरूक कर लाभांवित किया जा रहा हैं। इसी क्रम में गुरुवार को जिले के 06 ग्रामों में आयोजित कार्यक्रम में लोगों के मध्य उत्साह दिखा।कार्यक्रम का आयोजन ग्राम सोनाकुकानार, नागारास, तोंगपाल, तहकवाड़ा, नागलगुण्डा और गोरगुण्डा में किया गया।

इस अवसर कार्यक्रम स्थल में विभिन्न विभागों द्वारा जनसामान्य को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान करने स्टॉल भी लगाया गया था। यहां कृषि के साथ ही पशुपालन, केसीसी बनाने का कार्य किया जा रहा था। इसके साथ ही चिकित्सा विभाग के स्टॉल में आयुष्मान कार्ड बनाया जा रहा था। प्रधानमन्त्री उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, नवीन राशन कार्ड और राशन कार्ड में संशोधन के लिए आवेदन लिया गया।

इसके साथ ही मधुमेह, रक्तचाप, एनीमिया, टीबी, सिकलसेल, एनसीडी जांच आदि की जांच करने के साथ ही दवाई भी वितरित की गई। महिला एवं बाल विकास विभाग के स्टॉल में रेडी-टू-ईट से निर्मित विभिन्न पकवानों का प्रदर्शन किया गया था। पशुपालन विभाग के स्टॉल में पशुपालन के लिए किसान क्रेडिट कार्ड बनाने तथा पशुओं के उपचार के लिए औषधि वितरण किया गया।

इस अवसर पर यहां उपस्थित ग्रामीणों ने विकसित भारत के निर्माण की शपथ ली। इसके साथ ही यहां धरती कहे पुकार के नृत्य नाटिका के माध्यम से धरती को जैविक कृषि के माध्यम से उर्वरक बनाने का संदेश दिया गया। कृषि विज्ञान केन्द्र के अधिकारी द्वारा प्राकृतिक खेती, मृदा स्वास्थ्य कार्ड के संबंध में जानकारी दी गई। इसके साथ ही हितग्राहियों ने विभिन्न योजनाओं के तहत मिले लाभ से उनके जीवन में आए बदलाव की जानकारी ग्रामीणों से साझा की। इस अवसर पर आयोजित क्वीज प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।

# दुर्घटनाग्रस्त ट्रक से जा टकराई यात्री बस,3 की मौत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**चारामा 22 दिसंबर।** रायपुर से जगदलपुर की ओर आ रही महेन्द्रा बस की पहले से दुर्घटनाग्रस्त ट्रक से जोरदार टक्कर होने के कारण बस में सवार 3 यात्रियों की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई वही अनेक यात्री घायल हो गये है। घटनास्थल से प्राप्त जानकारी के अनुसार आज सुबह लगभग 9 बजे महेन्द्रा बस क्रमांक सीजी 07 ई 1485 रायपुर से जगदलपुर की ओर आ रही थी जहां नेशनल हाईवे 30 में धमतरी से चारामा के बीच स्थित मरकाटोला घाट में कल शाम को दुर्घटनाग्रस्त हुई ट्रक क्रमांक सीजी 07 सीए 8751 से टकरा गई जिसके कारण बस में सवार 3 यात्रियों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई तथा अनेक यात्री घायल हो गये। घटना की जानकारी मिलते ही गुरूर पुलिस की टीम घटनास्थल पर पहुच गयी और मृतको को एम्बुलेंस की मदद से गुरूर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भेजा गया तथा कुछ घायल यात्रियों को चारामा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भेजा गया वही कुछ सामान्य घायलों को धमतरी भी भेजा गया है। उल्लेखनीय है कि मरकाटोला घाट में पिछले कुछ दिनों से मरम्मत का कार्य किया जा रहा है जिसके चलते बार-बार रूट डायवर्ट किया जाता है। प्रत्यक्षदर्शियों के बताये अनुसार कल भी रूट डायवर्ट किया गया था जिसमें कल शाम को ही एक ट्रक अचानक मोड़ने के कारण पलट गया था। ठीक उसी जगह पर आज उक्त बस भी रूट डायवर्ट का संकेतक देखकर अचानक बस को मोड़ने के कारण बस उसी ट्रक से जा टकराई और 3 यात्रियों की दर्दनाक मौत हो गई।

# युवाओं ने प्रस्तुत की 2047 के विकसित भारत की परिकल्पना

**रायपुर 22 दिसम्बर।** इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर में आजादी के 100 वर्ष पूर्ण होने तक विकसित भारत के भावी स्वरूप पर विजनरी डाक्युमेंट ''विकसित भारत मिशन ञ 2047'' के परिपेक्ष्य में ''कृषि-शिक्षा, अनुसंधान, प्रसार एवं विकास की भूमिका'' विषय पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस विचार गोष्ठी में रायपुर मुख्यालय में संचालित कृषि महाविद्यालय, कृषि अभियांत्रिकी महाविद्यालय एवं खाद्य प्रौद्योगिकी महाविद्यलय में अध्ययनरत छात्रों ने आजादी के 100 वर्ष पूर्ण होने तक विकसित भारत के भावी स्वरूप एवं कार्ययोजना के संबंध में विचार व्यक्त किये। भारत सरकार द्वारा संचालित इस कार्यक्रम के तहत माननीय प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में देश के आर्थिक, सामाजिक, पर्यावरण, सुशासन सहित स्थाई विकास के भावी स्वरूप एवं उसका रोड मेप तैयार किया जाएगा। इस कार्यक्रम में छात्रों द्वारा चर्चा, परिचर्चा, भाषण, वाद-विवाद, पोस्टर, रैली एवं सोशल मीडिया के माध्यम से व्यक्त किये गये विचारों को ÒÒIdeas from



Youth for Viksit Bharat @ 2047'' वेब पेज पर अपलोड किया जाना है। विचार गोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में कृषि महाविद्यालय रायपुर के अधिष्ठाता डॉ. जी.के. दास उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. संजय शर्मा ने की। इस अवसर पर स्नातक, स्नातकोत्तर एवं पी.एच.डी. में अध्ययनरत 150 से अधिक छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। इस कार्यक्रम का सफल आयोजन इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल के मार्गदर्शन में किया गया। विद्यार्थियों द्वारा विचार गोष्ठी में सकल घरेलू उत्पाद में कृषि की भागीदारी, कृषि प्रसंस्करण को बढ़ावा देना, एग्री बिजनेस पार्क स्थापित करना, वर्षा जल प्रबंधन, वर्टिकल फार्मिंग, मृदा रहित खेती, कृषि में जलवायु परिवर्तन के प्रभाव तथा व्यवसायिक कृषि को अपनाना आदि विषयों पर 25 छात्र-छात्राओं ने अपने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर छात्रां द्वारा प्रस्तुत सर्वश्रेष्ठ 10 विचारों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। रायपुर मुख्यालय के समस्त महाविद्यालयों के 200 से अधिक विद्यार्थियों ने ''विकसित भारत मिशन ञ 2047'' कार्यक्रम के अंतर्गत ''भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करेंगे'' का ऑनलाईन शपथ ग्रहण कर ई प्रमाण पत्र प्राप्त किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में निदेशक प्रक्षेत्र डॉ. एस.एस. टुटेजा उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन वैज्ञानिक डॉ. रामा मोहन सावू ने किया।

## कृषि कार्य के लिए कम समय एवं लागत में घुलनशील रसायन एवं कीटनाशकों का भी कर सकते हैं छिड़काव

# बस्तर ब्लॉक के कोलचूर में ड्रोन से किया नैनो यूरिया का छिड़काव

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**जगदलपुर 22 दिसंबर।** जिले के बस्तर विकासखण्ड के ग्राम पंचायत कोलचूर में ड्रोन के माध्यम नैनो यूरिया का छिड़काव किसानों की उपस्थिति में किया जा रहा है। किसानों को नयी तकनीक की जानकारी दी जा रही है। किसान प्रदर्शनी को देखने उत्साहित नजर आ रहे हैं। विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत राज्य के सभी जिलों में ड्रोन के माध्यम से नैनो यूरिया का छिड़काव खेतों में किया जा रहा है। साथ ही किसानों के खेतों में कृषि विभाग और भारत सरकार की कंपनी एनएफएल के संयुक्त तत्वावधान में डेमोंस्ट्रेशन किया जा रहा है।

इस मौके पर किसानों को अवगत कराया गया कि ड्रोन से बेहतर दक्षता के साथ भूमि के बड़े रकबा में जल्दी और कुशलता से नैनो यूरिया का छिड़काव किया जा सकता है। इसका सार्थक लाभ यह होता है कि किसानों कम लागत लगेगी और खेतों में फसल की पैदावार बेहतर होगी इसके साथ ही फसल स्वास्थ्य पर डेटा इकट्ठा करने के लिए ड्रोन का उपयोग किया जा सकता है। जिससे किसानों को उन क्षेत्रों की पहचान करने की अनुमति मिलती है, जिन पर ध्यान देने की आवश्यकता है। किसानों को कम लागत का भी लाभ मिलता है। ड्रोन खेत के उन क्षेत्रों को पहचान करके लागत कम करने में मदद कर सकते हैं, जिन पर ध्यान केन्द्रीत करने की जरूरत है। किसानों को खेत में छिड़काव करने के लिए अधिक मेहनत नहीं करनी पड़ेगी इसके साथ ही कीटनाशकों और अन्य रसायनों का उपयोग को कम करना है। ड्रोन के उपयोग का लाभ कृषि कार्य के लिए घुलनशील रसायन एवं कीटनाशकों का छिड़काव हेतु किसानों को किराया मात्र 300 रूपए प्रति एकड़ वहन करना पड़ेगा। कृषि कार्य हेतु ड्रोन से छिड़काव की अवधि 3 से 7 मिनट प्रति एकड़ उपयोग किया जा सकता है। आवश्यकतानुसार कृषि कार्य हेतु ड्रोन को जीपीएस के माध्यम से सही जगह एवं दिशा में रखा जा सकता है, जिससे निर्धारित क्षेत्र में स्प्रे किया जा सकता है। कोलचूर में ड्रोन के माध्यम से नैनो यूरिया का छिड़काव के दौरान संयुक्त संचालक कृषि श्री ध्रुव और कृषि विज्ञान केन्द्र के अधिकारी मौजूद थे।

समाचार संक्षेप

## चाकूबाजी का फरार आरोपी गिरफ्तार



**भिलाई 22 दिसंबर।** मोहन नगर थाना क्षेत्र सिकोला भाठा दुर्ग में 10 सितंबर को हुए चाकूबाजी के फरार आरोपितं विशाल ठाकुर उर्फ फूटेबम को गिरफ्तार करने में मोहन नगर पुलिस को सफलता मिली। आरोपित पिछले चार महीने से फरार चल रहा है। घटना 10 सितंबर की थी। आरोपित के खिलाफ हत्या का प्रयास करने का मामला दर्ज था और पुलिस उसकी पतासाजी कर रही थी दुर्ग सीएसपी मणिशंकर चंद्रा ने बताया कि 10 सितंबर को सिकोला भाठा दुर्ग में दही लूट का आयोजन था मोहल्ले का रोहन ठाकुर दही लूट कार्यक्रम देख रहा था उसी दौरान वहां पास में रखे कार में टिका हुआ था तभी कार मालिक जंयती नगर निवासी विशाल ठाकुर उर्फ फूटेबम वहां पहुंचा और रोमन को कार में टिका देखा गाली गलौच करने लगा रोमन नले जब गाली-गलौच करने से मना किया तो विशाल ने चाकू निकालकर रोमन पर प्राणघातक हमला कर दिया रोमन के पेट जांघ व पैर में चोट आई उसे फौरान जिला अस्पताल में दाखिल कराया गया घायल रोमन की मां सरोज ठाकुर ने घटना की जानकारी मोहन नगर पुलिस को दी मोहन नगर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर आरोपित की तलाश शुरू की आरोपित चार महीने तक फरार रहा 20 दिसंबर को उसके सिकोला भाठा में होने की सूचना मुखबिर से मिली पुलिस ने उसे घेराबंदी कर पकड़ा उसे न्यायालय में पेश किया गया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

## मरीज राधेराम और सरोज को टीबी से मिली मुक्ति

**उत्तर बस्तर कांकेर, 24 दिसम्बर।** 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' के अंतर्गत जिले के नरहरपुर विकासखंड के गांव धनोरा में बुधवार 20 दिसम्बर को मोबाइल वैन पहुंची जहां पर शिविर आयोजित कर ग्रामीणों को योजनाओं की जानकारी दी गई। इस अवसर पर 'मेरी कहानी मेरी जुबानी' के तहत ग्राम- धनोरा के ग्रामीण श्री राधेराम नेताम ने अपनी आपबीती साझा करते हुए बताया कि उन्हें कुछ माह पहले दो से तीन हफ्तों तक खांसी की शिकायत थी। फिर वह प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सारवंडी में खांसी का इलाज कराने के लिए पहुंचे, जहां जांच के बाद चिकित्सक ने बताया कि उन्हें टीबी की बीमारी है। श्री नेताम ने बताया कि यह जानकर वह काफी भयभीत हो गए थे, फिर चिकित्सक ने उन्हें समझाइश देते हुए कहा कि यह बीमारी लाइलाज नहीं है और नियमित दवाई के सेवन से वे पूरी तरह ठीक हो जाएंगे। इस तरह छह महीने तक डॉट्स सहित कुछ अन्य दवाइयां लीं, आज वह पूरी तरह स्वस्थ हैं। इसी प्रकार भानुप्रतापपुर विकासखंड के गांव संबलपुर में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा के शिविर में सुश्री सरोज प्रजापति ने अनुभव शेयर करते हुए बताया कि कई दिनों से खांसी होने के बाद उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जांच कराई, जहां उन्हें टीबी रोग से ग्रसित होने के बारे में पता चला। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भानुप्रतापपुर के चिकित्सक की सलाह पर वह छह माह तक नियमित रूप से दवाइयां लीं, जिसके बाद उनकी बीमारी ठीक हो गई। इस तरह राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के तहत राधेराम और सुश्री सरोज की बीमारी का प्रभावी इलाज भारत सरकार के टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के तहत हुआ। दोनों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की संवेदनशीलता और मुफ्त इलाज की सुविधा के आभार व्यक्त किया।

## जिले की 8 ग्राम पंचायतों में पहुंचा केंद्र सरकार की योजनाओं का प्रचार वाहन

**जगदलपुर 22 दिसंबर।** भारत सरकार की योजनाओं से नागरिकों एवं ग्रामीणों को जागरूक करने एवं शासन की योजनाओं से लाभान्वित करने के उद्देश्य से विकसित भारत संकल्प यात्रा के जरिये जिले के अंदरूनी ग्राम पंचायतों में पहुंचकर लोगों को निरंतर जागरूक कर लाभान्वित किया जा रहा है। इसी कड़ी में गुरुवार को जिले के 08 ग्राम पंचायतों में आयोजित कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों के मध्य काफी उत्साह दिखा। जिले के बस्तर ब्लॉक के कोलचुर एवं टिकरा लोहंगा, जगदलपुर विकासखण्ड के छोटे कवाली एवं कवालीकला, लोहंडीगुड़ा ब्लॉक के आंजर एवं बड़े गुमियापाल और तोकापाल विकासखण्ड के कोयपाल एवं राजूर में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। लोहण्डीगुड़ा विकासखण्ड के दूरस्थ ग्राम पंचायत बड़े गुमियापाल में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में कलेक्टर श्री विजय दयाराम के. सहित सीईओ जिला पंचायत श्री प्रकाश सर्वे और जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ ही पंचायत पदाधिकारी तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने उत्साह के साथ सहभागिता निभाया।



जगदलपुर 22 दिसंबर। किरण देव को प्रदेश अध्यक्ष व केदार कश्यप को पुनः मंत्री पद से नवाजे जाने पर भाजपा व शहर के लोगों में हर्ष व्यापत है।

# बारिश में टूटा कच्चा मकान, पीएम आवास योजना से मिला पक्का मकान

## विजय ने कहा-बारिश में छत से टपकते पानी से अब मिलेगा छुटकारा





■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 22 दिसम्बर।** हर किसी का सपना होता हैं कि खुद का एक पक्का मकान हो, लेकिन आर्थिक दिक्कतें सामने आती हैं, जिससे उनका सपना अधूरा रह जाता था, लेकिन आज लोगों के अधूरे सपने को साकार कर रही है प्रधान मंत्री आवास योजना। कृषि और मजदूरी पर निर्भर रहने वाले ग्राम धनागर निवासी श्री घुरुऊ राम चौहान कहते है कि बारिश में उनका कच्चा मकान ढह गया था। जिससे उन्हें काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। उनके दो बच्चे है जो शादी के लायक हैं, ऐसे में मकान की जरूरत और भी अधिक हो जाती हैं। इसी बीच प्रधान मंत्री आवास योजना की जानकारी मिली और उन्होंने फॉर्म भरने के पश्चात उक्त योजना का लाभ मिला।

आवास योजना की राशि बैंक खाते में आने से अब उनका घर बन रहा हैं। किस्त की राशि जारी होने से अब घर के कार्य में तेजी आ चुकी हैं जो जल्द ही निर्माण कार्य पूरा हो जाएगा। घर बनने से उन्हें अपने बेटे की शादी में आसानी होगी। उन्होंने पीएम आवास योजना के संचालन के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी एवं शेष राशि जारी करने पर मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय को धन्यवाद ज्ञापित किया। इसी प्रकार धनागर निवासी श्री विजय उरांव एवं उनकी पत्नी बताती है कि संयुक्त परिवार एवं छोटा मकान होने से रहने में बहुत दिक्कत होती थी। बारिश के दिनों में पानी टपकते की समस्या के साथ ही घर का कुछ हिस्सा टूट गया था। जिससे भय की स्थिति बनी रहती थी और वे आर्थिक रूप से सशक्त भी नही थे कि स्वयं का घर बना पाए। लेकिन प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ मिलने से आज वो खुद का घर बना पा रहे हैं, राशि मिलने से घर का कार्य लगभग पूर्ण होने वाला हैं, जिससे वो जल्द अपने नए घर में शिफ्ट हो जायेंगे। धनागर गांव के ही श्री सेतराम सिदार ने बताया की छोटा सा घर था जिसमे रूम नही था, बारिश में बहुत परेशानी होती थी। इसके अलावा घर में मेहमान आने से दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ मिलने से दूसरों की तरह खुद का पक्का मकान तैयार हो रहा है। सेतराम सिदार एवं विजय उरांव ने प्रधानमंत्री आवास के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को धन्यवाद दिया।

## एक नजर

### 18 यात्री बसों का किया चालान

**बीजापुर 22 दिसंबर।** सिविल जज श्री ताजुद्दीन आसिफ के निर्देशन में बीजापुर बीजापुर आने जाने वाले सभी बसों का सघन जांच किया गया एवं आग बुझाने वाला यंत्र fire e&tinguisher एवं फर्स्ट एड किट की उपलब्धता जांच किया गया।इस दौरान परिवहन विभाग बीजापुर यातायात पुलिस विभाग बीजापुर एवं परिवहन उड़नदस्ता जगदलपुर की टीम द्वारा संयुक्त अभियान चलाकर 16 से18 दिसंबर तक यात्री बसों की सघन जांच कर कमी पाए जाने वाले वाहनों पर मोटरयान अधिनियम 1988के तहत चलानी कार्रवाई की गई तथा सभी बस मालिकों को 03 दिवस के भीतर नियमानुसार कमी दूर करते हुए आग बुझाने वाला यंत्र और फर्स्ट एड किट रखने के निर्देश दिए गए गए चलानी कार्रवाई के तहत कुल 18 यात्री बसों से चलान वसूला गया।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा में प्रधानमंत्री आवास के हितग्राहियों को पूर्णता प्रमाण पत्र वितरित



**बीजापुर 22 दिसंबर।** केंद्र सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने एवं इन योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों से संवाद करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन ग्राम पंचायत दुगोली में किया गया। इस दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राही जिन्होंने आवास समय सीमा के भीतर पूर्ण कर लिए हैं उन्हे पूर्णता प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। हितग्राहियों ने पूर्णता प्रमाण पत्र मिलने पर खुशी जाहिर करते हुए केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री आवास योजना की तारीफ करते हुए कहा कि आवासहीन परिवारों के लिए यह योजना संजीवनी के समान है।

### मेरी कहानी, मेरी जुबानी में बताया कि भय से मिली मुक्ति

**बीजापुर 22 दिसंबर।** केंद्र सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने एवं इन योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों से संवाद करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन ग्राम पंचायत दुगोली में किया गया। जिसमें मेरी कहानी मेरी जुबानी कार्यक्रम अंतर्गत ग्राम पंचायत मिडते निवासी रमेश तेलम ने अपनी कहानी बताते हुए कहा कि कच्चे मकान में बरसात के दिनों में पानी टपकता था। कभी भी कच्ची दीवार गिर जाने का डर लगा रहता था। मेरे पिता जी के नाम से प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत हुआ, जिसे मैं और मेरा परिवार मिलकर समय सीमा पूर्ण कर लिए, जिसकी मुझे मजदूरी भी मिली।



### लक्षित हितग्राहियों का 95 प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाना सुनिश्चित करें: कलेक्टर

**महासमुंद 22 दिसंबर।** कलेक्टर प्रभात मलिक ने जिला पंचायत के सभाकक्ष में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक लेकर स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाए जा रहे स्वास्थ्य योजनाओं की व्यापक समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने जिले में आयुष्मान कार्ड के लक्षित हितग्राहियों के अनुरूप 95 प्रतिशत हितग्राहियों का 25 जनवरी तक आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा में स्वास्थ्य विभाग स्टॉल लगाकर सिकल सेल, एनीमिया, टीबी व कुष्ठ रोग के मरीजों का स्क्रीनिंग करें।

## नक्सलियों ने मोबाइल टावर सहित दो यात्री बसों को भी जला दिया

**बीजापुर 22 दिसंबर।** नक्सलियों के 22 दिसंबर को भारत बंद से पहले नक्सलियों ने बीजापुर जिले में जम कर उत्पात मचाया है। नक्सलियों ने एक मोबाइल टावर में आगजनी की । वहीं, नक्सलियों ने आवापल्ली इलाके में दो यात्री बसों को आग के हवाले कर दिया है। नक्सली वारदात के बाद इलाके में दहशत का माहौल हैं। मिली जानकारी के मुताबिक, बीजापुर जिले के ग्राम मद्देड़ से करीब आठ किलोमीटर दूर सोमनपल्ली में लगे एक मोबाइल टावर को नक्सलियों ने बुधवार गुरुवार की दरमियान रात को आग के हवाले कर दिया है। साथ ही बंद को लेकर यहां पोस्टर पर्चे भी फेंके हैं। ज्ञात हो कि नक्सलियों ने 22 दिसंबर को भारत बंद का आह्वान किया है। गुरुवार की शाम उसूर ब्लाक के दुगाईगुड़ा के पास नक्सलियों ने रॉयल ट्रेवहल्स की यात्री बस में आग लगा दिया । आवापल्ली से रायपुर के लिए निकली रॉयल ट्रेवहल्स की बस जैसे ही दुगाईगुड़ा के पास पहुंची नक्सलियों ने बस को रोकर यात्रियों को उतरवाया फिर उसमें आगजनी कर दी। वहीं, दूसरी घटना में नक्सलियों ने बीजापुर से बासागुड़ा जा रही कुशवाह ट्रेवहल्स की यात्री बस को तिम्मापुर के पास रोककर यात्रियों को उतारा और फिर बस में आगजनी की और वारदात को अंजाम दे दिया। नक्सलियों के बंद आह्वान से आवापल्ली मार्ग में आवागमन पर व्यापक असर पड़ा है ।शुक्रवार को इस मार्ग पर सुरक्षा की दृष्टि से यात्री बसों का संचालन बन्द रहा वही आवापल्ली का मार्केट पूरी तरह बंद रहा । जगदलपुर से हैदराबाद जानी वाली यात्री बसों को भी गुरुवार की रात रोक दिया गया ।बसों को शुक्रवार सुबह रवाना किया गया ।



# 100 ग्राम पंचायतों में 26 जनवरी तक पहुंचेगी संकल्प यात्रा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर 22 दिसम्बर।** भारत सरकार के संयुक्त सचिव एवं जिला प्रभारी श्री ई श्रीनिवास ने बीजापुर जिले में तालनार और एरमनार में आयोजित ÷विकसित भारत संकल्प यात्रा÷ का अवलोकन किया तथा केन्द्र द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों के संचालन को प्रत्यक्ष तौर पर देखा। शिविरों में हर घर जल, आयुष्मान कार्ड, स्वच्छ भारत मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्वला योजना आदि के उपलब्धियों की जानकारी ली और पंजीयन की कार्यवाही की प्रगति का अवलोकन किया। जिला कार्यालय बीजापुर के सभाकक्ष में आयोजित समीक्षा बैठक में प्रभारी सचिव श्री ई श्रीनिवास ने ÷विकसित भारत संकल्प यात्रा÷ के आयोजन की समीक्षा की तथा तालनार और एरमनार में आयोजित शिविर पर प्रसन्नता व्यक्त की। केन्द्र द्वारा संचालित प्रधानमंत्री आवास योजना के पंजीयन के प्रगति तथा निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूर्ण होने के लक्ष्य की जानकारी प्राप्त की गई। आयुष्मान कार्ड, शत प्रतिशत हितग्राहियों को मिल सके इसके लिए विशेष प्रयास कर लक्ष्य प्राप्त करने निर्देश दिया गया। उज्वला योजना के पात्र हितग्राहियों का जल्द से जल्द पंजीयन की कार्यवाही पूर्ण कर योजना का लाभ देने के निर्देश दिया गया। ट्रायवल विभाग में महाविद्यालयीन छात्रों के छात्रवृति की समस्या पर प्रस्ताव राज्य सरकार के माध्यम से भारत सरकार को भेजने कहा गया। नवोदय विद्यालय केन्द्रीय विद्यालय एवं एकलव्य विद्यालय के संचालन और प्रगति की समीक्षा कर इस वर्ष सभी भवनों को पूर्ण कर कक्षाएं संचालित करने निर्देश दिया गया। संयुक्त सचिव ने ÷विकसित भारत संकल्प यात्रा÷ में आने वाली समस्याओं के निराकरण के लिए कन्ट्रोल रूम की स्थापना कर यथा समय समस्याओं को निराकरण करने निर्देश दिया जिन लोगों ने संकल्प लिया है उनकी एन्ट्री दैनिक रूप से हो इसे सूनिश्चित करने कहा गया। 26 जनवरी तक जिले के 100 ग्राम पंचायतों में विकसित भारत संकल्प यात्रा÷ का कार्यक्रम और शिविर आयोजित हो इस लक्ष्य को पूर्ण करने अधिकारियों को निर्देश दिए। समीक्षा बैठक में हर घर जल एवं सौर सुजला योजना के प्रगति की जानकारी लेकर इस कार्य को तेजी से पूर्ण करने के



## समाचार संक्षेप

### श्रीनिवास सचिव और ओम गुप्ता कोषाध्यक्ष चुने गए



**भैरमगढ 22 दिसंबर।** बीजापुर जिले के भैरमगढ़ के जनपद हाल में के पत्रकारों ने बैठक आयोजित कर प्रेस क्लब सह पत्रकार संघ भैरमगढ़ ब्लाक इकाई का गठन किया। इस दौरान जिला प्रेस क्लब बीजापुर के अध्यक्ष कमलेश पैंकरा, वरिष्ट पत्रकार मो. याकूब खान, मो. अय्यूब खान सहित ब्लाक मुख्यालय के अन्य भागों से आए पत्रकार मौजूद थे। प्रेस क्लब भैरमगढ़ ब्लॉक इकाई के सचिव श्रीनिवास झाड़ी ने बताया कि जिले से आए वरिष्ठ पत्रकारों की मौजूदगी में सर्वसम्मति से संरक्षक राजाराम गुप्ता, श्रीराम गुप्ता, अध्यक्ष एलांगा राव, उपाध्यक्ष नीरज गुप्ता, महा सचिव श्रीनिवास झाड़ी, सह सचिव निलेश कुमार पांडेय, कोषाध्यक्ष ओम प्रकाश गुप्ता, संगठन सचिव संतोष देवांगन, कार्यकारणी सदस्य गोपीराम गोंदे, संदीप हलदर , सीताराम मांझी, लच्छूराम मौर्या, सुनीता कुंवर चुने गए। नव निर्वाचित पदाधिकारियों को वरिष्ट पत्रकार याकूब खान ने बधाई देते हुए पत्रकार हितों के लिए एकजुट रहने तथा आपसी मनमुटाव खत्म करने की बात कही। नव निर्वाचित पदाधिकारियों को फूल माला पहना व मिष्ठान्न खिला कर सभा का समापन किया गया।

### लोकसभा सभापति की मिमिक्री मामले को लेकर भाजपा ने किया राहुल गांधी का पुतला दहन



**महासमुन्द 22 दिसंबर।** लोकसभा के संसद सत्र के दौरान विपक्षी सांसदों के हंगामे के बीच उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की मिमक्री किये जाने और कांग्रेसी सांसद राहुल गांधी द्वारा मिमक्री की वीडियो बनाने से आक्रोशित भाजपा कार्यकर्ताओं ने 21 दिसम्बर को स्थानीय बरोड़ा चौक में राहुल गांधी का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया । पुतला दहन के अवसर पर उपस्थित भाजपा जिला महामंत्री प्रदीप चन्द्राकर ने बताया कि लोकसभा सत्र के दौरान लगातार हंगामा कर तख्तियां दिखाकर नारेबाजी कर सदन की अवमानना कर रहे लगभग 150 सांसदों को शीतकालीन सत्र के दौरान सस्पेंड किया गया था। जिला महामंत्री प्रदीप ने बताया कि इस सत्र के दौरान टीएमसी सांसद कल्याण बैनर्जी ने उपराष्ट्रपति की नकल उतारते हुए मिमिक्री किया और इस मिमिक्री की कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने वीडियो शूट किया है जो उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति की गरिमा के विपरीत आचरण है और सदन की अवमानना है। भाजपा सहित एनडीए ने उपराष्ट्रपति की मिमक्री करने और उसे वीडियो शूट कर रिकार्ड करने का विरोध करते हुए राहुल गांधी का आज पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया है। पुतला दहन के दौरान भाजपा शहर मण्डल अध्यक्ष सतपाल सिंघ पाली,जिला मंत्री निरंजना शर्मा,किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष दुबेलाल साहू,देवीचन्द राठी,मुन्ना देवार, रमेश साहू,प्रकाश शर्मा,एम आर विश्वनाथन,गोपाल वर्मा,देवेंद्र चन्द्राकर,पार्वती साहू,सुजाता विश्वनाथन,अरविंद प्रहरे,लाल विजय सिंह देव,अमन वर्मा,नन्दू जलक्षत्री,सुनीता साहू,राजेश्वरी तिवारी,,महेंद्र सिका, हिमांशु चन्द्राकर, खुशाल ठाकुर,जतिन रूपरेला ,चंद्रिका चौबे,मधुसूदन सोनी,प्रीति सोनी,राजेश्वरी सिन्हा,कमल नारायण,रविन्द्र जैन,आयुष दुबे,सुरेश साहू,पलाश यादव,अमित साहू,आकाश पांडे, कौशल साहू,मिथलेश साहू,हर्ष गौतम,चंद्रशेखर बेलदार,सूर्य प्रताप, ध्रुव नायक,विनय ठाकुर,भुनेश्वर चौबे,भीखम ठाकुर,अभिनव चौबे,मकसूद खान,सहित शहर मण्डल के सभी प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा तालनार में बच्चों का उत्साह देख कर प्रभावित हुए भारत सरकार के संयुक्त सचिव

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बीजापुर 22 दिसम्बर।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत केन्द्र सरकार की योजनाओं से संबंधित प्रचार वाहन मोदी की गारंटी की गाड़ी गुरूवार को जिले से 65 किलोमीटर दूर ग्राम तालनार पहुंची तो ग्रामीणों में खासा उत्साह देखा गया। जहां बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक विकसित भारत संकल्प यात्रा में शामिल हुए। भैरमगढ़ के ग्राम पंचायत तालनार में आयोजित विकसित भारत संकल्प में बीजापुर जिले के लिए केन्द्र द्वारा नियुक्त जिला प्रभारी श्री ई श्रीनिवास संयुक्त सचिव डीपीआईआईटी (डिपार्टमेंट फॉर प्रमोशन आफ इंडस्ट्री एंड इंटरनल ट्रेड) सीईओ जिला पंचायत श्री रवि कुमार साहू, डिप्टी कलेक्टर श्री विकास सर्वे, वरिष्ठ नागरिक श्री लव कुमार रायडू, श्री दिनेश कुमार तेलम, चिन्ना राम तेलम, पार्वती कश्यप सहित जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ ही पंचायत पदाधिकारी तथा सैकड़ों की संख्या में ग्रामीणजन सम्मिलित हुए।

संयुक्त सचिव श्री निवास ने कार्यक्रम में राजस्व विभाग, कृषि विभाग, खाद्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, पशुधन विकास विभाग, सहकारी बैंक, ग्रामीण बैंक के द्वारा स्टॉल का अवलोकन कर पात्र हितग्राहियों को योजनाओं से लाभान्वित किये जाने के निर्देश अधिकारी-कर्मचारियों को दिए। इस मौके पर उपस्थित सैकड़ों लोगो ने आईईसी एलईडी वाहन से विकसित भारत संकल्प संदेश को तन्मयता से श्रवण किया। संकल्प यात्रा स्थल में पांडे मुर्गा स्कूल के बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की भी प्रस्तुति दी गई। तालनार में आयोजित कार्यक्रम में संयुक्त सचिव श्री ईश्रीनिवास ने उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के इस विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य भारत सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी से अवगत कराना है और इन योजनाओं से सभी पात्र लोगो को लाभान्वित करना है। उन्होने कहा रंगीला गीत धरती करे पुकार और छू लो आसमान गीत पर सांस्कृतिक प्रस्तुति करने वाले बच्चों को ऊर्जा से भरे हुए है। छत्तीसगढ़ के तालनार के बच्चे किसी से कम नहीं हैं। आने वाले दिनों में निश्चित रूप से यहां के बच्चे डाक्टर, इंजीनियर बनकर निकलेंगे इसलिए उनके परिजन को उन पर ध्यान देना होगा। संकल्प यात्रा कार्यक्रम स्टॉल में लगे हुए हैं जहां जाकर लोग योजनाओं की जानकारी ले और फार्म भरने के साथ केन्द्र सरकार की योजनाओं का लाभ उठायें। सीईओ जिला पंचायत रवि कुमार साहू, ने उपस्थित सभी ग्रामीणों को जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित होने के साथ ही अन्य लोगो को योजनाओं से लाभान्वित हुए हितग्राहियों को मेरी कहनी मेरी अनुभव साझा करने कहा जिससे अन्य पात्र लोगों को योजनाओं से लाभ लेने के लिए प्रेरणा मिल सके।

## साहेबजादो की याद मे मनाया गया वीर बाल दिवस

# जुल्म की दास्तां और बहादुरी की मिसाल थे गुरु गोविंद सिंह के पुत्र:हरजीत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**पत्थलगांव 22 दिसंबर।** सनातन धर्म की रक्षा के लिए आज से वर्षो पूर्व गुरू गोविंद सिंह के चार पुत्रो ने अपना बलिदान दे दिया था,जिसके कारण प्रत्येक वर्ष 20 दिसंबर से 27 दिसंबर तक साहेबजादो की याद मे वीर बाल दिवस मनाया जाता है। आज यहा के जयस्तंभ के समीप दीया जलाकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के दर्जनो युवको के साथ सिक्खो के पुरोहित एवं सिक्ख समाज के लोगो ने वीर बाल दिवस मनाया,इस मौके पर सर्व समाज के लोग भी मौजुद थे,सिक्ख समाज के वरिष्ठ हरजीत सिंह भाटिया ने बताया कि गुरू गोविंद सिंह के चार पुत्र जुल्म की दांस्ता के सामने बहादुरी की मिसाल थे,उन्होने सनातन धर्म की रक्षा करते हुये अपनी शहीदी दी थी,इस कारण सिक्ख समाज 20 से 27 दिसंबर तक प्रत्येक वर्ष बलिदानी सप्ताह मनाते है। उन्होने बताया कि साहेबजादे अजीत सिंह,जुझारू सिंह,जोरावर सिंह और फ्तेह सिंह ने अपनी जान जाते तक धर्म पर आंच नही आने दी। वे सिक्खो के दसवें गुरू गोविंद सिंह के पुत्र थे। उन्होने बताया कि खालसा पंथ की स्थापना के बाद मुगल शासको ने लगातार सनातन धर्म एवं हिंदुओ पर आक्रमण करना शुरू कर दिया था,जिसकी रक्षा के लिए गुरू गोविंद सिंह सामने आये थे,परंतु 1704 के दौरान मुगल सेना से युद्ध करने के लिए गुरू गोविंद सिंह ने आनंदपुर साहेब का किला छोड दिया था,सरसा नदी पर गुरू गोविंद सिंह का परिवार आपस मे बिछड गया,जिसका फायदा उनके ही एक सेवक ने बखुबी उठाया,उसने चंद सिक्को के आगे अपना ईमान बेचकर माता गुजरी एवं दो पुत्रो का पता वजीर खान को बता दिया। उन्होने माता गुजरी एवं दोनो पुत्रो को बंदी बनाकर सिर झुकाने के लिए कहा,परंतु जोरावर सिंह एवं फ्तेह सिंह ने अपना सिर अकाल पुरख और गुरू पिता के अलावा किसी के सामने ना झुकाने की बात कही। बाद मे उन दोनो पुत्रो को दीवार मे चुनवा दिया गया।

पाठयक्रम मे सिक्खो का पढाया जाये इतिहास-:अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष बजरंगलाल शर्मा ने शहीदी सप्ताह के कार्यक्रम मे कहा कि स्कूलो मे बच्चो के पाठयक्रम मे मुगलो का इतिहास पढाया जाता है,जिसे बदलकर सिक्खो का इतिहास पढाया जाना चाहिये। उनका कहना था कि सनातन धर्म की रक्षा के लिए सिक्खो के दसवें गुरू गोविंद सिंह के चार पुत्रो ने अपनी बलिदानी दी थी,जिसका इतिहास मे कही वर्णन नही पाया जाता,उनका कहना था कि गुरू गोविंद सिंह के दो पुत्र अजीत सिंह एवं जुझार सिंह ने युद्ध के दौरान मुगलो के दांत खटटे कर दिये थे,हिंदु धर्म की रक्षा के लिए वे अंतिम सांस तक लडते हुये अपनी शहीदी दी,जिसकी मिसाल आज भी लोग याद करते है।।

सिख और हिंदू धर्म की रक्षा के लिए कुर्बानी देने वाले चार साहिबजादों की याद में 21 से 27 दिसंबर का सप्ताह बलिदानी सप्ताह के तौर पर मनाया जाता है। साहिबजादा अजीत सिंह, जुझार सिंह, जोरावर सिंह और फ्तेह सिंह ने अपनी शहादत दे दी, लेकिन धर्म पर आंच नहीं आने दी,सिखों के दसवें गुरु श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के छोटे साहिबजादों बाबा जोराबर सिंह, बाबा फ्तेह सिंह और माता गुजरी जी की मानवता की रक्षा के लिए दी गई कुर्बानी को नमन करते हुए रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हर साल 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस मनाने की घोषणा की है। दशम गुरु श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के चारों साहिबजादों की शहादत इतिहास का ऐसा सुनहरा पन्ना है, जिसका उदाहरण बिरला ही मिलता है। धर्म की रक्षा के लिए गुरु गोबिंद सिंह जी ने अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। इस कारण उन्हें सरबंस दानी भी कहा गया। उनके चारों बेटों की याद में सिख बलिदानी सप्ताह यानी शहीदी दिहाड़ा मनाते हैं।

# जेबी स्कूल वार्षिकोत्सव में बच्चों ने दी मोहक प्रस्तुति

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा नेवरा, 22 दिसम्बर।** जेबी स्कूल में 16 दिसंबर को हर्षोल्लास के साथ वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथि डीआईजी पारुल माथुर, एसीबी, छत्तीसगढ़ पुलिस, वरिष्ठ भाजपा नेता, राम पंजवानी, ओमप्रकाश अग्रवाल, जेबी सोसाइटी चेयरमैन उमेश अग्रवाल, डायरेक्टर श्रीकांत अग्रवाल, प्रधानाचार्या ममता ऐरी एवं प्रमोदा परीदा द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बलौदा बाजार टंक राम वर्मा, भाजपा नेता अनिल अग्रवाल, भाजपा मंडल अध्यक्ष वरिष्ठ कांग्रेस नेता राम गिडलानी, उद्योगपति घनश्याम अग्रवाल, तिल्दा थाना प्रभारी मुकेश शर्मा आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में आए हुए मुख्य अतिथियों का स्वागत एवं सम्मान शॉल ओढ़ाकर एवं विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए उनके चित्र, स्मृति चिन्ह आदि भेंट कर किया गए।

विद्यालय के 650 बच्चों ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। सभी कार्यक्रमों में भारत की समृद्ध संस्कृति परंपरा और आधुनिकता का मिश्रण दर्शाया गया। शास्त्रीय से लेकर समकालीन तक विभिन्न शैलियों को आकर्षक प्रस्तुतियों के माध्यम से दिखाया गया।

**योगा डांस ने किया सभी को अचंभित :** कठिन योग मुद्राओं का सुंदर प्रदर्शन सभी के आकर्षण का केंद्र रहा। योग नृत्य में विद्यार्थियों ने परस्पर उत्तम तालमेल से योग की एक कठिन मुद्रा से दूसरी मुद्रा में सहजता से परिवर्तन किया और अपने लचीलेपन, शारीरिक संतुलन और नियंत्रण से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

प्री प्राइमरी के नन्हें मुन्ने बच्चों ने जंगल, परियों की दुनिया और गहरे पानी के अंदर जीवन की दुनिया की कल्पना को अपने सुंदर बालसुलभ प्रदर्शन से जीवंत किया। पृथ्वी और पर्यावरण को स्वच्छ बनाने, योग के माध्यम से शरीर को स्वस्थ बनाने, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं टेक्नोलॉजी के साथ स्मार्ट आधुनिक जीवन जैसे विषयों को नृत्य एवं नाट्य रूप द्वारा प्रस्तुत किया गया द्य हनुमान चालीसा नृत्य, छत्तीसगढ़ी नृत्य, सभी राज्यों की सांस्कृतिक विरासत विविधता, राम चरित जैसे मनमोहक प्रस्तुतियों के माध्यम से भारत की गंगा जमुनी संस्कृति का प्रदर्शन किया गया। भारत माता एवं गुरु को समर्पित कार्यक्रम सराहनीय थे।

कक्षा तीसरी के बच्चों ने भारत द्वारा त्र-20 की मेजबानी की प्रस्तुति द्वारा जानकारी दी। मेजबानी करते माननीय प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के रूप में बच्चे ने बलोदा बाज़ार विधायक टंक राम वर्मा को क्षेत्र का विकास करने की बात कही जिस पर सभी दर्शक हंस पड़े एवं बाद में विधायक महोदय ने अपने भाषण में उक्त नाट्य का जिक्र करते हुए कहा कि बलौदा बाजार क्षेत्रवासियों ने उन पर बहुत विश्वास किया है और वे क्षेत्र के विकास के लिए पुर्णतः संकल्पित होकर काम करेंगे।

प्रत्येक प्रदर्शन पर उपस्थित दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट से बच्चों की अथक मेहनत की सराहना कीछात्रों ने विज्ञान प्रदर्शनी के माध्यम से अपनी वैज्ञानिक अभिरुचि का भी प्रदर्शन किया। अटल टिंकरिंग लैब के सेंसर और विविध आधुनिकतम तकनीक पर आधारित बेहतरीन मॉडल बच्चों ने प्रदर्शित किए। सभी ने विद्यार्थियों की वैज्ञानिक रुचि की सराहना करते हुए उन्हें प्रोत्साहित किया।

छत्तीसगढ़ की झांकी एवं आयुर्वेद आधारित व्यंजनों के स्टॉल आकर्षण के केंद्र थे। सभी अतिथियों ने विद्यार्थियों की बहुआयामी रुचियों को प्रदर्शित करते विविध कार्यक्रमों की सराहना की। कक्षा आठवीं से बाहरवीं तक अकादमिक उपलब्धि हासिल करने वालों को नकद पुरस्कार देकर उन्हें प्रोत्साहित किया। बोर्ड परीक्षा में प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर क्रमशः 11000 एवं 5100 के पुरस्कार प्रदान किए गए। जे बी पैट्रान क्लब के अंतर्गत घनश्याम अग्रवाल, मनोज जैन, अशोक वाधवानी, अनिल अग्रवाल, डॉ डेविड मार्टिन, महेश अग्रवाल एवं जे बी सोसाइटी ने मिलकर एक लाख दस हजार रूपए की पुरुस्कार राशी बच्चों को प्रदान की गई।

अकादमिक के साथ खेल एवं विज्ञान में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले, सर्वाधिक उपस्थिति, स्वच्छ यूनिफॉर्म हेतु विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। लिटिल चैंप पुरस्कार इंटरनेशन स्कूल से लियाना निषाद यूकेजी एवं जेबीपीएस से मौर्या ध्रुव पीपी 2 को प्रदान किया गया।

**आइडियल स्टूडेंट का पुरस्कार:** तृप्ति देवांगन कक्षा 11 वीं एवं भूपेंद्र देवांगन कक्षा 10वीं को दिया गया। स्टूडेंट ऑफ द ईयर का पुरस्कार पलक अग्रवाल कक्षा 12वीं जे बी इंटरनेशनल स्कूल एवं अदिति वर्मा कक्षा 12वीं जे बी पब्लिक स्कूल को प्रदान किया गया। अटल टिंकरिंग वैज्ञानिक पुरस्कार अंश अग्रवाल, कक्षा 11 वीं, आर्टिस्ट ऑफ द ईयर पुरस्कार संजना साहू एवं रागिनी वर्मा कक्षा 10 वीं, स्पोर्ट्स अचीवर पुरस्कार ऋतिक तिवारी एवं सिद्धार्थ धीवर कक्षा 11वीं को प्रदान किया गया। सर्वोत्कृष्ट प्रदर्शन करने हेतु पुरस्कार जल हाउस को प्रदान किया गया। सर्वोत्कृष्ट उपस्थिति के लिए शिक्षिका अरुणा वर्मा इंटरनेशनल स्कूल एवं आकांक्षा तिवारी जे. बी. पब्लिक स्कूल को सम्मानित किया गया।





## मैं क्षेत्र के विकास के लिए संकल्पित होकर काम करूँगा : टंकराम

विधायक टंक राम वर्मा जी ने अपने संबोधन में समग्र विकास और जिम्मेदार नागरिकों को आकार देने में शिक्षा की भूमिका पर जोर दिया। अपने भाषण में उन्होंने कहा कि सफलता के लिए शिक्षा जरूरी है लेकिन साथ ही पूर्ण सफलता के लिए साथ नैतिक शिक्षा भी जरूरी है। शिक्षा से जीवन में काम के बेहतरीन अवसर मिल सकते हैं लेकिन संस्कार हीनता से काम से निकाल भी दिया जाता है। उन्होंने कहा कि अच्छा इंसान शैतान के परिवार में और बुरा इंसान देव के परिवार में पैदा हो सकता है लेकिन शिक्षा और संस्कार से उसका जीवन किसी भी दिशा में परिवर्तित हो सकता है द्य उन्होंने विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ अच्छे नैतिक मूल्यों को बनाए रखने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि गत वर्ष के वार्षिकोत्सव के बाद इस वर्ष भी विद्यालय परिवार ने उन्हें याद किया इसके लिए आभार व्यक्त करता हूँ द्य बलौदा बाजार क्षेत्रवासियों ने उन पर बहुत विश्वास किया है और वे क्षेत्र के विकास के लिए पुर्णतः संकल्पित होकर काम करेंगे। उन्होंने स्कूल के समग्र विकास की कामना की और इस अर्धशहरी क्षेत्र में अच्छे काम के लिए सभी शिक्षकों और जे. बी. परिवार की सराहना की समारोह में उत्कृष्ट अकादमिक प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र एवं ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया गया।

## मैंने सोचा ही नहीं था की तिल्दा-नेवरा में भी ऐसा बेहतरीन स्कूल होगा : पारुल

सम्मानित अतिथि पारुल माथुर, डीआइजी, रायपुर ने अपने संबोधन में कहा कि उन्होंने तिल्दा जैसे छोटे सुदूर क्षेत्र में ऐसे विद्यालय की कल्पना ही नहीं की थी। यहां के विद्यार्थियों में बेहतरीन व्यक्तित्व, बातचीत में संस्कार और शिष्टाचार, अंग्रेजी में प्रवाह दिखाई देता है जो रायपुर के बड़े स्कूलों से किसी तरह कम नहीं है। उन्होंने विद्यालय भवन, उपलब्ध शैक्षणिक सुविधाओं, शांत वातावरण, शिक्षा की गुणवत्ता, शिक्षकों की शिक्षण पद्धति, छात्रों के प्रदर्शन और स्कुल द्वारा उन्हें दिए जा रहे संस्कारों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा यहां ज्यादातर विद्यार्थियों की माताएं अधिकतम संख्या में समारोह में उत्सुकता से शामिल हुईं हैं। उन्होंने पालकों को लड़कियों की शिक्षा जारी रखने और उन्हें पूरा समर्थन देने के लिए प्रोत्साहित किया ताकि भविष्य में महिला सशक्तिकरण विकसित हो सके।

## एक नजर

### जिला प्रशासन ने दो कंपनियों से 75 लाख रुपए राजस्व की वसूली की

**बलौदाबाजार, 22 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर चंदन कुमार के नेतृत्व में राजस्व अधिकारियों द्वारा लगातार राजस्व संग्रह पर जोर दिया जा रहा है। जिसमें लंबित डायवर्सन शुल्क शासन के पक्ष में जमा कराने के लिए संबधित व्यक्तियों एवं संस्थानों को प्रेरित किया जा रहा है। इस तारतम्य में सिमगा अनुविभाग अंतर्गत दो संस्थानों द्वारा 15 वर्षो के लिए 76 लाख 28 हजार 110 रूपये डायवर्सन भू-भाटक शुल्क जमा कराया गया है। जिसमे अल्ट्राटेक हिरमी द्वारा 64 लाख 89 हजार 10 रूपये एवं अर्थस्टील द्वारा 11 लाख 39 हजार 100 रूपये शामिल है। इसी तरह अब तक जिले में 15 दिनों में ही अब तक 1 करोड़ 31 लाख 73 हजार रूपये डायवर्सन शुल्क जमा कराएं जा चुके है। जिसमें अनुविभाग बलौदबाजार द्वारा 34 लाख रूपये,भाटापारा 12 लाख रूपये, सिमगा 85 लाख रूपये एवं कसडोल द्वारा 73 हजार रूपये शामिल है।

### लेखा समाधान बैठक 28 दिसम्बर को

**बलौदाबाजार, 22 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** विधानसभा निर्वाचन 2023 अन्तर्गत परिणाम घोषणा के 26 वें दिन अभ्यर्थियों को अपने निर्वाचन व्यय की न्यूनोक्त राशि यदि कोई है के संबंध में लेखा समाधान का एक अवसर दिया जाना है। इस हेतु 28 दिसंम्बर 2023 को अपरान्ह 12 बजे से जिला पंचायत सभाकक्ष में बैठक आयोजित किया गया है। बैठक में सभी अभ्यर्थियों को उपास्थित होने का आग्रह किया गया है।

### जिला स्तरीय पंथी प्रतियोगिता 24 दिसंबर को, 22 तक आवेदन आमंत्रित

**बलौदाबाजार, 22 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** राज्य शासन द्वारा प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों में 18 दिसम्बर से 25 दिसम्बर के मध्य गुरू घासीदास जंयती सप्ताह के रूप में आयोजित की जायेगी। उक्त कार्यक्रम में जिला स्तर पर पंथी नृत्य का आयोजन किया जायेगा। जिसमे एक टीम का चयन कर राज्य स्तरीय आयोजन में चयनित दल को भाग लेने हेतु अवसर दिया जायेगा। राज्य स्तरीय कार्यक्रम में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार वितरण किया जायेगा। उक्त संबंध में जिले में गरिमामय एवं सादगीपूर्ण तरीके से 24 दिसम्बर 2023 को शास.पोस्ट मैट्रिक अनुसूचित जाति बालक छात्रावास बलौदाबाजार में कार्यक्रम आयोजित की जायेगी। प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु आवेदन से संबंधित अधिक जानकारी हेतु संयुक्त जिला कार्यालय कमरा नंबर 86, आदिवासी विकास बलौदाबाजार में 22 दिसम्बर 2023 तक आवेदन जमा कर सकते है।

## अवैध रेत परिवहन पर प्रशासन की बड़ी कार्रवाई

# 1 चेन माउंटेड पोकलेन सहित 9 हाईवा जब्त

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 22 दिसम्बर।** राज्य शासन के निर्देश पर जिले में अवैध रेत परिवहन के मामलों में तेज़ी से कार्रवाई की जा रही है। अवैध रेत खनन और भंडारण के विरुद्ध प्रशासन द्वारा सख्त कार्रवाई की गई। जिसमें 1 चेन माउंटेडपोकलेंड सहित 9 रेत से भरे हाईवा वाहन ज़ब्त किया गया हैं।

जिला खनिज अधिकारी के के बंजारे ने बताया कि देर रात 12 से 3 बजे के बीच खनिज विभाग द्वारा जिले के विभिन्न क्षेत्रों में अवैध उत्खनन परिवहन भंडारण के संबध में जांच की गई। जांच के दौरान लवन तहसील अंतर्गत ग्राम सुनसुनिया में महानदी क्षेत्र में हो रहे अवैध उत्खनन संलिप्त 1 चेन माउंटेडपोकलेंड मशीन टाटा हिताची चेचिस क्रमांक एसपी 21 62281 को जब्त कर सील कर दिया गया है। इसके साथ ही घाट के नजदीक 9 रेत से भरे हाईवा सीजी 09 जेएफ6935, सीजी 12 बीड़ी 6182, सीजी 22 डब्लू 2555, सीजी 22 डब्लू 2666 सीजी 22 वाय 8410, सीजी 09 जेक्यू 9988, सीजी 04पीबी 2398, सीजी 04 पीएफ8898 एवं सीजी 22 एक्स 3674 शामिल है। सभी जब्त वाहन नजदीकी थाना लवन को सुपुर्दगी में रखा गया है। यह सभी कार्रवाई छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम 2015 एवं एमएमडीआर एक्ट 1957 की धारा 21 से 23 के अंतर्गत किया गया है। इन वाहन मालिकों पर नियमानुसार जुर्माने की कार्रवाई की जा रही है। गौरतलब है की कलेक्टर चंदन कुमार ने जिले में रेत के अवैध कारोबार के मामले में अधिकारियों को कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश जारी किए हैं। अवैध रेत के भंडारण, अनुमति और उत्खनन, परिवहन के साथ-साथ रॉयल्टी पर्ची आदि सभी दस्तावेजों के परीक्षण करने के निर्देश भी दिए हैं। कुमार ने कहा है कि ऐसी कार्रवाईयां आगे भी जारी रहेंगी। अवैध रेत खनन व धंधा करने वालों पर प्रशासन की पैनी नजर है और ऐसे अवैध धंधे एवं परिवहन करते पकड़े जाने पर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी।



## सिमगा ब्लाक में भूमाफियाओं का बढ़ रहा आतंक:पप्पू अली

### भूमाफिया ग्रामीण क्षेत्रों में कर रहे अवैध प्लाटिंग

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सिमगा, 22 दिसम्बर।** सिमगा ब्लाक के पूंजीपति व पैसे वाले लोग अवैध प्लाट का कारोबार बेधड़क होकर कर रहे है, राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस इंटक प्रदेश अध्यक्ष पप्पू अली ने बताया की कम कीमत पर जमीन खरीदकर जमीन को टुकड़ो में बेच रहे है, वही कालोनी का निर्माण भी कर रहे है, राजनितिक पहुंच होने के कारण पूरे ब्लाक एवं आस-पास में भूमाफियाओं का आतंक फल फुल रहा है, जिसके कारण ग्रामीण क्षेत्रों में निवासरत किसानों को अपने जाल में फसांकर भूमाफिया अवैध प्लाटिंग करने में लगे है, सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार सिमगा विकासखण्ड के स्टेड हाइवे एवं नेशनल हाइवे सड़क में भूमाफियाओं ने अपनी नजरें गड़ा ली है, जिसमे प्रशासन के नियमों को ताक में रखकर नगर निवेश से बिना परमिशन और न ही रेरा का कोई मापदण्ड शामिल किए बिना धड़ल्ले से जगह जगह अवैध प्लाटिंग करने मे लगे हुए हैं जानकारी अनुसार भूमाफिया किसानों से औने पौने मे जमीन की खरीदी करके राजस्व विभाग के पटवारी से सेटिंग करके बेशकीमती जमीनों को अवैध प्लाटिंग करते हुए किसान साहित शासन को चुना लगाने में लगे हुए हैं वही अगर बात करे शासन स्तर पर इसकी जानकारी राजस्व विभाग के पटवारी व रेवेन्यू इंस्पेक्टर को रहती है, लेकिन भ्रस्टाचार के कारण इनके द्वारा भूमाहियाओ को पुरा समर्थन दिया जा रहा है जिसमे भूमाफियाओं का हौसला बुलंद हो गया है बता दें कि ग्राम पंचायत स्तर पर यदि वर्तमान में शासन स्तर से अवैध प्लाटिंग की जानकारी लिया जाता है या नगर पंचायत द्वारा बारीकी से क्षेत्रों का अवलोकन किया जाता है तो चौकाने वाले तथ्य सामने आ सकते है, वही नियम के विरुद्ध शासन को गुमराह करते हुए रजिस्ट्री भी करा लेते है, लेकिन सबसे बड़ी भूमिका इसमे हल्का पटवारी की है, जिसके द्वारा भूमाफियाओं से मोटी रकम वसूलकर प्लाटिंग के गोरधंधे में अपना सहयोग निभा रहे है।

## तलवार लेकर लोगों को डराने वाला गिरफ्तार

**बलौदाबाजार, 22 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक झा द्वारा जिला में आपराधिक आचरण वाले व्यक्तियों पर कार्यवाही करने हेतु निर्देश दिया गया है जिसके परिपालन में अति0 पुलिस अधीक्षक हरीश यादव एंव अनुविभागीय अधिकारी पुलिस भाटापारा आशीष अरोरा एवं थाना प्रभारी सुशांत लकड़ा के मार्गदर्शन में पुलिस सहायता केंद्र प्रभारी ईश्वर टोप्पो द्वारा ग्राम मोपका में आम लोगों को भयभीत करने के उद्देश्य से, तलवार लेकर घूमने वाले आरोपी के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही कर गिरफ्तार किया गया। प्रकरण का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि 20 दिसम्बर के रात्रि ग्राम मोपका मे गुरु घासीदास जयंती का कार्यक्रम आयोजित था, जिसमें कानून व्यवस्था हेतु पुलिस बल तैनात किया गया था। इसी दरम्यािन एक व्यक्ति को मोपका, पानी टंकी के पास, तलवार रखकर घूमते मिलने की सूचना मिलने पर मौके पर जाकर उक्त व्यक्ति को तलवार के साथ पकड़ा गया, जिसने पूछताछ में अपना नाम बाबूलाल सुमन पिता कृपाराम सुमन उम्र 40 वर्ष निवासी ग्राम भदौरा थाना मस्तूरी बिलासपुर का होना बताया। आरोपी का कृत्य आर्म्स एक्ट की धारा 25 का पाए जाने से अपराध क्र. 646/2023 पंजीकृत कर विवेचना में लिया गया।



## शिविर में 11 महिलाओं को दिया गया उज्जवला गैस कनेक्शन



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 22 दिसम्बर।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत ग्राम पंचायत रिसदामें आयोजित शिविर में स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में खाद्य विभाग द्वारा 11 महिलाओं को प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के तहत गैस कनेक्शन दिया गया। इनमें ग्राम रिसदा निवासी सीमा वर्मा, दीपा वर्मा, मंजीता बंजारे, दीपामाला धृतलहरे, हेमलता साहू, पिंजला साहू सहित अन्य हितग्राही शमिल है। इसके साथ ही सभी हितग्राहियों ने गैस कनेक्शन मिलने पर प्रशासन एवं राज्य सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया है।

## विकासखण्ड स्तर पर मनाया जायेगा सुशासन दिवस, कलेक्टर ने तैयारियों का लिया जायजा

# 1.77 लाख किसानों का 279 करोड़ से अधिक लंबित बोनस राशि का होगा भुगतान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 22 दिसम्बर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा किसान हितैषी लिए गए निर्णय के पश्चात् बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के किसानों को 25 दिसंबर को विकासखण्ड स्तर पर सुशासन दिवस मनाकर किसानों 2 वर्ष के बकाया बोनस राशि का भुगतान किया जायेगा। इसकी प्रारंभिक तैयारियां पूरी कर ली गई है। कलेक्टर चंदन कुमार ने आज तैयारियों का जायजा लेते हुए कार्यक्रम स्थल का चिन्हांकन, हितग्राहियों को सूचना सहित अन्य गतिविधियों का समय सीमा के भीतर पूर्ण करने के निर्देश दिए गए है। इसके तहत वर्ष 2014-15 के 87 हजार 115 एवं 2015-16 के 90 हजार किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य पर उपार्जित धान के लंबित बोनस राशि 2014-15 के लिए 137 करोड रूपये एवं 2016-17 के लिए 142 करोड़ रूपये का भुगतान किया जाएगा।

उक्त कार्यक्रम में सहकारिता विभाग, खाद्य विभाग, पंचायत, जिला सहकारी बैंक, सहकारी समितियों को जिम्मेदारी दी गई है। इसके साथ ही 25 दिसम्बर को भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बाजपेयी की जयंती को सुशासन दिवस के रूप में पूरे जिले में धूमधाम से मनाया जायेगा। इस दौरान ग्राम पंचायतों में स्थित अटल चौक में मल्यापर्ण एवं श्रध्दांजलि कार्यक्रम के साथ ही स्वच्छता अभियान का भी प्रारंभ करेंगें। इसके साथ नगरीय निकायों में सुबह विशेष स्वच्छता अभियान एवं अटल संध्या, काव्य पाठ, पेंटिंग प्रतियोगिता सहित अन्य गतिविधियों का आयोजन करने के निर्देश सभी संबंधित अधिकारियों को दिए है। उक्त बैठक में जिला पंचायत सीईओ नम्रता जैन, डीएफओ मयंक अग्रवाल, अपर कलेक्टर बीसी एक्का सहित विभागों के जिला अधिकारी गण उपस्थित रहे। लंबित बोनस राशि के संबंध में खाद्य अधिकारी विमल दुबे ने बताया कि जिले में खरीफ वर्ष 2014-15 में धान बेचने वाले कुल 87 हजार 115 किसानों से 4583587.80 क्विंटल धान की खरीदी की गई थी जिसका बोनस राशि 137 करोड़ 50 लाख रूपये है। इसी प्रकार खरीफवर्ष 2015-16 में धान बेचने वाले कुल 90 हजार 262 किसानों से 4737371.50 क्विंटल धान की खरीदी की गई थी। जिसका बोनस राशि 142 करोड़ 12 लाख रूपये भुगतान किसानों के खाते में सीधे समायोजन किया जाएगा। जिले में किसानों को ब्लॉक स्तर एवं समिति स्तर पर आयोजित कार्यक्रम के माध्यम से बोनस प्रमाण पत्र का वितरण किया जाएगा।किसानों को 300 रूपए प्रति क्विंटल की दर से बोनस का वितरण किया जाएगा।


## कार्यालय मुख्य अभियंता,

लो.नि.वि. राष्ट्रीय राजमार्ग परिक्षेत्र, रायपुर (छ.ग.)

दिनांक 15.12.2023

इस कार्यालय द्वारा निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | नि.आ.सू.क्र. दिनांक | सिस्टम आईडी क्र. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 25/CE/NH /TC/4 4-04/2023 (3rd Call) | 2023 MoRTH 785697-1 | One Time Improvement of Kanker City Portion (KM 132.600 to KM 136.000 KM 140.600 to KM 142.800) & Keshkal City/ Ghat Portion (KM 162.600 to KM 167.000) On NH-30in the State of Chhattisgarh Under EPC mode. | Rs. 14.42 Crore (i/c GST) |

**1. निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि दिनांक 30.12.2023 सुबह 11.00 बजे तक है।**

2. उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय (MORT&H'S) के ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eprocure.gov.in/eprocure/app से डाउनलोड की जा सकती है।

मुख्य अभियंता
लो.नि.वि. राष्ट्रीय राजमार्ग परिक्षेत्र,
रायपुर (छ.ग.)

जी-06530/8

## Public Works Department

Sector-19, North Block, Naya Raipur (C.G.)

E-Procurement Tender Notice

**E-mail :** tenders-pwd.cg@gov.in

**NIT No. 440 /TC/EinC/PWD/2023-24** **Dated 12.12.2023**

**The Engineer-in-Chief, Public Works Department** on behalf of **Governor of Chhattisgarh** invites **percentage rate bidson** electronic tendering system under **RCPLWERRP-III** in the district of **Rajnandgaon, Bijapur, Khairagarh-Chhuikhadan-Gandai, Mohla-Manpur-Ambagarh Chowki and Sukam** for construction of **07 Bridges and 01 road** with estimated cost amounting **Rs 2644.75 Lacs** including their maintenance for five years from the contractors registered with unified registration system (e-registration) in Chhattisgarh. Non registered bidders may submit bid; however the successful bidder must get registered in appropriate class under "Unified Registration System (e-Registration) of Chhattisgarh before signing the agreement.

The bid document shall be available to bidders online free of cost and should be submitted online e-procurement system of government of Chhattisgarh in **https://eproc.cgstate.gov.in.** Bids form will be available on the website from 19.12.2023 and may be submitted up to 17:00 Hrs. on 04.01.2024

For participating in bidding process, bidders are required to register in the above web-site with nominal fee of Rs 500/- to be paid online to service provider. For submission of the bids, the bidder is required to have a valid Digital Signature Certificate (DSC) from authorized certifying authorities.

The bidders are required to submit (a) original bid security in approved form and (b) original affidavit duly verified and notarized as per clause 4.4 B (a) (ii) and 4.4 B (c) to **Chief Engineer, Tender Cell, First Floor, NirmanBhawan, PWD, North Block, Sector-19, Naya Raipur (C.G.) 492-002** as per provisions of bid document through **Speed/ Registered post,** failing which the bids shall be declared non-responsive.

Detailed schedule of important dates may be seen on notice board of offices and also available on website ofPublic Works Departmenthttp://pwd.cg.nic.in

**Chief Engineer**
**(Central Tender Cell)**
**Office of Engineer-In-Chief**
**P.W.D. Nava Raipur Atal Nagar (C.G.)**

G-06523/5

# धान का भुगतान पंचायतों के माध्यम से करना कठिन

## खाद्य विभाग को बनानी होगी नई व्यवस्था

■ तरुण छत्तीसगढ़ (मुख्य नगर संवाददाता)



**रायपुर, 22 दिसम्बर।** राज्य सरकार ने प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान 31 सौ रुपए की दर से खरीदने की घोषणा कर दी है। अब इसका भुगतान पंचायतों के माध्यम से किया जाएगा जिसको लेकर खाद्य विभाग द्वारा नई व्यवस्था बनाने की कवायद की जा रही है। किसानों के अनुसार पंचायत में नकद भुगतान होने से अराजक स्थिति निर्मित होने की आशंका है।

किसानों के अनुसार नई सरकार ने धान खरीदी के पश्चात अब भुगतान के लिए नई व्यवस्था की है। सहकारी समितियों में धान बेचने के बाद भुगतान अब पंचायतों में नकद किया जाएगा। किसानों के अनुसार एक सहकारी समिति में 6 गांव आते हैं इस तरह किसानों की संख्या छः से अधिक होगी। इसका भुगतान करना अपने आप में काफी कठिन होगा। अपेक्स बैंक के अनुसार किसानों को भुगतान पांच सहकारी बैंकों के माध्यम से किया जाता है। आरटीजीएस के माध्यम से सीधे खाते में राशि पहुंच जाती है फिर किसान अपने खाते से पैसा निकाल लेते हैं। यह व्यवस्था सबसे सुरक्षित एवं आसान हैं।

किसानों के अनुसार सरकार के बदलते ही नई व्यवस्था लागू की जाएगी। यह कहना तो काफी सरल है लेकिन वास्तव में यह काम काफी कठिन है। अधिकारियों के अनुसार खाद्य विभाग को अब नई व्यवस्था करनी होगी जिसके अनुसार राज्य में खाद्य विभाग ही यह व्यवस्था बनाएगा। राज्य में धान खरीदी के लिए नोडल एजेंसी मार्कफेड है। वर्तमान में 30 जनवरी धान खरीदी की अंतिम तिथि है। जिन लोगों ने धान बेच दिया है उसका भुगतान हो रहा है। नए सिरे से भुगतान किस आधार पर किया जाएगा इसको लेकर संशय की स्थिति बनी हुई है। किसानों के अनुसार नकदी लाना-ले जाना पंचायत के अधिकारियों के लिए काफी कठिन काम होगा। वर्तमान में पंचायत विभाग के कर्मचारी किस तरह भुगतान करेंगे इसको लेकर खाद्य विभाग नई व्यवस्था बना रहा है। इस संबंध में अभी कोई आदेश नहीं आया है। राज्य में कुल पंजीकृत किसानों की संख्या 22 लाख से अधिक है। 1.30 लाख मीट्रिक टन धान खरीदा जाएगा।

## धान खरीदी को लेकर प्रदेश सरकार का ताजा आदेश क्रांतिकारी कदम : भाजपा



**रायपुर, 22 दिसम्बर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता और भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेश प्रभारी संदीप शर्मा ने चालू खरीफसत्र से किसानों से धान प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान 31सौ रुपए प्रति क्विंटल की दर से खरीदने का आदेश देने पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आभार माना है। शर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार ने धान खरीदी के लिए नवगठित विधानसभा के पहले ही सत्र में अनुपूरक बजट पेश किया है और अपने वादे के मुताबिक धान खरीदी करने पर भाजपा की प्रदेश सरकार पर 11, 800 करोड़ रुपए का अतिरिक्त भार पड़ेगा। भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेश प्रभारी शर्मा ने कहा कि किसानों के सर्वांगीण उन्नति की दिशा में यह एक क्रांतिकारी कदम है। इससे स्पष्ट होता है कि भाजपा जो कहती है, वह करती है। इस निर्णय से किसानों की उपज का दाना-दाना खरीदकर अन्न का सम्मान प्रदेश की भाजपा सरकार कर रही है। प्रदेश सरकार के इस आदेश के बाद अब किसानों को प्रति एकड़ 6, 300 रुपए का लाभ होगा। इतना ही नहीं, किसानों को उनकी उपज का पूरा भुगतान एकमुश्त होगा और किसानों को हर पंचायत भवन में बैंकों के नकदी आहरण काउंटर स्थापित कर बिना लम्बी कतारों के भुगतान प्रदान किया जाएगा। शर्मा ने कहा कि अब धान खरीदी से पहले ही बारदानों की उपलब्धता भी सुनिश्चित की जा रही है।

# कोरोना का नया वैरिएंट शासन के पास दवाइयों का पर्याप्त स्टॉक

■ नेजल स्प्रे सहित अन्य दवाइयों की आपूर्ति की जा रही

■ तरुण छत्तीसगढ़ (मुख्य नगर संवाददाता)



**रायपुर, 22 दिसम्बर।** कोरोना के नए वैरिएंट से निपटने के लिए छत्तीसगढ़ शासन के ड्रग कंट्रोलर ने दवाइयों की पर्याप्त व्यवस्था कर ली है। नया वैरिएंट आने से लोग दहशत में आ गए हैं। कई जगह आरटीपीसीआर टेस्ट कराए जाने के निर्देश दिए गए हैं। चिकित्सकों के अनुसार यह वैरिएंट हृदय रोगियों तथा दमा से पीड़ित लोगों के लिए काफी घातक सिद्ध हो सकता है।

प्रदेश के स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार इस समय नए वैरिएंट के आने से सभी मेडिकल कालेजों तथा जिला अस्पतालों को सतर्क रहने कहा गया है। कोरोना के लिए दवाइयां भी पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। चिकित्सकों के अनुसार यह वैरिएंट बूस्टर की तरह होगा। इसका कोई खास दुष्प्रभाव नहीं पड़ेगा। जिन लोगों दो से अधिक वैक्सीन लगवाई है उनकी प्रतिरोधक क्षमता ज्यादा है। चिकित्सकों के अनुसार मास्क लगाना जरूरी है। इसके अलावा कई प्रतिष्ठित कंपनियों की नेजल स्प्रे भी आ चुकी है। राज्य शासन के स्वास्थ्य विभाग के द्वारा इस समय सभी मेडिकल कालेज में ऑक्सीजन प्लांट तथा अन्य दवाइयों का स्टॉक रखने के निर्देश दिए गए हैं। डॉ. सुभाष मिश्रा ने लोगों से सभी ऐतिहातपूर्ण कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। ज्ञात रहे पूरे देश में कोरोना की दस्तक दिए जाने की बात लोग दहशत में आ गए हैं।

## एक नजर



**रायपुर, 22 दिसम्बर।** एआईसीसी महासचिव छत्तीसगढ़ प्रभारी कुमारी सैलजा ने नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत अभिनंदन किया।

### डागा कालेज का वार्षिकोत्सव 23 को

**रायपुर, 22 दिसम्बर।** श्रीमती प्रमिला गोकुलदास डागा कन्या महाविद्यालय, बाल आश्रम कचहरी चौक का वार्षिकोत्सव 23 दिसम्बर को मनाया जाएगा। मुख्य अतिथि रविवि के कुलपति प्रोफेसर सच्चिदानंद शुक्ल होंगे। अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष अजय तिवारी करेंगे। कार्यक्रम महाविद्यालय प्रारंगण में दोपहर एक बजे से प्रारंभ होगा।

### 25 को सुशासन दिवस पर किसानों को होगा 3716 करोड़ का बोनस भुगतान

**रायपुर, 22 दिसम्बर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी पर छत्तीसगढ़ सरकार ने तेजी से अमल करना शुरू कर दिया है। राज्य के 18 लाख से अधिक परिवारों को प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृति तथा किसानों से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान की 3100 रूपए में खरीदी के वादे पर अमल के बाद अब किसानों को दो साल का बकाया बोनस का भुगतान किए जाने की तैयारी जोरों से शुरू कर दी गई है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा है कि 25 दिसंबर को पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती राष्ट्रीय सुशासन दिवस के अवसर पर हम राज्य के किसानों को खरीफविपणन वर्ष 2014-15 एवं वर्ष 2015-16 की बकाया धान की बोनस राशि 3716 करोड़ 38 लाख 96 हजार रूपए का भुगतान करेंगे। गौरतलब है कि मोदी की गारंटी के रूप में राज्य के किसानों को दो वर्ष के बकाया भुगतान का वादा सरकार ने राज्य के किसानों से किया था। इस वादे को पूरा करने के लिए मुख्यमंत्री साय के निर्देश के परिपालन में कृषि विभाग द्वारा तैयारियां जोर-शोर से शुरू कर दी गई है। कृषि विभाग मंत्रालय द्वारा जारी आदेश के तहत किसानों से उक्त दोनों वर्षों में समर्थन मूल्य पर उपार्जित धान के एवज में प्रति क्विंटल के मान से 300 रूपए की दर से बोनस (धान उपार्जन प्रोत्साहन योजना) का भुगतान किया जाएगा। बोनस राशि के भुगतान का कार्यक्रम राज्य स्तर से लेकर विकासखंड स्तर पर 25 दिसंबर को किया जाएगा। मुख्यमंत्री श्री साय इस मौके पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से किसान भाईयों से संवाद करेंगे। विकासखंड स्तर पर आयोजित कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य लोगों द्वारा हितग्राही किसानों को धान उत्पादन प्रोत्साहन राशि का प्रमाण पत्र भी प्रदान किया जाएगा।

## 3 सीटों पर भाजपा ईसाई वोटों के कारण जीती

**रायपुर, 22 दिसम्बर।** सर्व आदि दल ने विधानसभा चुनाव में ग्यारह प्रत्याशी उतारे थे। पार्टी को पंजीयन 16 अक्टूबर को मिला, चुनाव चिन्ह नहीं मिला। मात्र तीन सप्ताह और शून्य अर्थव्यवस्था के बावजूद पार्टी का प्रदर्शन बहुत उत्साह जनक रहा। यह जानकारी अध्यक्ष अरुण पन्नालाल ने दी है। बस्तर क्षेत्र की 9 सीटों पर 80, 669 वोटों को प्रभावित किया तथा ग्यारह सीटों पर 1, 14, 286 मतदाताओं को परंपरागत वोटिंग से हटाया। सरगुजा क्षेत्र में इसाई समाज लामबंद हुआ है। अब तक इसाई समाज में आम सहमति से परम्परागत वोटिंग होती थी। 2023 के चुनाव में समाजिक चर्चाओं के बाद चर्च राजनीति से दूर रहा। सक्षम अगुओ की बातें स्वीकार्य रही। कांग्रेस पार्टी से इसाई समाज की नाराज़गी, लाशों को उखाड़ना, हत्याएँ, हमलें, धान लूट पर एफआईआर नहीं होना रहा। कांकेर में भाजपा +16 वोटों से जीती, जबकि सर्व आदि दल को 1, 506 मिले और कुल 4, 235 वोटों को प्रभावित हुए। केशकाल में भाजपा 5, 560 से जीती सर्व आदि दल का प्रभाव 5, 727 वोटों पर रहा। वहीं चित्रकूट में भाजपा 8, 370 से जीती तथा ईसाई समाज के 10, 398 परंपरागत वोट नहीं पड़े। सरगुजा क्षेत्र में सर्व आदि दल के प्रचार से इसाई समाज को परंपरागत वोटिंग से अलग रखा। बस्तर क्षेत्र कोंटा में कांग्रेस 1, 981 से जीती, वही भाजपा को 30, 795 मिले। सर्व आदि दल को 2, 881 मिले।



## धूल चेहरे पर जमी है और उमेश पटेल आईना पोंछने में लगे हैं : ठोकने

**रायपुर, 22 दिसम्बर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता नलिनीश ठोकने ने पूर्व मंत्री उमेश पटेल द्वारा विधानसभा में मीडिया को दिए गए बयान पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा की पांच वर्षों तक जिस मंत्री को नादान बच्चे की तरह गुमराह किया गया - उच्च शिक्षा मंत्री रहते उमेश पटेल अपने जिले में किरोड़ीमल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी की दशा नहीं सुधार सके। जहां 65 से अधिक कर्मचारियों को 20 महीने से वेतन नहीं मिला, बदहाली के कारण विद्यार्थी दाखिला नहीं लेते हैं। कर्मचारी आंदोलन पर रहे। नियमों को ताक पर रखकर कार्य किए गए, शहीद नंदकुमार पटेल यूनिवर्सिटी बनी लेकिन तीन साल बाद विश्वविद्यालय के लिए जमीन नहीं दिला पाए, पूर्व मंत्री उमेश पटेल को उनके गृह जिले के अफसरों ने कभी गंभीरता से नहीं लिया, स्वीकृति के बाद भी खरसिया शहर में रेलवे क्रासिंग पर ब्रिज नहीं बनवा पाए। रायगढ़ जिले के एकमात्र मंत्री रहते हुए उमेश पहले अपने कार्यकाल में कराए गए दो काम बता दें, फिर दूसरों पर आरोप लगाए अन्यथा स्वीकार करें की कांग्रेस के दिग्गजों ने उन्हें मासूम बच्चे की तरह गुमराह कर बहलाए फुसलाए रखा।

धरना



**रायपुर, 22 दिसम्बर। सांसदों के निलंबन के विरोध में आज राजीव गांधी चौक पर कांग्रेसियों ने धरना दिया।**

## रेलवे माल गोदाम श्रमिक यूनियन का विभिन्न मांगों पर मंथन

**रायपुर, 22 दिसम्बर।** भारतीय रेलवे माल गोदाम श्रमिक यूनियन द्वारा आयोजित और स्किल इंडिया, भारत सरकार द्वारा समर्थित, रेलवे गुड्स शेड वर्कर्स मंथन 2023 डॉ. अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर, नई दिल्ली में आयोजित किया गया था। सभी प्रकार के सरकारी लाभ की मांग को लेकर भारतीय रेलवे माल गोदाम श्रमिक यूनियन के लंबे संघर्ष के बाद सफलता मिलने से राष्ट्रीय स्तर पर इस महासम्मेलन मंथन 2023 का आयोजन किया गया। इस आयोजन को शुभकामनायें और समर्थन देते हुए उपस्थित थे भारत सरकार की माइनोरिटी अफेयर्स मंत्रालय के राज्य मंत्री जॉन बारला। साथ में उपस्थित थे मेंबर (फाइनेंस), प्रसार भारती और पूर्व चीफ लेबर कमीशनर (सेंट्रल) डी पी इस नेगी, श्रम एवं कल्याण की डी जी डब्ल्यू बिभाग से उप श्रम कल्याण आयुक्त निरंजन कुमार, उप महानिदेशक डॉ. ओंकार शर्मा, क्षेत्रीय श्रम आयुक्त (मुख्यालय) ओम प्रकाश सिंह, सहायक श्रम आयुक्त (मुख्यालय) कुमार अमृतेश, श्रम प्रवर्तन अधिकारी (मुख्यालय) डॉ. अब्दुल कादर, डिप्टी सीएलसी (नई दिल्ली) डॉ. आरजी मीना, डिप्टी सीएलसी (मुख्यालय) सुशील कुमार और रजिस्ट्रार-एनएचआरसी बृजवीर सिंह। भारतीय रेलवे माल गोदाम श्रमिक यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं भारत सरकार के खाद्य मंत्रालय की राज्य स्तरीय सलाहकार समिति के सदस्य, रेलवे जोन सलाहकार समिति के सदस्य, दूरसंचार सलाहकार समिति के सदस्य एवं सुप्रसिद्ध समाजसेवी डॉ. परिमल कांति मंडल, संगठन के उपाध्यक्ष इंदुशेखर चक्रवर्ती, केंद्रीय समिति के सदस्य और भारत के विभिन्न राज्यों के रेलवे माल गोदामों के श्रमिक प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## एकाउंटिंग फील्ड में टैली साफ्टवेयर की महत्वपूर्ण भूमिका

**रायपुर, 22 दिसम्बर।** छात्रों और प्रशिक्षणार्थियों को टैलीगुरू मनोज चावला ने एकाउंटिंग फील्ड में टैली साफ्टवेयर की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में अपने अनुभव साझा किये। कोर्स की बारिकियों और इससे जुड़कर अपने कैरियर को विस्तार देने के बारे में बताया। छात्रों और प्रशिक्षणार्थियों ने अपनी जिज्ञासा और झिझक टेलीगुरू के सामने रखे ओर इन्होंने इनका निदान किया। टैली सीखना उन लोगों के लिए और भी जरूरी हो जाता है, जो अपनी आगे की पढ़ाई को धन के अभाव में, दूरी के कारण या अन्य कारण से नहीं कर पाते हैं और आय तथा रोजगार को लेकर चिंतित रहते हैं। ऐसे सभी छात्रों के लिए टैली एक वरदान की तरह है जो उनके आसपास ही रोजगार सृजन करता है। उन्होंने बताया कि किस तरह छात्र-छात्राएं बेहद न्यूनतम फीस में इस कोर्स को पूर्ण करने पर आसानी से रोजगार पा सकता है। विद्यार्थियों को मिलने वाले लाभ और इस कोर्स से जुड़े सभी तरह की जानकारी से अवगत कराते हुए एक्सेल टैली के संचालक मनोज चावला ने बताया कि टैली प्रोफेशनल का कोर्स के उपरांत प्रशिक्षणार्थियों की राह आसान हो जाती है।

## हर किरदार चुनौतीपूर्णः नीलू



**रायपुर, 22 दिसम्बर।** छोटा पर्दा यानी टेलीविजन धारावाहिकों की दुनिया की 24 कैरेट कलाकार नीलू वाघेला एक बार फिर नए किरदार में अपने अभिनय का लोहा मनवाने कलर्स टीवी पर आ रहीं हैं। उल्लेखनीय बात है कि वे पहली बार निगेटिव रोल में आ रहीं हैं। कलर्स का नया शो मेरा बालम थानेदार में नीलू भवानी चुंदवात धमाकेदार भूमिका अदा कर रहीं हैं। तरुण छत्तीसगढ़ से चर्चा करते हुए नीलू ने बताया कि भवानी का किरदार तलवार की तरह है। दर्शक इस भूमिका में मेरा नया रूप देखेंगे। शो की कहानी में भवानी राजनीतिक महिला है। यह दिल्ली से जुड़ी राजस्थान की कहानी है। शो के हीरो तथा मेरे परिवार के बीच तकरार पर आधारित है यह सीरियल। इस तरह की कहानी पर पहली बार धारावाहिक का निर्माण किया गया है। यह एकदम नई स्क्रीप्ट है। इस शो में उम्र छुपाकर नाबालिग बच्चियों की शादी नहीं करने का दिया गया है। यह लोगों को जागरूक करने का प्रयास है। नीलू कहते हैं कि मुझे विश्वास है कि छोटी उम्र की बच्चियों की शादी को लेकर यह सीरियल लोगों की मानसिकता बदलेगा। ऐसी कुप्रथा को बंद करने जनजागरूकता बढ़ेगी। नीलू ने बताया कि हर किरदार चुनौतीपूर्ण होता है। मैं कोशिश कर रही हूं कि किरदार को नए तरीके से पेश करूं। दर्शकों की उम्मीदों में खरी उतरने का प्रयास करूंगी। नीलू ने बताया कि यह शो हकीकत में किसी घर की कहानी नजर आएगा। कोई न कोई परिवार खुद को इससे जुड़ा पाएगा। मेरा बालम थानेदार आम जनजीवन से उठाई गई कहानी है। हर एपिसोड के बाद दर्शकों में उत्सुकता रहेगी कि आगे क्या होगा। यहां यह बताना जरूरी है कि नीलू कमाल की नृत्यांगना है। वे टीवी पर्सनालिटी हैं। राजस्थानी सिनेमा में भी उनका योगदान है। दर्शक नीलू को धारावाहिक दीया और बाती, तू सूरज मैं सांझ, पिया जी में देख चुके हैं।




कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2021-23